* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

06 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 346


वर्ल्ड कप के पहले मैच में न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 9 विकेट से हराया









## तारा शाहदेव मामला : नेशनल शूटर को नौ साल बाद मिला इंसाफ

# रकीबुल को आजीवन कारावास

- मुश्ताक आलम को 15 और कौशल रानी को 10 साल की सजा
- रकीबुल ने रंजीत बन कर रचायी थी शादी, धर्म परिवर्तन का भी दवाब

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नेशनल शूटर तारा शाहदेव को नौ साल बाद इंसाफ मिला। रांची सीबीआइ कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने तारा शाहदेव को प्रताड़ित करने के तीनों दोषियों रकीबुल हसन उर्फ रंजीत कोहली, हाइकोर्ट के बर्खास्त पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) मुश्ताक अहमद और कोहली की मां कौशल रानी के खिलाफ सजा का एलान कर दिया है। सीबीआइ कोर्ट ने रंजीत कोहली को आइपीसी की धारा 120बी, 376, 323, 298, 506 और 496 में दोषी पाया है। वहीं कौशल्या रानी को आइपीसी की धारा 120बी, 298, 506 और 323 में दोषी पाया है। मुश्ताक अहमद को आइपीसी की धारा 120 बी और 298 में दोषी पाया गया है। रकीबुल को आजीवन कारावास की सजा दी गयी है। उस पर पचास हजार रुपये का जुर्माना भी लगा है। मुश्ताक को 15 साल सश्रम कारावास की सजा और पचास हजार जुर्माना लगाया गया। वहीं, कौशल रानी को 10 साल की सजा और पचास हजार का जुर्माना लगाया गया है।

(पेज 3 भी देखे)



### सभी को 30 सितंबर को दोषी करार दिया गया

कोर्ट ने इन तीनों को 30 सितंबर को दोषी करार दिया था, जिसके बाद से ये न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआइ की ओर से केस साबित करने के लिए कुल 26 गवाह पेश किये गये। उन गवाहों और सीबीआइ द्वारा पेश किये गये सबूतों के आधार पर कोर्ट ने रकीबुल हसन उर्फ रंजीत कोहली, मुश्ताक अहमद और कौशल रानी को दोषी करार दिया था। गौरलतब है कि 2 जुलाई 2018 को रकीबुल हसन उर्फ रंजीत कोहली, मुश्ताक अहमद और कौशल रानी के खिलाफ आरोप गठित किया गया था। रांची के हिंदपीढ़ी थाना में दर्ज प्राथमिकी 742/2014 को सीबीआइ ने वर्ष 2015 में टेक ओवर किया था। सीबीआइ की दिल्ली ब्रांच ने इस मामले में कांड संख्या आरसी / 9सी/15 दर्ज की थी।

### रकीबुल हसन पर मारपीट करने और धर्म परिवर्तन का था आरोप

रकीबुल हसन, मुश्ताक अहमद और कौशल रानी पर सोची-समझी साजिश के तहत तारा शाहदेव के साथ मारपीट करने, धर्म परिवर्तन के लिए प्रताड़ित करने और उसके साथ छेड़छाड़ करने का आरोप था, जो कोर्ट के फैसले के बाद अब प्रमाणित हो गया है। आरोपों के मुताबिक, 7 जुलाई 2014 को तारा शाहदेव और रकीबुल उर्फ रंजीत कोहली की शादी हिंदू रीति रिवाज के साथ हुई थी, लेकिन शादी के दूसरे दिन यानी 8 जुलाई को रकीबुल और मुश्ताक अहमद ने तारा को इस्लाम धर्म के मुताबिक निकाह करने और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव देना शुरू किया। शादी के कुछ दिनों बाद तारा जब मुश्ताक अहमद के घर इफ्तार पार्टी में गयी, तो उसने गलत नीयत से उसके साथ छेड़छाड़ की। सीबीआइ ने जो अहम गवाह कोर्ट में पेश किये, उसमें तारा शाहदेव, दिवंगत पूर्व मंत्री हाजी हुसैन अंसारी, काजी जान मोहम्मद, ब्लेयर अपार्टमेंट के निवासी, झारखंड पुलिस की तत्कालीन सब इंस्पेक्टर दीपिका कुमारी (जिन्होंने तारा को रेस्क्यू किया था), केस आइओ (जांच पदाधिकारी) हरीशचंद्र सिंह और सीबीआइ की केस आइओ सीमा पाहूजा शामिल थे। सीबीआइ की ओर से वरीय लोक अभियोजक प्रियांशु सिंह ने इस मामले में पक्ष रखा।

# 2014 से पहले घोटालों की हेडलाइन बनती थी : मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा-हमने कांग्रेस की भ्रष्ट व्यवस्था बदलने का अभियान छेड़ा, 11 करोड़ फर्जी नाम हटाये



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जयपुर/भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को राजस्थान और मध्यप्रदेश के दौरे पर थे। जबलपुर में उन्होंने 12,600 करोड़ से ज्यादा की लागत वाली योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस मौके पर मोदी ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस के घोटालों की हेडलाइन बनती थी। हमने कांग्रेस की भ्रष्ट व्यवस्था को बदलने का अभियान छेड़ा। 11 करोड़ फर्जी नाम हटाये, ताकि सही लोगों को पैसा पहुंच सके। ये वे नाम थे, जिनका जन्म ही नहीं हुआ था। ये दफ्तरों से खजाना लूटने बहाना बन गया था। ये मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की कुल आबादी से ज्यादा हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग (कांग्रेस) गुस्सा भी इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि इनकी दुकान बंद हो गयी। वे राजनीतिक दल, जितना सब कुछ लुट गया है, वे भाजापा को गाली देते-देते भारत को ही गाली देने लगे हैं।

प्रधानमंत्री ने राजस्थान के जोधपुर में मुख्यमंत्री गहलोत पर सरकारी कार्यक्रम में मौजूद ना रहने पर तंज कसते हुए कहा कि मैं सरकारी कार्यक्रम से आ रहा हूं, लेकिन वहां मुख्यमंत्री (अशोक गहलोत) गायब थे। क्योंकि उनको मोदी पर इतना भरोसा है कि मोदी आयेगा तो सब ठीक हो जायेगा। मैं भी उनको कहता हूं कि अब आप आराम कीजिये, हम संभाल लेंगे। पीएम ने जोधपुर में एयरपोर्ट की नयी टर्मिनल बिल्डिंग की आधारशिला रखी।। साथ ही जोधपुर आइआइटी देश को समर्पित किया। इस दौरान करीब 5 हजार करोड़ के स्वास्थ्य, शिक्षा, रेल और सड़क से जुड़ी योजनाओं का उद्घाटन किया।






## सीएम अधिकारीयों के साथ बैठक में भाग लेने गये दिल्ली

# गृहमंत्री नक्सल प्रभावित राज्यों की करेंगे समीक्षा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नक्सल समस्या को लेकर 6 अक्टूबर को झारखंड समेत नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। नक्सलियों के खिलाफ जारी अभियान और माओवाद प्रभावित इलाकों में किये जा रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। नक्सली गतिविधियों पर रोकथाम की जानकारी लेंगे और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करेंगे। इस बैठक में हिस्सा लेने के लिए गुरुवार को सीएम हेमंत सोरेन, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, गृह सचिव अविनाश कुमार और डीजीपी अजय कुमार सिंह दिल्ली गये।

**झारखंड में साढ़े पांच साल में 2500 नक्सली हुए गिरफ्तार :** झारखंड में साल 2018 से अगस्त 2023 तक 2500 नक्सली गिरफ्तार हुए हैं। इसके अलावा इस दौरान 99 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। 92 मुठभेड़ में मारे गये हैं।

**राज्य में वारदातों में कमी आयी :** झारखंड में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी, टीपीसी और पीएलएफआइ कमजोर पड़ रहे हैं। नक्सली वारदातों में कमी आयी है। झारखंड पुलिस के अनुसार, राज्य में अब कुछ ही माओवादी बचे हुए हैं। माओवादियों के खात्मे के लिए भारी संख्या में सुरक्षा बल लगे हुए हैं। राज्य में अब मात्र 91 माओवादी और उग्रवादी बचे हुए हैं। इन माओवादियों और उग्रवादियों के खात्मे के लिए सुरक्षाबलों की 86 कंपनियां लगी हुई हैं। झारखंड के आठ जिले माओवादियों की सक्रियता के लिहाज से अति माओवाद प्रभाव श्रेणी में हैं।

## मनीष सिसोदिया मामले में हाइकोर्ट ने की कड़ी टिप्पणी, कहा

# सबूतों की कड़ियां जुड़ नहीं रहीं, दलीलें सिर्फ अनुमान

कोर्ट ने पूछा सिसोदिया के खिलाफ सबूत कहां हैं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाले को लेकर गुरुवार को दो मामले कोर्ट पहुंचे। पहला मामला सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की जमानत से जुड़ा था। दूसरे मामले में आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी हुई। मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 12 अक्टूबर तय की। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने इडी से कहा कि सबूतों की कड़ियां एक-दूसरे से जुड़ नहीं रही हैं। आपकी दलीलें अनुमान पर आधारित हैं, जबकि यह सबूतों पर होनी चाहिए। कोर्ट ने इडी से सवाल किया कि सरकारी गवाह बने कारोबारी दिनेश अरोड़ा के बयान के अलावा सिसोदिया के खिलाफ सबूत कहां हैं। सिसोदिया को अगर पैसे मिले, तो किसने दिया और यह उन तक कैसे पहुंचा। पैसे देनेवाले बहुत सारे लोग हो सकते हैं। जरूरी नहीं कि यह शराब से जुड़ा हो। सबूत कहां हैं।

### इडी ने आप सांसद संजय सिंह की मांगी रिमांड



वहीं, शराब घोटाले में ही इडी ने दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में आप सांसद संजय सिंह की 10 दिन की रिमांड मांगी। एजेंसी ने कहा है कि हमें डिजिटल डेटा निकालना है। संजय को दूसरे लोगों के साथ बिठा कर पूछताछ करनी है। कोर्ट ने रिमांड पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। बता दें कि संजय सिंह को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में 4 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया है।






# जो लोग जिस समूह में जितने, उतना अधिकार उन्हें मिले : हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री ने जाति आधारित जनगणना को लेकर वर्ष 2021 से रखी थी मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि जातिगत जनगणना को लेकर 2021 से ही प्रयास किया जा रहा है। राज्यपाल को विधानसभा से पारित कर आरक्षण से संबंधित विधेयक भेज रखा है। सरकार का स्पष्ट मानना है कि जो जिस समूह में जितनी संख्या में हैं, उतना अधिकार उनको मिले। मुख्यमंत्री गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में मीडिया के सवाल का जवाब दे रहे थे।

**दो वर्ष पूर्व लिखा था पत्र :** मुख्यमंत्री ने सभी दलों की सहमति से दो वर्ष पहले जाति आधारित जनगणना के लिए प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर मांग की थी। दिल्ली में झारखंड के सर्वदलीय शिष्टमंडल के सदस्यों ने जाति आधारित जनगणना कराने की मांग पत्र गृहमंत्री को सितंबर 2021 में सौंपा था।

**वंचितों की बेहतरी एवं उत्थान संबंधित जरूरी:** मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से कहा था कि संविधान में सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के विकास के लिए विशेष सुविधा एवं आरक्षण की व्यवस्था की है। आजादी के बाद से आज तक की करायी गयी जनगणना में जातिगत आंकड़े नहीं रहने से विशेषकर पिछड़े वर्ग के लोगों को विशेष सुविधाएं पहुंचाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2021 में प्रस्तावित जनगणना में युगों-युगों से उत्पीड़ित, उपहासित, उपेक्षित और वंचित पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्गों की जातीय जनगणना नहीं कराने की सरकार द्वारा संसद में लिखित सूचना दी गयी जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। पिछड़े-अति पिछड़े वर्ग युगों से अपेक्षित प्रगति नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में यदि अब जातिगत जनगणना नहीं करायी जायेगी तो पिछड़ी व अति पिछड़ी जातियों की शैक्षणिक, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्थिति का ना तो सही आकलन हो सकेगा, ना ही उनकी बेहतरी व उत्थान संबंधित समुचित नीति निर्धारण हो पायेगा और ना ही उनकी संख्या के अनुपात में बजट का आवंटन हो पायेगा। मालूम हो कि आज से 90 वर्ष पूर्व जातिगत जनगणना वर्ष 1931 में की गयी थी। उसी के आधार पर मंडल कमिशन के द्वारा पिछड़े वर्गों को आरक्षण उपलब्ध कराने की अनुशंसा की गयी थी।

### भारत में आर्थिक विषमता का जाति से बहुत मजबूत संबंध है

मुख्यमंत्री ने पीम को पत्र में लिखा था कि भारत में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के लोगों ने सदियों से आर्थिक एवं सामाजिक पिछड़ेपन का दंश झेला है। आजादी के बाद विभिन्न वर्गों का विकास अलग-अलग गति से हुआ है। जिसके कारण अमीरों एवं गरीबों के बीच की खाई और बढ़ी है। भारत में आर्थिक विषमता का जाति से बहुत मजबूत संबंध है एवं सामान्यतया जो सामाजिक रूप से पिछड़े श्रेणी में आते है, वे आर्थिक तौर पर भी पिछड़े हुए हैं। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के नारों को अमलीजामा पहनाने की जमीनी पहल करना समय की मांग है। विकास का खाका तैयार करने की पहली शर्त होती है जमीनी हकीकत की जानकारी। इसके लिए जातिगत जनगणना सबसे कारगर माध्यम साबित होगा। जातिगत जनगणना कराने से ही समाज के सभी वर्गों को हिस्सेदारी के अनुपात में भागीदारी देना सुनिश्चित किया जा सकता है। इस मांग को समय की जरूरत समझी गयी है, इसलिए दल की दीवारें तोड़कर सब एक साथ केन्द्र से ये मांग कर रहे हैं कि जनगणना में सभी जातियों के राजनीति, आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्तर की जानकारियों को समावेश कर सार्वजनिक किया जाय। पिछड़ों और अति पिछड़ों को उनके जनसंख्या के अनुपात में हिस्सेदारी और भागीदारी नहीं मिल पा रही है। वजह है इनका सटीक जातीय आंकड़ा उपलब्ध न होना। ऐसी परिस्थिति में इन विषमताओं को दूर करने के लिए जातिगत आँकड़ों की नितांत आवश्यकता है।

### पत्र के माध्यम से बताये फायदे

मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से जाति आधारित जनगणना कराये जाने से देश के नीति-निर्धारण में कई तरह के फायदों को बताया। पत्र में लिखा था कि पिछड़े वर्ग के लोगों को आरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने में ये आकड़े सहायक सिद्ध होगें। नीति निमार्ताओं को पिछड़े वर्ग के लोगों के उत्थान के निमित्त बेहतर नीति-निर्धारण एवं क्रियान्वयन में आकड़े मदद करेंगे। ये आंकड़े आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विषमताओं को भी उजागर करेंगे एवं तत्पश्चात लोकतांत्रिक तरीके से इनका समाधान निकाला जा सकेगा। संविधान की धारा-340 में भी आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त करने के निमित्त आयोग बनाने का प्रावधान है। जातिगत जनगणना से संविधान के इस प्रावधान का भी अनुपालन सुनिश्चित हो सकेगा। लक्ष्य आधारित योजनाओं में सुयोग्य लाभुकों को शामिल करने तथा नहीं करने में होने वाली त्रुटियों को कम करने में भी यह सहायक सिद्ध होगी।

## न्यूज रील्स

### बंगाल, तमिलनाडु और तेलंगाना में आयकर छापे

कोलकाता/चेन्नई/हैदराबाद। भ्रष्टाचार से जुड़े अलग-अलग मामलों में सेंट्रल एजेंसियों ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) और आयकर विभाग (आइटी) ने पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और तेलंगाना में सत्ताधारी पार्टियों के सांसद और विधायकों के कई ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी की जद में आनेवाले नेताओं में ममता सरकार में मंत्री रथिन घोष, तमिलनाडु के डीएमके सांसद एस जगतरक्षकन और तेलंगाना में बीआरएस विधायक मागंती गोपीनाथ शामिल हैं। इसके अलावा बंगाल के ही एक नगर पालिका के पूर्व अधिकारी के घर पर भी रेड डाली जा रही है।

### ज्ञानवापी सर्वेक्षण पूरा करने को मिले 28 दिन

वाराणसी। वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर में सर्वेक्षण कार्य के लिए भारतीय पुरातत्व विभाग की टीम को 28 दिन का समय और मिल गया है। यह आदेश गुरुवार को एएसआइ टीम की ओर से एक्सटेंशन आवेदन पर सुनवाई के बाद जिला जज ने दिया। वहीं व्यासजी तहखाने पर अधिकार को दाखिल याचिका के मामलों में जिला जज 12 अक्टूबर को सुनवाई करेंगे।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 53,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 70,000 रु./प्रति किलो |



# राज्यों में क्यों कमजोर हो गया है भाजपा का संगठनात्मक ढांचा!

- तीन राज्यों में आसन्न चुनावी तैयारियों की स्थिति से मिल रहे कमजोरी के संकेत
- सत्ता के इर्द-गिर्द सिमट कर रह गयी हैं पार्टी की तमाम संगठनात्मक गतिविधियां
- राज्यों में मुख्यमंत्री सरकार के साथ ही हांकने लगे हैं संगठन को
- कब तक मोदी के जादू को भुनाती रहेगी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी

**आजाद सिपाही विशेष**

**दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा इन दिनों अजीब सी उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। अगले दो महीने में हिंदी पट्टी के तीन राज्यों, मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में होनेवाले विधानसभा चुनावों की तैयारियों को देखते हुए पार्टी की इस स्थिति को आसानी से महसूस किया जा सकता है। भाजपा इन तीनों राज्यों में रक्षात्मक मुद्रा में दिख रही है, जो उसके अब तक के इतिहास को देखते हुए अचरज पैदा कर रही है। एक तरफ अधिकांश सर्वेक्षण और जमीनी स्थिति भाजपा को परेशानी में डाल रहे हैं, तो दूसरी तरफ इन राज्यों में पार्टी के पास कोई दमदार नेतृत्व नहीं है। इन तीन राज्यों में ही नहीं, एकाध को छोड़ किसी भी प्रदेश में भाजपा का संगठन उतना आक्रामक नहीं रह गया है। यह बात उन राज्यों में तो एकदम स्पष्ट दिखती है, जहां भाजपा सत्ता में है। वैसे राज्यों में भाजपा का संगठन सत्ता के इर्द-गिर्द सिमट कर रह गया है। जहां पार्टी विपक्ष में है, वहां भी इसका कोई दमदार चेहरा सामने नहीं आ सका है। इन तीन राज्यों की चुनावी संभावनाओं की पृष्ठभूमि में यह सवाल बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है कि आखिर भाजपा का संगठन राज्यों में इतना कमजोर क्यों हो गया है। किन कारणों से भाजपा राज्यों में कमजोर हो रही है। साल 2014 में सत्ता में आने से पहले भाजपा सिर्फ सात राज्यों में सत्ता संभाल रही थी, लेकिन मार्च 2018 आते-आते वह 21 राज्यों में सरकार बनाने में सफल हो गयी। लेकिन 2023 के 10 महीने में स्थिति यह है कि भाजपा के हाथ से पहले झारखंड और फिर महाराष्ट्र निकल गये। बाद में महाराष्ट को राजनीतिक जोड़ तोड़ से पाल में किया। इसके बाद हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में पार्टी को सत्ता से बाहर होना पड़ा। आज भाजपा केवल 11 राज्यों में सत्ता में है। इतना ही नहीं, इन तीन चुनावी राज्यों में भी पार्टी ने पीएम नरेंद्र मोदी के नाम पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। इसका मुख्य कारण यह है कि पार्टी पीएम नरेंद्र मोदी के जादू पर पूरी तरह निर्भर हो गयी। राज्यों के नेताओं को लगा कि जब तक मोदी हैं, उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। अब भाजपा के लिए बड़ी चुनौती सामने है और उसके लिए 2024 से पहले इस कमजोरी पर ध्यान देना जरूरी हो गया है। भाजपा की इसी कमजोरी का आकलन कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के तौर पर प्रतिष्ठित हो चुके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी इस समय अजीब से द्वंद्व में फंसी हुई नजर आ रही है। अगले दो महीने में हिंदी पट्टी के तीन राज्यों, मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा का चुनाव है और वहां के सर्वेक्षण और जमीनी हालात भाजपा की की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर रहे हैं। इसी तरह अगले साल तेलंगाना और ओड़िशा के साथ त्रिपुरा में भी चुनाव होना है। उसके तुरंत बाद लोकसभा का चुनाव होगा। इन तमाम चुनावों के लिए भाजपा की तैयारियों को देख कर यह स्पष्ट नजर आने लगा है कि पार्टी बेहद रक्षात्मक मुद्रा में है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को सबसे अधिक चिंता अपनी राज्य इकाइयों की है, जिनके बारे में मिला फीडबैक बहुत उत्साहजनक नहीं है। इन राज्यों के अलावा लोकसभा चुनावों में एकजुट हो चुके विपक्ष के साथ सीधा मुकाबला करने के लिए भाजपा कितनी तैयार है, यह भी अहम सवाल है।

इस सियासी माहौल में यह सवाल बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है कि आखिर 2024 में लगातार तीसरी बार देश की सत्ता में वापस आने के लिए तैयार भाजपा का संगठन राज्यों में इतना कमजोर क्यों हो गया है। पार्टी की हालत यह है कि उसे सबसे लंबे समय तक सीएम रहनेवाले शिवराज सिंह चौहान तक को मध्यप्रदेश के अगले सीएम के रूप में प्रोजेक्ट करने से पीछे हटना पड़ा। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में तो खैर वह विपक्ष में है।

## क्या थी देश की सियासी तस्वीर

2018 और 2022 के बीच चार साल की अवधि में देश के 30 राज्यों में चुनाव हुए, यानी हर भारतीय राज्य में चुनाव हुआ (दिल्ली और पुड्डुचेरी में भी, क्योंकि वहां मुख्यमंत्री हैं)। हर चुनाव में भाजपा एक महत्वाकांक्षी 'मिशन' नंबर लेकर आती रही। यदि राज्य विधानसभा में एक सौ सीटें हैं, तो भाजपा चुनाव अभियान के दौरान 'मिशन 65+' या कुछ ऐसी ही संख्या की घोषणा करती है, जो यह संकेत देती है कि चुनाव में वह सभी का सूपड़ा साफ कर देगी। लेकिन भारतीय राजनीति में भाजपा के प्रभुत्व को देखते हुए यह सवाल बेहद अहम हो गया लगता है कि इन 30 चुनावों में से कितने चुनाव भाजपा ने पूर्व या बाद के सहयोगियों के बिना अपने स्वयं के स्पष्ट बहुमत या बलबूते पर जीते? इनमें से कितने राज्यों में ये महत्वाकांक्षी 'मिशन' सफल हुए? आंकड़ों के अनुसार पांच वर्षों में इन 30 में से भाजपा ने केवल सात राज्यों में अपने बूते पर जीत हासिल की। इनमें उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, मणिपुर, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश और गोवा शामिल हैं। इस सूची पर नजर दौड़ाने से साफ हो जाता है कि इन सात में से केवल दो बड़े राज्य हैं, जिनके पास संसद के निचले सदन लोकसभा में पर्याप्त सीटें हैं। इन पांच सालों में जहां भाजपा गठबंधन के साथ जीती या चुनाव के तुरंत बाद गठबंधन बनाया, वह एक बड़ी संख्या होनी चाहिए। लेकिन ऐसे केवल नौ राज्य हैं और उनमें से अधिकांश छोटे उत्तर पूर्वी राज्य हैं। उत्तर-पूर्व को वैसे भी केंद्र के साथ चलने की आदत है। ये नौ राज्य हैं हरियाणा, असम, सिक्किम, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, पुड्डुचेरी, बिहार और महाराष्ट्र। बिहार में भाजपा की सहयोगी पार्टी जदयू ने उसे छोड़ दिया है और महाराष्ट्र में सहयोगी शिवसेना ने चुनाव के बाद उसे छोड़ दिया था, हालांकि बाद में भाजपा ने शिवसेना के बागी गुट, जिसे अब असली शिवसेना की मान्यता मिल गयी है, के साथ मिल कर सरकार बना ली। मध्यप्रदेश और कर्नाटक में भाजपा ने राजनीतिक दांव-पेंच की मदद से सरकार बनायी थी, जहां 2023 में कर्नाटक उसके हाथ से निकल गयी वहीं मध्यप्रदेश में चुनाव हाना है। इसके विपरीत विपक्ष ने ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, पंजाब, झारखंड, आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, दिल्ली और हाल ही में हिमाचल प्रदेश जीता। इन 13 राज्यों में से झारखंड को छोड़ कर एकदलीय बहुमत है, जिनमें से अधिकांश बड़े राज्य हैं। मध्यप्रदेश में बाद में भाजपा ने सत्ता हासिल कर ली।



## भाजपा की संगठनात्मक स्थिति

अब राज्यों में भाजपा की संगठनात्मक स्थिति पर नजर डालते हैं। जिन राज्यों में भाजपा सत्ता में है, वहां पार्टी संगठन पूरी तरह सत्ता के इर्द-गिर्द सिमट कर रह गया है। यहां तक कि इन राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष भी ऐसे हैं, जिनकी पहचान उनके अपने राज्य में भी नहीं है। झारखंड जैसे राज्य इसके अपवाद हैं। इन राज्यों में भाजपा संगठन केवल पोस्ट ऑफिस बन कर रह गया है। उसके पास न कोई राजनीतिक कार्यक्रम है और न ही किसी आंदोलन में शामिल होने का माद्दा। पार्टी संगठन इन राज्यों में या तो वहां के सीएम या फिर पीएम मोदी के नाम से चल रहा है और इन दो नेताओं द्वारा दिखाये गये रास्ते पर चल रहा है। जिन राज्यों में भाजपा विपक्ष में है, वहां भी संगठन लगभग निष्क्रिय है। झारखंड शायद अकेला ऐसा राज्य है, जहां भाजपा के भीतर हचलच दिखायी पड़ रही है। बाकी बिहार हो या पश्चिम बंगाल, ओड़िशा हो या राजस्थान, पार्टी की प्रदेश इकाइयां एकदम निष्क्रिय हैं।

## भाजपा की कमजोरी के कारण

यूपी, असम और गुजरात के बाहर राज्यों के चुनावों को एकतरफा बनाने में भाजपा की अक्षमता भी सवाल उठाती है। अगर आंकड़ों पर गौर करें, तो साल 2014 में जब भाजपा बहुमत के साथ सत्ता में आयी थी, तो उसी के साथ राज्यों में भी उसने बेहतर प्रदर्शन किया था। इसकी एक बड़ी वजह यह मानी जा सकती है कि लोकसभा चुनाव में जीत के बाद भाजपा पूरे देश का माहौल बदलने में कामयाब रही थी। मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व ने इसमें बड़ी भूमिका अदा की थी। फिर साल 2019 के आम चुनावों में पार्टी और ज्यादा सीटों के साथ सत्ता में आयी, लेकिन इन चुनावों के महज छह महीने के बाद जो विधानसभा चुनाव हुए, उसमें पार्टी पहले जैसा प्रदर्शन करने में नाकामयाब रही। इसके पीछे कारण यही रहा कि राज्यों में भी पार्टी मोदी के जादुई व्यक्तित्व को भुनाने में लग गयी। इसका परिणाम यह हुआ कि पार्टी में दूसरी पंक्ति के नेताओं का अभाव होने लगा। योगी आदित्यनाथ, पुष्कर सिंह धामी और हिमंत बिस्वा सरमा को छोड़ भाजपा का कोई भी मुख्यमंत्री इस स्थिति में नहीं रह गया कि राज्य के लोगों को अपनी उपलब्धि बता सके। भाजपा को समझना होगा कि अब मतदाता देश और राज्य के आधार पर अलग-अलग सोच कर वोट करता है। वह वोट करने से पहले सोचता है कि वह राज्य की सरकार चुन रहा है या फिर केंद्र की सरकार। अगर इस बात को और बेहतर तरीके से समझना है, तो साल 2019 में ओड़िशा में हुए चुनाव को ही उदाहरण मान लें। एक ही दिन विधानसभा के भी चुनाव हुए और उसी दिन लोकसभा के भी, लेकिन जनता ने राज्य सरकार के लिए बीजू जनता दल को चुना और केंद्र में सत्ता के लिए भाजपा को। इसलिए अब भाजपा को सोचना होगा कि हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में होनेवाले चुनाव और उसके बाद लोकसभा चुनाव के दौरान उसकी रणनीति क्या होनी चाहिए। पार्टी हर चुनाव में यदि मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व को ही सामने रखेगी, तो फिर लोग उसमें दाग भी खोजने लगेंगे और तब भाजपा को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

# राजनीतिक हलचल

## आप सांसद की गिरफ्तारी के बाद क्या आइएनडीआइए गठबंधन में दबाव बना पायेगी आप या अन्य पार्टियां

आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह की गिरफ्तारी के साथ कयास सबसे ज्यादा इसी बात के लगाये जा रहे हैं कि आइएनडीआइए गठबंधन की मजबूती और ज्यादा हो जायेगी। सियासी जानकारों का कहना है कि इडी की ओर से की गयी इस गिरफ्तारी के बाद गठबंधन में किसी भी तरह की शर्तों का फॉर्मूला भी दबाव बनाने के लिए नहीं लगाया जा सकेगा। पहले चर्चा इसी बात की हो रही थी कि गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर आम आदमी पार्टी कांग्रेस पर दबाव बन रही है। ठीक इसी तरह कुछ अन्य राज्यों में भी सीटों के बंटवारे को लेकर दबाव की राजनीति बनायी जा रही थी। दरअसल सियासी जानकारों का कहना है कि जिस तरह से सरकारी एजेंसियों का शिकंजा विपक्षी पार्टियों पर लगातार कस रहा है, उससे इन दलों के बीच में आपसी मजबूती भी बढ़ रही है। जानकारों की मानें तो संजय सिंह का गिरफ्तार होना सियासी तौर पर तो आम आदमी पार्टी के लिए बड़ा झटका है। लेकिन राजनीतिक रूप से गठबंधन को मजबूती देने के लिहाज से यह घटनाक्रम बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विश्लेषकों की मानें तो जिस तरीके से जांच एजेंसियों के निशाने पर विपक्षी नेता लगातार बने हुए हैं, उससे गठबंधन में मजबूती से लड़ने की ताकत भी बढ़ रही है। जिस तरीके से आने वाले लोकसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच में अंदरूनी तौर पर और खुले तौर पर भी तनातनी का माहौल बना है, उसमें बहुत हद तक अब सब कुछ सामान्य हो सकता है। इसमें पंजाब में आनेवाली लोकसभा की सीटें और दिल्ली में लोकसभा सीटों के बीच में सबसे ज्यादा पेंच फंसा हुआ है। इसी तरह पश्चिम बंगाल में लेफ्ट और तृणमूल कांग्रेस के बीच में सीटों का पेंच फंसा हुआ है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच में सीटों को लेकर के सियासी खींचतान मची हुई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि केंद्रीय एजेंसियों की ओर से विपक्षी दलों को दिये जा रहे नोटिस और हो रही गिरफ्तारी पर अब सभी सियासी दल एकजुट हो रहे हैं। इसी एकजुटता में गठबंधन में ज्यादातर राजनीतिक दलों की कोशिश यही है कि सीटों के फॉर्मूले पर बेवजह उलझने से ज्यादा बेहतर है कि वह एक समझौते के तहत गठबंधन का एक प्रत्याशी ही सियासी मैदान में उतारे। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह की गिरफ्तारी के साथ पार्टी की रणनीति को बहुत बड़ा झटका लगा है। दरअसल राज्यसभा सांसद संजय सिंह विपक्षी दलों के गठबंधन समूह आइएनडीआइए की कैंपेन कमिटी के सदस्य भी हैं। अब जब संजय सिंह की गिरफ्तारी हो चुकी है, तो बड़ा सवाल यह उठना है कि आखिर उस कैंपेन कमिटी में आम आदमी पार्टी की ओर से सियासी तौर पर कौन बड़ी सहभागिता निभायेगा। सियासी गलियारों में कहा यही जा रहा है कि अगर संजय सिंह को जमानत नहीं मिली, तो आम आदमी पार्टी को अपनी इन महत्वपूर्ण कमेटी से लेकर गठबंधन समूह में किसी अन्य बड़े नेता को बड़ा चेहरा बना कर भी उतारना होगा। न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की दशा में अब संजय सिंह के रिप्लेसमेंट के तौर पर वह नया नाम राघव चड्ढा का होगा या किसी अन्य नेता का, इसको लेकर आम आदमी पार्टी को फैसला लेना होगा।

## जोधपुर जब दंगों की आग में जल रहा था तब सीएम गहलोत क्या कर रहे थे : मोदी

राजस्थान में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी एक्टिव मोड में है। पीएम मोदी ने इसी सिलसिले में गुरुवार को जोधपुर में जनसभा की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जम कर निशाना भी साधा। मोदी ने कहा कि चुनाव के समय बेरोजगारी भत्ते का वादा करने वाली कांग्रेस ने यहां के युवाओं को पेपर लीक माफिया के हवाले कर दिया। ऐसे हर पेपर लीक माफिया के खिलाफ भाजपा सरकार सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। पीएम ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि आज मैंने जोधपुर में विकास के अनेक कार्यक्रमों का शिलान्यास किया, लेकिन मुख्यमंत्री गायब थे, क्योंकि उन्हें भरोसा है कि मोदी आयेगा तो सब ठीक हो जायेगा। मैं भी उन्हें कहता हूं कि आप विश्राम कीजिए अब हम संभाल लेंगे।



### मोदी ने किया लाल डायरी का जिक्र

मोदी ने रैली के दौरान चर्चित लाल डायरी का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा कि आप सबने लाल डायरी के बारे में सुना है। लोग कहते हैं कि कांग्रेस के करप्शन की हर काली करतूत इस लाल डायरी में दर्ज हैं। अगर आप चाहते हैं कि इस लाल डायरी का राज सामने आये, तो आपको यहां भाजपा सरकार बनाना जरूरी है।

### भ्रष्टाचार और दंगों के मामले में राजस्थान टॉप पर

मोदी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार अपनी तरफ से राजस्थान के विकास के लिए हर कोशिश कर रही है, लेकिन यहां की स्थिति देख कर दुख होता है। पिछले पांच साल में कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और दंगों के मामले में राजस्थान को टॉप पर पहुंचा दिया है। कांग्रेस ने महिलाओं और दलितों के विरुद्ध अत्याचार के मामले में राजस्थान को नंबर 1 बना दिया है। कांग्रेस ने नशे के कारोबार को कैसे खुली छूट दे रखी है, वह भी राजस्थान का बच्चा-बच्चा जानता है। पीएम मोदी ने कहा कि जब कानून-व्यवस्था की ऐसी हालत हो तो निवेश नहीं होता और कारोबार बर्बाद हो जाता है, लेकिन कांग्रेस सरकार को राजस्थान की भलाई से ज्यादा अपना वोट बैंक प्यारा है। जब जोधपुर दंगों में जल रहा था, तब मुख्यमंत्री क्या कर रहे थे? जब यहां हिंसा भड़की और निर्दोष लोग मारे गये, तब कांग्रेस नेता क्या कर रहे थे। क्या कांग्रेस की पहली और आखिरी नीति सिर्फ तुष्टिकरण है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
189200 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.8 °c | 22.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.34 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.42 बजे |



# कोई रकीबुल हसन तारा शाहदेव को सारा परवीन नहीं बना सकता : तारा शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** तारा शाहदेव प्रकरण में फैसला आने के बाद तारा शाहदेव ने कहा कि उन्हें कानून पर पूरा भरोसा था और ये साबित हो गया। इसमें मेरे परिवार, समाज और मीडिया ने पूरा साथ दिया और मैं उनका आभार व्यक्त करती हूं। तारा शाहदेव ने कहा कि ये 9 साल की लड़ाई थी और इस पूरी लड़ाई में मैंने कई दौर देखे। आठ महीने तक लगातार स्टेटमेंट रिकार्ड करवाया। रोज लगता था कि ये लड़ाई नहीं लड़ पाऊंगी, लेकिन घर वालों ने मुझे ताकत दी। शादी के बाद पति ने भी मेरा पूरा साथ दिया। रकीबुल हसन कहता था कि तुम्हें न्याय नहीं मिलेगा और तुम कहीं की नहीं रहोगी, लेकिन मुझे न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा था और मुझे लगता था कि ये इंसान जैसा बोल रहा है, हमारी न्याय व्यवस्था उतनी कमजोर नहीं है और आज उसे सजा मिलने के बाद ये सिद्ध हो गया। साथ ही संजीव राजपूत के रूप में मुझे पति भी मिला, जिसने मेरा पूरा साथ दिया।



## मेरी लड़ाई सिर्फ एक रकीबुल हसन से नहीं

तारा शाहदेव की शादी 7 जुलाई 2014 को हुई थी और रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल हसन ने 8 जुलाई से ही तारा पर इस्लाम कुबूल करने का दबाव डालना शुरू किया और उसे प्रताड़ित किया गया। 40 दिनों की प्रताड़ना के बाद वे उस घर से बाहर निकलीं और इस बात को दुनिया के सामने रखा और रिपोर्ट दर्ज कराया। तारा शाहदेव बताती हैं कि एक खिलाड़ी होने के नाते मैंने लड़ना सीखा है और कोई मुझे गुमनामी की मौत नहीं दे सकता था। मैं तारा शाहदेव एक शूटर हूं, ये मेरी पहचान है और कोई रकीबुल हसन तारा शाहदेव को सारा परवीन नहीं बना सकता। मेरी पहचान नहीं मिटा सकता। मेरी लड़ाई सिर्फ एक रकीबुल हसन से नहीं बल्कि ऐसी विचारधारा से है।

### फैसले से आनेवाली पीढ़ियों को सबक मिलेगा

तारा शाहदेव ने लव जिहाद में फंसने वाली लड़कियों से अपील की है कि वे हिम्मत दिखायें और अपने को मजबूत करें, क्योंकि यह लड़ाई उन्हें ही लड़नी है। इसमें परिवार और समाज का भी सहयोग मिलेगा। तारा शाहदेव के पति जो खुद अर्जुन अवार्ड विजेता और राष्ट्रीय शूटिंग टीम के कोच रह चुके हैं, ने भी इस फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि तारा एक बहुत अच्छी लड़की है। इसके साथ बहुत गलत हुआ, लेकिन अब न्याय मिल गया है। इस फैसले से आनी वाली पीढ़ियों को सबक मिलेगा और ऐसी बहनों को, जो इस तरह के जाल में फंस चुकी हैं, उन्हें लड़ने की हिम्मत मिलेगी।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिस्थिति में सुधार, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता, धनलाभ, शुभ समाचार मिलेगा।

**वृष** प्रेम प्रसंग में सफलता,विरोधियों पर विजय,पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

**मिथुन** व्यावसायिक स्थिति में निरन्तर मजबूती बढेगी,शत्रु पराभूत होंगे।

**कर्क** राजनीतिक लाभ, अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे मानसिक परेशानियों में कमी होगी।

**सिंह** धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे, गृह-भूमि-वाहन का सुख, आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे।

**कन्या** संतानपक्ष से हर्षदायक समाचार की प्राप्ति होगी, इच्छित कार्य में सफलता, मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला** कानूनी उलझनों से छुटकारा, रोग-शोक-दु:श्चिन्ताओं से मुक्ति मिलेगी।

**वृश्चिक** जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेगी, चल-अचल सम्पत्ति से लाभ होगा।

**धनु** सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे, गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा।

**मकर** कामकाज की स्थिति बेहतर होगी, परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे।

**कुंभ** जमीन-मकान, आवास, वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा, राजकीय उलझने दूर होगी।

**मीन** कार्य की अधिकता, रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा।

## त्रिस्तरीय ग्राम पंचायतों पर मेहरबान हुई सरकार

# 24 ग्राम पंचायतों को 10 लाख का पुरस्कार

कैबिनेट की बैठक में 32 प्रस्तावों पर लगी मुहर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार त्रिस्तरीय ग्राम पंचायतों पर मेहरबान हुई। मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार योजना के तहत ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत करने के प्रस्ताव पर सहमति दी गयी। यह पुरस्कार विभिन्न स्तर पर चार लाख से लेकर 20 लाख रुपये तक है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 32 प्रस्तावों पर मुहर लगी।

**ग्राम पंचायत, प्रखंड पंचायत और जिला परिषद को पुरस्कार:** कैबिनेट से प्रस्ताव पर लगी मुहर के अनुसार 24 ग्राम पंचायतों को 10 लाख रुपये और पांच प्रखंड पंचायतों को 15 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जायेगा। वहीं दो जिला परिषद को 20 लाख रुपये की राशि देने पर सहमति दी गयी है। पंचायतों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छ प्रोत्साहन पुरस्कार भी मिलेगा। इसके तहत 24 पंचायतों को 10 लाख, प्रखंड पंचायत को 15 लाख और जिला परिषद को 20 लाख रुपये मिलेंगे। उत्कृष्ट ग्राम सभा पुरस्कार योजना के तहत 48 ग्राम सभा को चार-चार लाख रुपये उत्कृष्ट कार्य के लिये दिये जायेंगे।



### लोहरदगा हिंसा प्रभावितों को मिलेगा मुआवजा

लोहरदगा में हुई हिंसा से प्रभावित लोगों को मुआवजा देने का निर्णय लिया है। जिला में 23 जनवरी 2020 को हिंसा हुई थी। सरकार ने 91 परिवारों के चल अचल संपत्ति के नुकसान के बदले 51 लाख रुपये अधिक मुआवजा भुगतान देने की स्वीकृति दी। इसके साथ ही सरकार ने प्रशासनिक अधिकारियों के प्रशिक्षण का खाका तैयार किया है। इसे झारखंड राज्य प्रशिक्षण नीति 2023 कहा है। वहीं कैदियों को राज्य के ओपन जेल में शिफ्ट करने के जो नियम हैं, उन्हें सरल बनाया गया है। इसे स्वीकृति दी गयी। इसके साथ ही पुलिस महानिदेशक कार्यालय की सूची के अनुसार उन्हें ओपन जेल में शिफ्ट करने को स्वीकृति दी गयी।

### राज्य में कई थानों का होगा निर्माण

कैबिनेट की बैठक में सरकार ने कई जगहों पर थाना बनाने का निर्णय लिया है। ये थाने रांची के विधानसभा, साहिबगंज में गंगा नदी थाना, बोकारो में चीराचास थाना, चाइबासा में कोरिया थाना होगा। वहीं रांची में चामा और जलगा ओपी खोले जायेंगे। रांची में राहे को उत्क्रमित कर थाना बनाया गया।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- झारखंड राज्य कर्मचारी बीमा सोसाइटी का गठन।
- डाटा सिक्योरिटी पॉलिसी को मिली मंजूरी।
- गैर सरकारी अल्पसंख्यक और सामान प्रारंभिक स्कूलों के सहायक आचार्य की नियुक्ति, वेतन निर्धारण, जवाबदेही समेत कई नीतियों को मंजूरी।
- नेतरहाट मानसून फेस्टिवल और पतरातू मानसून फेस्टिवल के आयोजन के लिए कंपनी नामित।
- सरायकेला खरसावां में रुंगटा माइंस को 30 साल के लिए लीज पर भूमि का आवंटन।
- कैंसर रोग को नोटीफिएबल डिजीज घोषित किया गया। प्राइवेट हॉस्पिटलों को इससे संबंधित सूचना सरकार को देनी होगी।
- रेबीज रोग नोटीफिएबल डिजीज घोषित किया गया।
- अमरापाड़ा में वेस्ट बेंगल पावर कारपोरेशन को 30 वर्षों की लिये लीज पर माइंस दिया गया।
- रांची नगर निगम में पोस्टेड सिटी मैनेजर और अभियंताओं के बकाया वेतन के लिए राशि स्वीकृत।
- नगर निकायों में कार्यरत कर्मियों के बकाया वेतन भत्ते के लिए राशि स्वीकृत।
- देवघर, गिरिडीह, रांची एवं गुमला जिलों में निमार्णाधीन शीत गृह के लिए राशि की मंजूरी।
- झारखंड राज्य बंदोबस्त कार्यालयाधीन मोर्हरिर सेवा संवर्ग (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त) (संशोधन) नियमावली - 2023 के गठन की स्वीकृति।
- डॉ गुंजन उपाध्याय, चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पोटका, जमशेदपुर को सेवा से बर्खास्त करने की मंजूरी।
- झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् अन्तर्गत प्रशासी पदवर्ग समिति की अनुशंसा के आलोक में मुख्य अभियंता के पद सृजन की स्वीकृति।
- राज्य के 4351 ग्राम पंचायतों में 43510 चापाकलों के अधिष्ठापन के लिए राशि की मंजूरी।

## खाद्य आयोग ने जन सुनवाई में 70 से अधिक मामले निपटाये

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य खाद्य आयोग की ओर से गुरुवार को सर्किट हाउस में जन सुनवाई कर 70 से अधिक समस्याओं का निवारण किया गया। आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी, डीएसओ अल्बर्ट बिलुंग, राजेश कुमार बरवार, शबनम प्रवीण के साथ डीएसडब्ल्यू के अन्य अधिकारियों ने समस्याओं को सुना। साथ ही उसके निवारण के लिए फैसले लिये। जन सुनवाई में आये लोगों ने डीलर द्वारा राशन में कटौती, कई महीने से राशन का नहीं मिलना और कार्डधारकों को सरकारी लाभ नहीं मिलने की शिकायत की। मौके पर आयुष्मान कार्ड धारकों को सीएस के माध्यम से उनकी समस्या के हल का आश्वासन दिया गया। आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी ने कहा कि विभागों को समस्याओं के निवारण के लिए सात दिन का समय दिया गया है। साथ ही रिपोर्ट मांगी गयी है।

## सीएम से जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की कुलपति ने शिष्टाचार मुलाकात की



**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ अंजिला गुप्ता ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 11 अक्टूबर को यूनिवर्सिटी की नई बिल्डिंग के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया । इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री को यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों तथा कार्यक्रमों से भी अवगत कराया।

## कार्डिनल के निधन से झारखंड मर्माहत है : शरफे आलम

रांची। सामाजिक कार्यकर्ता शरफे आलम ने कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के आकस्मिक निधन पर अपनी शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि राज्य के लिए कार्डिनल टोप्पो का निधन एक अपूरणीय क्षति है। झारखंड में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जायेगा। उन्होंने सदा प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश दिया।

# हाइकोर्ट ने 26 हजार सहायक शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पर लगी रोक हटायी

कहा-अंतिम आदेश से प्रभावित होगी नियुक्ति

आजाद सिपाही संवाददाताा

**रांची।** हाइकोर्ट ने राज्य में 26 हजार सहायक शिक्षकों (आचार्य) की नियुक्ति के लिए चल रही प्रक्रिया पर लगी रोक हटा दी है। हाइकोर्ट ने गुरुवार को सहायक शिक्षक नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों को 50 फीसदी आरक्षण दिये जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया है।

इस संबंध में बहादुर महतो और अन्य की ओर से कोर्ट में याचिका दाखिल की गयी है। याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकार की वर्ष 2023 की नियमावली के तहत बीआरपी और सीआरपी संविदाकर्मियों को सहायक में 50 फीसदी आरक्षण लाभ नहीं दिया गया है, जबकि पिछली नियमावली में इन्हें आरक्षण प्राप्त था। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। अदालत ने जेएसएससी को यह निर्देश दिया है कि 100 सीटें रिक्त रखी जायें। साथ ही अदालत ने कहा है कि हाइकोर्ट के अंतिम आदेश से नियुक्ति प्रभावित होगी। राज्य सरकार की ओर से उपस्थित महाधिवक्ता ने कोर्ट से आग्रह किया कि नियुक्ति प्रक्रिया पर लगी रोक हटा ली जाये, जिसके बाद अदालत ने संशोधित आदेश पारित किया है।

AFFIDAVIT

As per affidavit Ref. No. 63649 dated 04.10.2023 I, **Bijendra Mehta,** S/o Birju Mahto, date of birth- 01/01/1981by faith- Hindu, by occupation-Business, by nationality-Indian, present resident of Ghutuwa Near 2nd Gate, P.O-NTS Barkakana P.S-Patratu, Distt-Ramgarh (Jharkhand) permanent resident of Vill-Kurha, P.O+ P.S-Ichak, Distt-Hazaribagh (Jharkhand) do hereby solemnly, affirm and declare as follows:-

1. That my actual and correct name is **Bijendra Mehta** which has been mentioned in my Aadhar card No-9205 6902 2520, PAN card, Educational Certificate and other documents.
2. That **Sangita Kumari** is my daughter, her Aadhaar No is **3289 2255 3550** who studying in Class-IXth in DAV Public School CCL NTS Barkakana.
3. That due to clerical mistake my name has been mentioned as **Bijendra Prasad Mehta** in her School Reocrd.
4. That this affidavit is required for my name **Bijendra Mehta** in place of **Bijendra Prasad Mehta** in her School Record from authority concern for doing needful.

## मुरलीधरन का स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आपने विभागीय कार्यक्रम को लेकर एक दिवसीय दौरे पर रांची आये भारत सरकार के विदेश और संसदीय कार्य राज्यमंत्री वी मुरलीधरन गुरुवार की शाम भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे। प्रदेश कार्यालय में उनका स्वागत प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू ने अंगवस्त्र और पुस्तक भेंट कर किया। इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद समीर उरांव, प्रदेश मंत्री काजल प्रधान, पूर्व सांसद और पार्टी के वरिष्ठ नेता महेश पोद्दार, कार्यालय मंत्री हेमंत दास, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, राजश्री जयंती सहित गुरविंदर सिंह सेठी, रमेश सिंह, सीताराम रवि, पवन साहू आदि उपस्थित थे।



# झारखंड दौरे पर आज रांची पहुंचेंगे प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के कार्यसमिति के सदस्य और झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे शुक्रवार को 12 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वह अपने तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। श्री पांडे पेसा अभार यात्रा के समापन समारोह में हिस्सा लेंगे, जो 10 बजे मोरहाबादी से शुरू होकर कचहरी रोड, लालपुर चौक होते हुए बिरसा समाधि स्थल पहुंचेगी। इसके बाद दिन के 2 बजे से पुराना विधानसभा सभागार, धुर्वा रांची में कांग्रेस सेवादल द्वारा आयोजित समागम सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लेंगे। वहीं 7 अक्टूबर को सुबह 10 बजे आर्या होटल, लालपुर में प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस द्वारा आयोजित बैठक में भाग लेंगे। इसके बाद तुपुदाना राज वैंक्वेट हॉल में एनएसयूआइ द्वारा आयोजित मिलाप सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। 8 अक्टूबर को दिन के 11.30 बजे गीतांजलि बैंक्वेट हॉल, चिरौंदी, नामकुम में प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित मिलन समारोह में शिरकत करेंगे। अंतिम दिन 8 अक्टूबर को सिदरौल, नामकुम में रांची लोकसभा कोआर्डिनेशन कमिटी की आहूत बैठक में हिस्सा लेंगे।



## मुसाबनी के डीएसपी पीके मिश्रा प्रशिक्षण कार्यों से मुक्त

रांची (आजाद सिपाही)। मुसाबनी एसएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा को प्रशिक्षण कार्य से मुक्त कर दिया गया है। डीजीपी अजय कुमार सिंह के हस्ताक्षर से यह आदेश जारी किया गया है। बताते चलें कि कभी कुछ दिन पहले प्रशिक्षण लेने वाले आरक्षी, हवलदार और अन्य पुलिस कर्मियों से पैसा वसूली का आरोप लगा था। इसके बाद पुलिस मुख्यालय ने मुसाबनी में तैनात डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा को प्रशिक्षण कार्य से मुक्त करने का निर्णय लिया।

पूर्व मध्य रेल

खुली ई-निविदा सूचना

विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना विद्युत (सामान्य) विभाग के लिये खुली निविदायें

मंडल रेल प्रबन्धक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यो के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

1.ई निविदा सं.:ईएल/20/खुली/2023–24 कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि: धनबाद मंडल: धनबाद मंडल में विभिन्न प्रकार और क्षमता वाले एचएस और बीएस मोटर्स की मरम्मत के लिए रखरखाव अनुबंध (तीन वर्षो के लिए) (कार्य समापन अवधि: छतीस माह) कार्य के लिए प्राकलित राशि: रू. 35,00,208.89 बिड सिक्युरिटी: रू. 70,000.00

2.ई निविदा सं.:ईएल/21/खुली/2023–24 कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि: सीनियर डीईएन/2/धनबाद के अधिकार क्षेत्र में पहाड़पुर (अप), गुरपा (अप और डाउन) में प्लेटफार्म के उठाव और पूरी लंबाई की ट्रेनों को समायोजित करने के लिए तेतुलमारी (1 और 2) और हीरोडीह (3 और 4) में पीएफ के विस्तार से संबंधित विद्युतीय कार्य । (कार्य समापन अवधि: छः माह) कार्य के लिए प्राकलित राशि: रू. 73,69,986.64 बिड सिक्युरिटी: रू. 1,47,400.00

3.ई निविदा सं.:ईएल/22/खुली/2023–24 कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि: (अ) दुग्धा–दुग्धा (डीबीवाईसी एण्ड डीजीएससी) माल शेड में घाट और 200 मीटर पहुंच मार्ग का प्रावधान (ब) एडीईएन/डाल्टनगंज अनुभाग में बरवाडीह, डाल्टनगंज और गढ़वा रोड स्टेशनों की पहुंच सड़क और अन्य यात्री सुविधाओं में सुधार (सी) राय – प्लेटफार्म सं 2 को रेल स्तर मे उच्च स्तरीय प्लेटफार्म तक बढ़ाने, विस्तार करने और अन्य यात्री सुविधाओं में सुधार करने से संबंधित विद्युतीय कार्य । (कार्य समापन अवधि: छः माह) कार्य के लिए प्राकलित राशि: रू. 64,70,516.11 बिड सिक्युरिटी: रू. 1,29,400.00

ई निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय: ई निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 02.11.2023 को 11:00 बजे । ई निविदा खुलने की तिथि दिनांक 02.11.2023 को 11.30 बजे । वेबसाइट का विवरण: वेबसाइट www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत)/पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/01332/डीएचएन/इलीईएन/टी/एन/23-24/60

## जैक दैनिककर्मियों का आंदोलन चौथे दिन भी जारी रहा

# समायोजित और नियमित करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल में कार्यरत दैनिककर्मी पिछले चार दिनों से जैक परिसर में आंदोलनरत हैं। ये कर्मचारी अपनी कई मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं और प्रदर्शन कर रहे हैं। आंदोलन कर रहे ऐसे 240 दैनिक कर्मी हैं, जो समायोजित करने और नियमित करने की मांग कर रहे हैं।

इस संबंध में झारखंड एकेडमिक काउंसिल कर्मचारी संघ का कहना है कि यहां सृजित पर के विरुद्ध लोग काम कर रहे हैं। ये कर्मी वो सारे काम कर रहे हैं, जो नियमित कर्मचारी करते हैं। ऐसे में झारखंड एकेडमिक काउंसिल को उन्हें समायोजित करते हुए नियमित करे।



### आइटी ऑफिसर की वैकेंसी को बना रहे आधार

संघ की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जैक सीनियर आइटी ऑफिसर पद पर नियुक्ति का विज्ञापन निकाला है। इसकी नियुक्ति जैक अपने स्तर पर साक्षात्कार के माध्यम से करेगी। इस पद के लिए 7600 का ग्रेड पे निर्धारित है। संघ का कहना है कि यह वेतनमान एक अधिकारी के लिए चिन्हित है। ऐसे में इस स्तर के पद पर नियुक्ति जेपीएससी के माध्यम से होनी चाहिए। संघ की माने तो जब अधिकारी स्तर के नियमित पद पर इस तरह से नियुक्ति हो सकती है, तो हम दैनिक कर्मियों को समायोजित और नियमित क्यों नहीं किया जा सकता है।

**240** दैनिक कर्मी हैं, जो समायोजित करने और नियमित करने की मांग कर रहे हैं

**352** पद साल 2009 में ही परिषद के तृतीय और चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए सृजित है

### पेंशन की सुविधा लागू हो

आंदोलन कर रहे कर्मचारियों की मानें तो कई ऐसे नियमित कर्मी हैं, जो अपनी 60 साल की सेवा पूरी कर चुके हैं। वे सेवानिवृत भी हो गये। ऐसे रिटायर कर्मियों को पेंशन का लाभ नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में कर्मियों के लिए पेंशन की सुविधा लागू की जाये।

### पद के विरुद्ध कार्यरत कर्मियों को करें नियमित

कर्मचारी संघ का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा साल 2009 में ही परिषद के तृतीय और चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए 352 पद सृजित है। उक्त पद के विरुद्ध पहले से काम कर रहे सभी कोटि के कर्मियों के साथ-साथ 15-17 सालों से कार्यरत कर्मियों को अब तक समायोजित नहीं किया गया है। इन सभी का नियमितिकरण और समायोजन किया जाये। वहीं उनका कहना है कि कई ऐसे भी कर्मी हैं, जिन्हें एमएसीपी का लाभ दिया जाना है, जिस पर अब तक कोई विचार नहीं हुआ है।

## युवक का शव नदी से बरामद

रांची (आजाद सिपाही)। पंडरा ओपी क्षेत्र के नया टोली छठ घाट के नदी से एक युवक का शव पुलिस ने गुरुवार को बरामद किया। शव की शिनाख्त देवनगर मुहल्ला निवासी सौरभ कुमार के रूप में की गयी। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि सौरभ 3 अक्टूबर को रात में घर से निकला था। अत्यधिक नशा करता था। आशंका जतायी जा रही है कि सौरभ हमेशा नदी पार कर आता जाता था। नशे में नदी में गिरने से उसकी मौत हो गयी। स्थानीय लोगों ने नदी में एक युवक का शव देखा। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकलवाया। जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

पूर्व तट रेलवे

सं. MCS/Stores/E-Procure/Tender Notice/257, दिनांक 28.09.2023

निविदा सं. 92235280A

क्रमांक (1). विवरण: FIBA हेतु आईसोलेटिंग कॉक का सेट, संलग्न अनुलग्नक के अनुसार 02 मदें सम्मिलित। (मात्रा: 40 सेट)।

क्रमांक (2). विवरण: लेवलिंग वॉल्व के लिए ओवरहॉलिंग किट संलग्न अनुलग्नक के अनुसार KNORR BREMSE के 16 मदें सम्मिलित। फर्म ऑफर: लेवलिंग वॉल्व के लिए ओवरहॉलिंग किट। (मात्रा: 320 सेट)।

क्रमांक (3). विवरण: FIBA का मस्ट चेंज किट (KBI पार्ट नं.-II74619), अनुलग्नक-A के अनुसार। (मात्रा: 20 सेट)।

वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के उपरांत 30 महीने (सभी के लिए)।

निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 30.10.2023 को 1500 बजे।

ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/ कैरेज रिपेयर वर्कशॉप/ मंचेश्वर

PR-636/O/23-24

## लाखों के जेवर और कपड़ों की हुई चोरी

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ग्राम नवाडीह 1 में बुधवार की रात्रि लाखों के जेवर व कपड़े अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गयी। नावाडीह 1 निवासी रामचंद्र राम ने गुरुवार को मरकच्चो थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में बताया है कि घर में ताला बंद कर सभी परिवार अपने बहन के यहां कोडरमा बर्थ डे पार्टी में गये थे। बुधवार की रात्रि को घर का ताला तोड़कर सोने और चांदी का जेवर, बेटी की शादी के लिए खरीदे गये कपड़े इत्यादि को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। वहीं मरकच्चो थाना में मामला को दर्ज कर जांच की जा रही है।

## प्रखंड स्तरीय दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड संसाधन केंद्र के सभागार में गुरुवार को समावेशी शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों का जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 3 से 18 वर्ष के दिव्यांग बच्चों का जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 85 दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया। 19 दिव्यांग बच्चों का चयन हुआ। जांच में शारीरिक जांच, मुक-बाधिर जांच, दृष्टि जांच इत्यादि किया गया। बच्चों का जांच एलिम्को भुनेश्वर से आये डॉक्टर पीओ निर्मल कुमार, डॉक्टर धनंजय महाराणा, ऑडियोलॉजिस्ट रंजन कुमार, डाटा मैन जितेश कुमार द्वारा किया गया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक कुमार उपाध्याय, रिसोर्स शिक्षक उमेश कुमार यादव, सुजीत कुमार, बीआरपी शहजाद आलम, सीआरपी संतोष कुमार, राजेंद्र प्रसाद, एमआइएस शैलेंद्र कुमार, ऑपरेटर कन्हैया कुमार, जवाहर प्रसाद, बिनोद कुमार इत्यादि शिक्षक और अभिभावक मौजूद थे।

## उपायुक्त ने योजनाओं की समीक्षा के लिए की बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में लघु सिंचाई विभाग, स्वास्थ्य विभाग, भवन प्रमण्डल, झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड परियोजना इकाइ, एनआरइपी, पथ प्रमण्डल, ग्राविवि प्रमंडल, लघु सिंचाई प्रमण्डल, ग्रामीण कार्य प्रमंडल कार्य विभाग, खनन विभाग, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक हुई। इसके साथ ही विकास निधि, डीएमएफटीमद और सीएसआर मद और विभागीय क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022 - 23 और वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत कार्यान्वित की जा रही योजनाओं और वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त आवंटन और जिला योजना समिति द्वारा पारित की गयी योजनाओं की स्वीकृति पर विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त ने उक्त सभी विभागों में संचालित योजनाओं तथा पुलिया निर्माण, पीसीसी सड़क निर्माण, स्वास्थ्य केन्द्र का सौंदर्यीकरण, विद्यालय का मॉडलीकरण, आंगनबाड़ी केंद्र का मॉडलीकरण, विद्यालय भवन में चारदीवारी निर्माण, सड़क निर्माण, नाला निर्माण समेत के क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो, इसका ख्याल रखेंगे। साथ ही योजना के बेहतर निर्माण कार्य को लेकर सभी अभियंताओं को योजना स्थल जाकर नियमित जांच करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय, जिला आपूर्ति पदाधिकारी गौतम भगत, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ मनोज कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड परियोजना ईकाई, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता मौजूद रहे।

## लाभुक को मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना का मिला लाभ



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना के तहत मरकच्चो प्रखंड के नावाडीह पंचायत के दरदाही गांव की रहने वाली लाभुक शारजहां आरा को बोलेरो प्रदान किया गया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने लाभुक को चाभी देकर बोलेरो प्रदान किया। इस क्रम में उपायुक्त ने लाभुक को शुभकामनाएं दी और कहा कि योजना का लाभ पाकर आप अपने आजीविका के स्त्रोत को बढ़ायें। मौके पर लाभुक शारजहां आरा ने झारखंड सरकार और जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया और कहा कि जीविकोपार्जन के लिए हमें बोलरो वाहन मिला है और मुझे मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना का लाभ मिला है, योजना का लाभ मिलने से मेरी आजीविका के स्त्रोत में बढ़ोतरी होगी। इस मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी नीली सरोज कुजुर व अन्य मौजूद रहे।

## मृतक के परिजनों को मिली सहायता राशि



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश से जहां एक ओर जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं बारिश की वजह से कच्चा मकान के गिरने की सूचना मिलती है। ऐसे ही बुधवार को हुई तेज बारिश के कारण जयनगर प्रखंड के सतडीहा पंचायत के लतबेधवा में मिट्टी का मकान ध्वस्त होने से मलबे में दबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान सदानंद सिंह के रूप में हुई है। इस घटना की सूचना जिला प्रशासन कोडरमा को प्राप्त हुआ तो उपायुक्त कोडरमा द्वारा अंचल अधिकारी जयनगर को स्थल पर जाकर पीड़ित परिवार को आवश्यक सहयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसपर अंचल अधिकारी जयनगर ओम प्रकाश बड़ाइक द्वारा मृतक के अंत्येष्टि के लिए पीड़ित परिवार को राशि प्रदान की गयी। इसके साथ ही पीड़ित परिवार को आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ साथ अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ देने की प्रक्रिया की जा रही है।

## जयनगर और मरकच्चो प्रखंड में संकल्प सप्ताह का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** नीति आयोग के आकांक्षी प्रखंड अन्तर्गत गुरुवार को कोडरमा जिला के जयनगर व मरकच्चो प्रखंड के सभी ग्राम पंचायत भवन में सबकी आकांक्षाएं सबका विकास के निमित्त संकल्प सप्ताह कार्यक्रम में स्वच्छता एक संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छ घर- गांव और ग्राम पंचायत अभियान का शुभारंभ, विद्यालय स्तर पर वाद प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, ग्राम स्तर पर स्वच्छता से स्वास्थ्य की ओर, जागरूकता बैठक, विद्यालय और ग्राम स्तर पर स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम स्तर पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम को कचरा मुक्त करने हेतु प्रण लिया गया। ग्राम को प्लास्टिक मुक्त करने एवं सिंगल प्लास्टिक का उपयोग ना करने का संकल्प लिया गया। विद्यालय स्तर पर बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से चित्रकला प्रतियोगिता, वाक प्रतियोगिता और स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों और ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। साथ ही स्वच्छता रैली का आयोजन कर ग्राम के विभिन्न टोलों का भ्रमण कर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करने, सड़ने गलने वाले पदार्थ को नाडेप या कंपोस्ट पिट में डालने के लिए प्रेरित किया गया। प्रत्येक कार्यक्रम के समापन के पूर्व स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाया गया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में पेयजल और स्वच्छता विभाग और प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यालय के सभी पदाधिकारी और कर्मचारियों के द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया।

### भारी बारिश से किसानों के चेहरे पर छायी मायूसी

# आलू, टमाटर, धनिया पत्ता बर्बाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**इचाक।** चार दिनों से जारी लगातार भारी बारिश ने प्रखंड के किसानों के चेहरे पर मायूसी ला दी है। प्रखंड के कई गांव के सैकड़ों किसान आलू की खेती कर अपना गुजर बसर करते हैं। भारी बारिश से बरका खुर्द, बरकाकाला, रतनपुर, मनाई, सायल, काला द्वार, खुटरा, सयालखुर्द, दरिया, जगड़ा, जोगीडीह, डोय, पोखरिया, डाढा, मंडपा, फुफंदी, मूर्तिया समेत इचाक प्रखंड के कईअन्य गांव के किसानों को काफी नुकसान हुई है। अतिवृष्टि से इस क्षेत्र का मुख्य फसल आलू, धनिया, टमाटर समेत अन्य सब्जी और फसल बर्बाद हो गये हैं। किसान के चेहरे पर मायूसी दिख रही है। किसानों ने कहा की कर्ज लेकर आलू लगाये थे मगर बारिश ने आलू फसल को बर्बाद कर दिया। भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता ने कहा की भारी बारिश ने किसानों को काफी नुकसान दिया है। इस क्षेत्र का मुख्य फसल आलू और धनिया फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। सरकार किसानों को क्षति का आकलन कर मुआवजा दे। भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता ने कहा की फसल बर्बाद होने से किसानों का कमर टूट गया है। किसान बैंक से लोन लेकर और दूसरे से कर्ज लेकर आलू का बीज अपने खेत में लगाये हैं, लेकिन कहावत है कि ईश्वर के सामने किसी का एक नहीं चलती है, वही कहावत यहां चरितार्थ होते दिख रही है। भारी वर्षा के कारण आलू समेत धनिया टमाटर की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई है। बहुत ऐसे किसान है जिनके आलू की फसल जमीन से निकल कर पास देने लायक हुई थी लेकिन समय नहीं मिलने के कारण किसान पास नहीं चढ़ा पा रहा है, जिसके कारण पौधा ज्यादा बढ़ने के कारण लर्रा गया है। जिस कारण जमीन पर गिरकर बर्बाद हो गई और कुछ आलू नहीं निकलने के कारण जमीन के अंदर सड़ गया। जिसके चलते लोगों को भारी नुकसान हुआ है। झारखंड सरकार के साथ-साथ झारखंड के कृषि मंत्री, जिला के पदाधिकारी और प्रखंड के पदाधिकारी से मांग करता हूं की अविलंब विभागीय स्तर पर एक कमेटी गठन कर किसानों को कितनी क्षति हुई है उसे सर्वे करा कर किसानों को क्षतिपूर्ति दिया जाये।

# बड़कागांव के सड़कों में जल जमाव होने से संक्रामक रोग फैलने की बढ़ी आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** 6 दिनों से लगातार बारिश में प्रखंड मुख्यालय के कई मुहल्ले की सड़क सहित जलमग्न हो चुकी है। मुख्य सड़क और गली-मुहल्लों में हुए जलजमाव से आमलोगों को आवाजाही में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यालय के कई मुहल्लों के सड़कों के अलावे लोगों के घरों में पानी घुस जाने से वे सभी काफी परेशान है। सड़कों में जल जमाव से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। वही डेंगू मलेरिया टाइफाइड से अधिकांश घर में लोग कराह रहे हैं। सड़कों में जल जमाव की निकासी अगर नहीं की गयी, तो संक्रामक रोग और तेजी से फैल सकती है। डीएमएफटी ए जिला परिषद के फंड के तहत करोड़ों की लागत से जहां-तहां निर्माण कराये गए नाला से पानी की निकासी नहीं होने से उसके उपयोगिता पर भी प्रश्नचिन्ह लगा दिया है।

**पिछले माह नाला बना लेकिन कोई काम का नहीं:** बड़कागांव चौक में राजू खंडेलवाल के घर के पास मुख्य चौक से तहसील कार्यालय तक डीएमएफटी फंड से लाखों रुपये की नाली बनायी गयी। लेकिन उस नाले में पानी का निकासी नहीं हो रहा है। परिणाम स्वरुप सड़क में ही जल का जमाव हमेशा रहता है। स्कूली कॉलेज जाने वाले विद्यार्थी गिरते नजर आते हैं।

**डेली मार्केट में अधूरा नाले से जल जमाव:** बड़कागांव की डेली मार्केट में जिला परिषद के फंड से 28 लाख रुपये का नल निर्माण हो रहा है लेकिन पिछले 3 माह से बंद होने के कारण पानी का जमाव बाजार के पास हो रहा है वही बरिया मोहल्ला में नाली का पानी भी सड़क में बहता है। प्लस टू हाई स्कूल खेल मैदान के पास पिछले वर्ष नाली बनायी गयी। लेकिन उस नाले में पानी की निकासी नहीं हो रही है। परिणाम स्वरुप हाई स्कूल के सामने जल जमाव है। दैनिक बाजार से लेकर नटराज नगर तक नाली नहीं बनने के कारण जल जमाव है।

**रेंज ऑफिस के पास जल जमाव:** बड़कागांव - हजारीबाग रोड स्थित रेंज ऑफिस के पास और रेंज ऑफिस से मुस्लिम मोहल्ला जाने वाली सड़क में खुर्शीद आलम के घर के पास जल जमाव है। पुरानी नाली जाम हो गया है। नये नाली बनाने की मांग ग्रामीणों ने की है।

### बरही पश्चिमी की एक प्राचीन सड़क कीचड़ में तब्दील

# विकास का मुंह चिढ़ा रही है कच्ची सड़कें

प्रभाकर पाठक



**बरही (आजाद सिपाही)।** बरहीडीह से होते हुए कलाली रोड ( नया नाम वीर कुंवर सिंह पथ) हो कर गया रोड निकालती है। यह एक प्राचीन सड़क है। गया रोड निकलने वाली सड़क कीचड़ में तब्दील हो गया। स्कूली विद्यार्थियों और ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस रास्ते से कई गांवों के लोग आवागमन करते है। कई विद्यार्थी सरकारी गैर सरकारी विद्यालय जाते हैं और ग्रामीण अपने कार्य हेतु बाजार की ओर जाते हैं। एक वक्त था जब इस सड़क से हो कर जाने के लिए इंसान सोचता था की कैसे जाया जाये कीचड़ इतना कि घुटने तक पैर घुस जाया करता था। किंतु कुछ ग्रामीणों के सहयोग से जैसे दी आर्य इंस्टीट्यूट के उप संचालक सह अधिवक्ता कुंदन कुमार, मां शारदा एकेडमी स्कूल के प्राचार्य अनुज प्रजापति और वर्तमान पंचायत समिति सदस्य जीतू ठाकुर के पहल और सहयोग से मोरम गिरा कर कुछ समय के लिए सड़क में सुधार किया गया। किन्तु सड़क की दुर्दशा दिन ब दिन और बिगड़ती चली जा रही है। जिसके कारण ग्रामीणों को अनेकों प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। छोटे छोटे विद्यार्थियों को कीचड़ से सामना करना पड़ता है। जिसके के कारण उनके ड्रेस तक गंदे हो जाते है। और हमेशा डर बना रहता है। क्योंकि इस सड़क के किनारे एक गहरा डैम है और दूसरी साइड गहराई में खेत है। जिससे ग्रामीणों और विद्यार्थियों मे एक डर बना रहता है की कभी भी उस रास्ते मे कोई दुर्घटना हो सकती है। आर्यभट्ट के संचालक सह अधिवक्ता कुंदन कुमार ने चिंता जताते हुए कहा कि पूर्व विधायक, वर्तमान विधायक, पूर्व मुखिया, वर्तमान मुखिया, पूर्व पंचायत समिति सदस्य, वर्तमान पंचातय समिति सदस्य, और जिला परिषद सदस्य विकास की बात करते हैं किंतु सड़क की हुलिया दिन ब दिन और बदसूरत होती जा रही है। चुनाव के समय सभी जन प्रतिनधियों ने यह कह कर वोट लिए की हम से जहां तक हो सकेगा इस सड़क को पक्की सड़क का रूप देंगे। किंतु अफसोस सभी जितने के बाद इस सड़क पर अपने नजरे भी इनायत नहीं किये। नये-नये घर जहां बन रहे है। जो एक मोहल्ला का रूप धारण कर रहा है। वहां तक सड़क बन जा रही किन्तु जिस मार्ग से हो कर कई गांव जुड़े है। ग्रामीण और विद्यार्थी जो इस मार्ग के भरोसे है। उस पर किन्ही की नजर नहीं जा रही है। सभी ग्रामीण वासियों की बस एक ही निवदेन है कि सरकार और प्रतिनधि इस जटिल समस्या को जल्द से जल्द सुलझाने की कृपा करें ताकि सभी जन जन को सुविधा प्राप्त हो सके।

# चोरी के जेनरेटर के साथ चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**मरकच्चो।** थाना क्षेत्र के महुगाय में 3 अक्टूबर को हुई चोरी में चोरी के सामान के साथ चार चोरों को मरकच्चो पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को कोडरमा जेल भेज दिया है। स्थानीय चौकीदार ने गुप्त सूचना दिया था कि थाना क्षेत्र के महुंगाय से 5 एच पी जनरेटर को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गयी है। वही सूचना के आधार पर थाना गस्ती वाहन और थाना प्रभारी लव कुमार ने महुंगाय से गादी जाने वाली सड़क पर वाहन चेकिंग लगाया गया। उसी रास्ते से एक टाटा मैजिक भैन डब्लू बी 91 4808 आ रही थी जो पुलिस को देकर वाहन में सवार दो लोग भागने लगे। जिसे वाहन में लोड जनरेटर के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में लोगो ने 5 एचपी की जनरेटर चोरी करने तथा दो लोग की ओर संलिप्त होने की बात सामने आयी। वही थाना प्रभारी लव कुमार ने विजय कुमार साव पिता सोना साव, नौशाद आलम उम्र 26 वर्ष पिता सरफुदीन आलम दोनो साकिन पिपराडीह थाना मरकच्चो, मो इस्माइल उम्र 24 वर्ष पिता मो हकीम, मो मुख्तार अंसारी उम्र 26 वर्ष पिता मो हसन साकिंन जलावाबाद थाना कोडरमा को गिरफ्तार कर कोडरमा जेल भेज दिया। वही टाटा मैजिक वाहन, दो लोहे के एंगल, होंडा डिल्क्स मोटरसाइकिल जेएच 12 पी 7561, दो मोबाइल फोन एवम चोरी हुई स्वराज कंपनी की जनरेटर को जप्त करते हुए थाना परिसर में रखा गया है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी लव कुमार, एएसआई मदन मोहन शर्मा व पुलिस के जवान शामिल थे।

## संत कोलंबा महाविद्यालय शिक्षा शास्त्र संकाय बीएड में इंडक्शन मीट का आयोजन




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** संत कोलंबा महाविद्यालय हजारीबाग के शिक्षा शास्त्र संकाय बीएड में सत्र 2023-25 के छात्र छात्राएं लगभग 80प्रतिशत उपस्थिति के बीच इंडक्शन मीट आयोजन किया गया। इंडक्शन मीट में मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य डॉ विमल रेवेन, अध्यक्षता विभागाध्यक्ष चार्लोट डॉ सीआर जॉन, कार्य प्रभारी डॉ अंबेडकर भागवत, डॉ राबिया खातून, डॉ अर्चना सिन्हा, डॉ प्रेमलता सिंह डॉ अनिमा लकड़ा, प्रो मंजुला भगत, प्रो अतुल्य हेरेंज, प्रो धीरज गुप्ता, मुनेश्वर कुमार उर्फ मुन्ना और प्रमिला भेंगरा उपस्थित थे। मंच संचालन डॉ भागवत राव अंबेडकर ने किया।

## लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त, कई घर गिरे, फसल बर्बाद



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** लगातार 72 घंटे से हो रही बारिश से लोगों को अब परेशानी का सामना करना पड रहा है, जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है घर से बाहर निकलना मुस्किल हो गया है लगातार बारिश होने मिट्टी का घर अधिकतर लोगों का गिरने के कगार पर है बेड़म, नारायापुर बांडी में घर गिर गया इसके अलावा छत घर से भी पानी टपकना प्रारंभ हो गया है। लोगों को चार दिनों से धुप का नसीब नहीं हुआ है। वही धरमपुर पंचायत के बांडी निवासी रामेश्वर प्रजापति और मनोज राम का मिट्टी का घर गिर गया है। रामेश्वर प्रजापति ने बीडीओ को आवेदन देकर प्रधानमंत्री आवास की मांग किया है। बेडम में अनु देवी पति विजय भुइयां का घर गिर गया अनु देवी ने कहा की रहने के लिए घर नही बचा मैं एक गरीब हूं मजदूरी करके जीविकापार्जन करती हूं इसके साथ ही जानवरों को भी रखने में परेशानी हो रही है। प्रखंड क्षेत्र के सेवाने नदी, कोनार नदी, तालाब समेत अन्य उफान पर है। इसके साथ ही बौधा डैम, खंभवा डैम समेत सभी गांव के तालाब में पानी लबालब भरा है। बौधा डैम के पानी बाहर निकल रहा है जिसके कारण वहां पर मछुवारा बुधवार रात से ही मछली पकड़ने पर लगा है। 20-25 की संख्या में लोग वहां डटे हुए है।

## बीआरसी में गैर आवासीय प्रशिक्षण संपन्न



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बीआरसी में बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण को लेकर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। बताया गया तीन दिवसीय गैर आवसीय प्रशिक्षण का प्रथम बैच गुरुवार को संपन्न हुआ। शिक्षा विभाग और रूम तो रीड इंडिया ट्रस्ट के तत्वावधान में बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण प्रशिक्षण आयोजित हुई। जिसमें प्रखंड के 37 हिंदी भाषा कक्षा 1 और 2 के शिक्षक-शिक्षिकाओं को मूलभूत शिक्षा की जानकारी दी गयी। बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण के 8 घटक मौखिक भाषा विकास, ध्वनि जागरूकता, वर्ण ज्ञान, शब्द भंडार, धारा प्रवाह पठन, समझ, लेखन और स्वंतत्र पठन, लाइब्रेरी की उपयोगिता पर विस्तार से समझ विकसित बनाने का कार्य किया गया। बताया गया कि कैसे शिक्षक निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते है। प्रशिक्षण में रूम टू रीड ट्रस्ट से प्रखंड समन्वयक अजय कुमार वर्मा, प्रशिक्षक साधन कुमार रवानी, छत्रु राम महतो, अशोक विश्वकर्मा के अलावे बीइइओ किशोर कुमार, बीपीएम धीरज शर्मा, संजय प्रसाद, विनय मंडल, मुकेश कुमार नायक उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन कर्मियों की बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बड़कागांव अंचलाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी बालेश्वर राम के नेतृत्व में प्रखंड सभागार भवन में बैठक सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन की गयी। बैठक में उपस्थित सभी बीएलओ और पर्यवेक्षिकाओ को सोशल मीडिया से संबंधित आवश्यक जानकारी देते हुए चुनाव निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्य कम से कम 80 प्रतिशत मतदान करवाने की तैयारी करने को कहा गया। साथ ही साथ घर-घर जाकर सर्वे करना, जिसमें 80 वर्ष से ऊपर के मतदाता को चिन्हित करने, प्रिवोटर को लेकर काम करने, मृत्यु हुई वोटर को वोटरलिस्ट से बाहर करने के साथ-साथ स्थानांतरित वोटर की पहचान करने को कहा गया और समय सीमा के अंदर कार्य को पूर्ण करने की बात दोहरायी गयी। किसी प्रकार की परेशानी होने पर पर्यवेक्षकों को सीधे तौर पर संपर्क करने को कहा गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, कल्याण पदाधिकारी भास्कर राज, पर्यवेक्षिका अनुराधा कुमारी, रुखसाना परवीन पूजा राय, सहयोगी शशि कुमार के साथ-साथ सैकड़ों बीएलओ मौजूद थे।

## भू-वापसी मामले को लेकर विधायक ने हजारीबाग उपायुक्त से की मुलाकात



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पसेरिया में मेसर्स रोहाने कोल कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से अधिग्रहित भूमि संबंधित भू रैयतों को वापस दिलाने में हो रहे अड़चन को दूर कराकर संबंधित ग्रामीणों को उनकी भूमि वापस दिलाने की मांग को लेकर हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय से मुलाकात की। इस दौरान जिला परिषद सदस्य पूर्वी गीता देवी समाजसेवी दीपक करमाली सहित कई रैयत साथ मौजूद थे। विधायक अंबा प्रसाद में उपायुक्त नैंसी सहाय का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि माननीय मंत्री झारखंड सरकार के विविध वाद संख्या 09/2021-22 के आलोक में आदेश पारित हुआ था जिसमें बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पसेरीया की लगभग 1.33 एकड़ भूमि संबंधित रैयतों को वापस करने का आदेश पारित किया गया था। लेकिन उक्त आदेश का अनुपालन नहीं किया गया है जिसके कारण वर्तमान में संबंधित भूमि के मालिकों को जमीन वापस नहीं हो पायी है। विधायक ने उपायुक्त से मांग किया कि सभी अरचनों को दूर करके रोहाने कोल कंपनी द्वारा अधिग्रहित की गयी भूमि को संबंधित रैयतों को वापस करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाये। विधायक अंबा प्रसाद की बातों को गौर से सुनने के बाद उपायुक्त ने अंबा प्रसाद को आस्वस्त किया कि शीघ्र ही इस संबंध में न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य गीता देवी, महेंद्र मांझी, सुमन हंसदा, बसंत उरांव, महेंद्र गंझु, चरकू मांझी, दीपक करमाली, दिलीप तिर्की, गोपाल बेसरा, सुरेंद्र मुंडा मौजूद थे।

## उमेश गिरी बने झारखंड प्रदेश गोस्वामी कल्याण परिषद भारत के प्रदेश अध्यक्ष



**इचाक (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश गोस्वामी कल्याण परिषद की बैठक सूर्यकुंड में हुई। अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष किशन महाराज ने किया। बैठक के दौरान इचाक प्रखंड के देवकुली गांव निवासी उमेश गिरि को गोस्वामी कल्याण परिषद भारत का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। उमेश गिरी ने बताया की मुझे गोस्वामी कल्याण परिषद का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। मैं संगठन को मजबूत करने के साथ संगठन के नीति और सिद्धांत को मजबूती से समाज के बीच पहुंचाऊंगा। प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर कई लोगों ने गिरी को बधाई दी है।

## सीआरपीएफ ने प्रखंड कार्यालय में किया 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** सीआरपीएफ 190 वीं बटालियन द्वारा हंटरगंज के प्रखंड कार्यालय में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीआरपीएफ के कंपनी कमांडेंट मनोज कुमार के निर्देश पर किया गया। इस दौरान प्रखंड कार्यालय परिसर में तिरंगा यात्रा निकालकर घर-घर जाकर लोगों के घरों की मिट्टी कलश में एकत्रित किया गया। इस दौरान लोगों में देश प्रेम की भावना जगाने का काम किया। इस मौके पर प्रमुख ममता कुमारी, समाजसेवी कमलेश कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण और सीआरपीएफ के जवान शामिल थे।

## प्रखंड कार्यालय में प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार की बैठक



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शिक्षा विभाग द्वारा प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी ने की। बैठक में झारखंड सरकार के शिक्षा और साक्षरता विभाग के द्वारा जारी अधिसूचना के तहत सहायक अध्यापकों के मानदेय में 4 प्रतिशत की वृद्धि, सेवा संपुष्टि से संबंधित पत्र को प्राधिकार के सदस्यों को पढ़कर सुनाया गया। इस दौरान स्नातक उत्तीर्ण सहायक अध्यापकों को सरकार के इस अधिसूचना के तहत मिलने वाले लाभ के बारे में बताया गया। सहायक अध्यापकों को यह लाभ प्राधिकार के सदस्यों के द्वारा प्रशासनिक और अनुशासनिक जांच के बाद सहमति मिलने पर सहायक अध्यापकों के मानदेय में चार प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी। स्नातक कोटि के सहायक अध्यापकों के सेवा संपुष्टि शैक्षणिक और प्रशासनिक प्रमाण पत्र का सत्यापन प्राधिकार के द्वारा किया जायेगा। इस मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कानन पात्रा, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी अमित कुमार, बीपीओ के संदीप कुमार और प्रधिकार के सदस्य पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे।

## डीसी ने जागरूकता रथ सह सीएससी मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** डीसी चंदन कुमार ने गुरुवार को जिला समाहरणालय परिसर से सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जागरूकता रथ सह सीएससी मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर डीसी ने बताया कि यह सीएससी मोबाइल वैन सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जिलें के सभी पंचायतों में घूम-घूम कर लोगों तक पहुंचाने का कार्य करेगी। साथ ही लोगों द्वारा योजनाओं के लाभ लेने में आ रही समस्याओं का भी निराकरण करने का काम करेगी। इस वैन के द्वारा आम लोगों सरकार की महत्वकांक्षी योजना जैसे आयुष्मान भारत, इ-श्रम, पीएम किसान, झारखंड राज्य कृषि ऋण माफी योजना, झारखंड फसल राहत योजना, सुकन्या योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ योजनाओं में आ रही समस्याओं का निराकरण भी ऑन द स्पॉट करा सकेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला सूचना और विज्ञान पदाधिकारी वीरेंद्र प्रसाद, एसएमपीओ विक्रम सोनी, सीएससी हेड अनूप बनर्जी, सीएससी मैनेजर राजकुमार, दीपक मिश्रा, नितीश कुमार पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

## रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल एसडीओ से मिले



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधि मंडल रामगढ़ कॉलेज की जमीन चार दिवारी और नापी को लेकर रामगढ़ अनुमंडल पदाधिकारी को एक लिखित ज्ञापन सौंपा है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूर्व प्रदेश संयोजक सह युवा नेता राजेश ठाकुर कर रहे थे। मौके पर एसडीओ को समस्त समस्याओं से अवगत कराया गया। जिसके बाद उन्होंने सकारात्मक पहल करने की बात कही। इधर राजेश ठाकुर ने बताया कि रामगढ़ कॉलेज की जमीन दिन प्रतिदिन अतिक्रमण किया जा रहा है। कॉलेज की वातावरण को दूषित किया जा रहा है। रामगढ़ कॉलेज की कैंपस को सुरक्षित किया जाये। चुकी रामगढ़ कॉलेज की जमीन भूमि माफियाओं के द्वारा अतिक्रमण कर बेचा जा रहा है। हमलोग मांग करते हैं कि जल्द से जल्द रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ की जमीन की नापी कर चार दिवारी का निर्माण कराया जाये। ठाकुर ने बताया कि कल इसी विषय को लेकर रामगढ़ कॉलेज कैंपस में सैकड़ों छात्र छात्राओं को लेकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा। पूर्व में भी रामगढ़ कॉलेज की जमीन को लेकर छात्र आंदोलन किया। रामगढ़ कॉलेज इसे जिला प्रशासन और कॉलेज प्रशासन को गंभीरता से लेना चाहिए नहीं तो कॉलेज को बचाने के लिए हम लोग सड़क पर उतरेंगे और उग्र आंदोलन करेंगे। मौके पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय पूर्व संयोजक शशि करमाली, प्रवक्ता रमेश रजवाड़, आदिवासी छात्र संघ के कॉलेज अध्यक्ष अमित कुमार महली, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रदेश संयोजक गौतम कुमार महतो, संगठन मंत्री विक्रम कुमार राठौर, जिला समाचार शुभम गिरी, अंकित कुमार, गगन करमाली, नकुल महतो, महेश महतो, रितेश कुमार महतो, पवन महतो, जय मुंडा, प्रमोद मुंडा, रविंद्र उरांव, राजा करमाली, राजन करमाली, राहुल मुंडा, संदीप मुर्मू, अजीत मुंडा, डब्लू गंझु आदि उपस्थित थे।

## श्रीराम रथ का जिले में हुआ भव्य स्वागत



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में बन रहें भव्य श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राष्ट्रव्यापी शौर्य जागरण यात्रा रथ का गुरुवार को रामगढ़ जिले में आगमन हुआ। रथ की अगवानी कर रहें मोटरसाइकल सवार सैकड़ों रामभक्तों के जयघोष से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। फूल अक्षत और धूप जलाकर श्रद्धापूर्वक श्रीराम मंदिर के प्रतीक चिन्हों से सुसज्जित रथ का भव्य स्वागत महिलाओं ने किया। कुजू, नायामोर, होते हुए रथ सांडी पहुंची। जहां जीवन रेखा अस्पताल के समीप स्कूली बच्चों के द्वारा आरती कर रथ का भव्य स्वागत किया गया। साथ हीं यात्रा में साथ चल रहे श्रद्धालुओं के बीच अस्पताल प्रबंधक द्वारा चाय शरबत वितरण किया गया। रथ के मरार सीएन कॉलेज रोड स्थित हनुमान मंदिर पहुंचने पर वहां विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति सह संयोजिका सह शिक्षिका सिंधु झा के नेतृत्व ने दर्जनों महिलाओं ने रथ का दीप जलाकर और माल्यार्पण कर स्वगतोपरांत रथ को आगे विदा किया गया। जिसका एक बार फिर नई सराय स्थित महावीर मंदिर के पास सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भव्य तरीके से स्वागत किया। इसी तरह पूर्व आयोजित समय पर लोहार टोला स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप विशाल जयसवाल के नेतृत्व में भारी संख्या में उपस्थित रामभक्तों ने रथ के आगमन पर इसका जय श्री राम के जयघोष के साथ स्वागत किया। जिला मंत्री छोटू वर्मा ने बताया कि आज रथ का रात्रि विश्राम रामगढ़ में होना सुनिश्चित हुआ है। जिसके बाद शुक्रवार की सुबह रथ भुरकुंडा, पतरातू होते हुए पिठौरिया होते हुए रामगढ़ जिले की सीमा से विदा हो जायेगी। वर्मा ने मीडिया के माध्यम से 8 अक्तूबर को धुर्वा मैदान में आयोजित धर्मसभा हेतु सभी माताओं बहनों और रामभक सनातनियों से भारी संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया।

### आयुष्मान मित्र की पिटाई के बाद कर्मियों में रोष, जायेंगे हड़ताल पर

# ड्यूटी पर पहुंचे चिकित्सक का कर्मी ने उड़ाया मजाक, हुई पिटाई

**आयुष्मान मित्र की प्रहार से चिकित्सक को भी लगी है चोट**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** आयुष्मान मित्र को उस वक्त महंगा पड़ जब एक चिकित्सक के कार्यालय पहुंचते ही उनका मजाक उड़ाया। चिकित्सक को कर्मी की हरकत नागवार गुजरी और जमकर पिटाई कर दी। हालांकि कर्मी के प्रहार से चिकित्सक को भी चोटे आयी है। इधर कर्मी की पिटायी से आयुष्मान मित्र के कर्मियों में काफी रोष है। मामले में शुक्रवार से हड़ताल पर जाने की घोषणा की है।

**आयुष्मान मित्र की मार से चिकित्सक को भी आयी चोट :** जिस चिकित्सक पर मारपीट का आरोप लगा है। वे हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ राजेश्वर कुमार है। उन्होंने बताया कि वे जब आयुष्मान के काउंटर के पास गये तो दो आयुष्मान मित्र उनपर तंज कसते हुए हंसने लगे।

जो उनको नागवार गुजरा। जिसके कारण उन्होंने सिकेन्द्र महतो को धक्का दिया। जिसके बाद सिकेन्द्र महतो ने उनपर हमला करते हुए उनके आंख के सामने चेहरे पर घुसा मार दिया। जिसके कारण उनका आंख में सूजन आ गया है। इस वजह से उन्होंने भी उसकी पिटाई की और हॉस्पिटल मैनेजर के चेंबर में बैठे उपाधीक्षक के पास दोनों को ले गये।

उन्होंने बताया कि दोनों आयुष्मान मित्र के द्वारा थूक कर चाटाने का लगाया गया आरोप बेबुनियाद है। उन्होंने बताया कि अगर इस मामले में जबरन तूल दिया गया तो वे अपने पद से रिजाइन दे देंगे।

**उपाध्यक्ष ने भी माना डॉ राजेश्वर ने कर्मियों को पीटा:** इस घटना को लेकर सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अमरेंद्र प्रसाद ने भी माना कि डॉ राजेश्वर कुमार ने दोनों कर्मियों की पिटाई की है। उन्होंने बताया कि उनके सामने भी डॉ राजेश्वर ने उन दोनों कर्मियों को पीटा।




### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल में डीएमएफटी मद से नियुक्त डॉ राजेश्वर कुमार ने गुरुवार को सदर अस्पताल में दो आयुष्मान मित्र को पिटाई कर दी। जिसके बाद भुक्तभोगी सिकेंद्र महतो और रितेश कुमार ने संघ को आवेदन देकर शिकायत किया है। पूरे विवाद को सुलझाने के लिए झारखंड स्वास्थ्य चिकित्सा और जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने एक बैठक की। बैठक में संघ के सदस्यों ने इस घटना की निंदा किया है। साथ ही आरोपी चिकित्सक पर कार्रवाई की मांग की है। चेतावनी भी दी है। कहा है कि अगर 24 घंटे के अंदर चिकित्सक पर कार्रवाई नहीं हुई तो सभी चिकित्सा कर्मी कार्य का बहिष्कार करेंगे।

### कैसे बिगड़ी बात, कर्मियों ने लगाया गंभीर आरोप

संघ को दिये गये आवेदन में बताया गया है कि कुर्सी में बैठे सिकेन्द्र महतो ने चिकित्सक के आने के बाद भी कुर्सी नहीं छोड़ी तो उन्होंने गुस्से में सिकेन्द्र को मारने लगे। इसके बाद उन्होंने रितेश को भी पीटते हुए उपाधीक्षक सदर अस्पताल के कार्यालय तक ले गये। वहां भी उपाधीक्षक के समक्ष इनके साथ मारपीट की गयी।

## अभाविप ने वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती कॉलेज में मनाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ़ महाविद्यालय इकाई के तत्वावधान गुरुवार को रामगढ़ महाविद्यालय परिसर में नारीशक्ति के शौर्य और स्वाभिमान की प्रतीक, धर्म और मातृभूमि की रक्षा के लिए स्वयं का बलिदान करने वाली वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती मनायी गयी। मौके पर कॉलेज अध्यक्ष नितेश कुमार ने वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में मुगलों को चुनौती देने वाले शासकों में महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी महाराज के साथ ही वीरांगना दुर्गावती का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। रानी दुर्गावती ने अकबर की सेना की नाक में दम कर दिया था। रानी दुर्गावती ने स्वाभिमान, देश और धर्म की रक्षा के लिए युद्ध भूमि को चुना और अनेकों बार शत्रुओं को पराजित करते हुए अपना बलिदान दिया।



**रानी दुर्गावती का बलिदान देश की भावी पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगाः भूमि कुमारी**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज सह मंत्री भूमि कुमारी ने कहा कि रानी दुर्गावती भारतीय इतिहास में शौर्य तथा स्वाभिमान का स्वर्णिम पृष्ठ हैं। रानी दुर्गावती की जीवनगाथा, रण कौशल, साहस, प्रजा पालन तथा बलिदान का उदात्त प्रसंग जन-जन द्वारा लोकगीतों में गाया जाता है। उन्होंने कहा कि युद्ध के मैदान में लड़ते-लड़ते कई तीर लगने के कारण रानी दुर्गावती की ग्रीवा से अविरल रक्तधारा बह रही थी, तब उन्होंने मंत्री आधार सिंह को कहा कि मेरा अंत समय आ गया है, आंखों के सामने अंधेरा छा रहा है। मेरे सामने एक ही मुगल सैनिक जीवित नहीं है, परंतु दूर से आशफ खां की सेना बाण बरसाते हुए आ रही है। मेरा शरीर म्लेच्छ न छू पायें इसलिए अपनी कटार से मुझे मुक्ति दो। मंत्री आधार सिंह रोते हुए कहा नहीं मां, मैं यह नहीं कर सकता, कभी नहीं। तो रानी दुर्गावती ने कटार से स्वयं ही अपनी छाती पर प्रहार किया और रानी दुर्गावती का प्राणान्त हो गया। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती का बलिदान देश की भावी पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा और देश की माटी रानी दुर्गावती के स्वाभिमान के अंतः करण को सदा भिगोति रहेगी।

इस अवसर पर जिला संयोजक शुभम गिरी, नगर मंत्री शिवम् आर्यन, पुनीत कुमार, कॉलेज उपाध्यक्ष विकास कुमार, चित्रा कुमारी, श्रेया झा, कॉलेज मंत्री राजा जायसवाल, सोशल मीडिया संयोजक जयदीप परमाणिक, मोंटी कुमार, आरती कुमारी, अमित कुमार, अर्जुन कुमार, तनया मिर्धा, अभय कुमार, प्रियांशु कुमार, स्वाति कुमारी, विनीता कुमारी, विक्रम राठौड़ आदि उपस्थित थे।

## एस्पायर कोचिंग के छात्र आमिर का ओवरमैन और माइनिंग सरदार पद पर हुआ चयन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** पूरे रामगढ़ जिला का नंबर वन कोचिंग संस्थान रिभर साईड और पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एस्पायर कोचिंग सेंटर का छात्र आमिर सोहेल ने दो नौकरियों में सफलता अर्जित कर अपने माता-पिता, संस्थान व कोयलांचल का मान बढ़ाया है। बीटीटीआइ रिभर साइड भुरकुंडा निवासी मो. मजहर के पुत्र सह एस्पायार कोचिंग का छात्र आमिर सोहेल दो नौकरियों में सफलता पाकर अपने परिश्रम का लोहा मनवाया है। आमिर की सफलता पर गुरूवार को संस्थान में समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कोचिंग के निदेशक रत्नेश कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए सफल छात्र को उपहार देकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर निदेशक रत्नेश कुमार ने बताया कि



आमिर सोहेल का एमसीएल झारसुगोड़ा में ओवरमैन के पद और एनसीएल में माइनिंग सरदार के पद पर अंतिम रूप से चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। सफलता पाने के लिए निरंतर मेहनत जरूरी है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं की सफलता ही कोचिंग का उद्देश्य व पहचान भी है। निदेशक रत्नेश कुमार ने परिक्षार्थियों से आगामी प्रतियोगी परीक्षा जेएसएससी, बीएसएससी, एसएससी जीडी एवं दरोगा के लिए चरणबद्ध तैयारी करने की सलाह दी। इधर अपने चयन से गदगद आमिर ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के विश्वास, कोचिंग के अनुभवी शिक्षकों का सही मार्गदर्शन, स्टडी मटेरियल, साप्ताहिक टेस्ट व कठिन परिश्रम को दिया है। आमिर की सफलता पर शिक्षक नितेश सिंह, प्रमोद वर्मा, राकेश सिंह, नितेश मिश्रा, राहुल, संजीत, अमित, रजत, सचिन, रोहित, सुमीत, बृजेश, विक्रम सहित विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## तोपा में लगी आग पर अंकुश पाने के लिए सीसीएल कर रहा प्रयास

**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कुजू क्षेत्र अंर्तगत तोपा खुली खदान के निकट कोयले के अवैध उत्खनन के दौरान लगी आग पर अंकुश पाने के लिए सीसीएल प्रबंधन जी तोड़ प्रयासरत है। आग लगी स्थल पर पूर्व परियोजना प्रबंधन द्वारा मिट्टी पत्थर डालकर आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया गया था। परंतु आग पर काबू पाने में सफलता प्राप्त नहीं हुई थी। बाद में वन विभाग द्वारा क्लीयरेंस मिलने के बाद सीसीएल आग पर काबू पाने के लिए शावेल व डोजर मशीन के माध्यम से अगलगी स्थल को कोयले की सीम से अलग करने में जुटा है। साथ ही ब्लास्टिंग कर प्रभावित कोयले की सीम को हटाने की कोशिश की जा रही है। परंतु कई जगह से अभी भी आग की लपटे और धुएं का गुब्बार निकल रहा है। परियोजना प्रबंधन आग पर पूरी तरह से काबू पाने के लिए जी तोड़ प्रयास में जुटा हुआ है।

## टीपीसी संगठन के नाम पर आजसू जिलाध्यक्ष को मिली धमकी

**वॉटसअप मैसेज और कॉलिंग के जरिए मिली धमकी**

**आजसू ज़िलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने रामगढ़ एसपी को दी जानकारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी को एक बार फिर धमकी मिला है। इस बार टीपीसी संगठन के नाम पर मिला है। धमकी में संगठन के साथ



मिलकर साथ चलने की चेतावनी मिली है। दांगी ने मामले की जानकारी रामगढ़ एसपी पीयूष पांडेय को दी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

**क्या है मामला:** आजसू ज़िलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने बताया कि टीपीसी संगठन के नाम पर भरत नामक व्यक्ति ने वॉटसअप कॉल पर बात किया। बातचीत में कहा कि तुम क्रेसर मालिक हो। लेकिन संगठन का अनदेखा कर रहा है। जो बर्दाश्त से बाहर है। हालांकि बातचीत में दोनों तरफ से खूब तनातनी हुआ। बाद एक मैसेज छोड़कर धमकी दी गयी कि मैं टीपीसी संगठन से भरत जी बोल रहे है। तुम क्रसर चला रहे हो। संगठन से बता कर लो। अगर बातचीत किये बगैर क्रसर चलाओगे तो दिक़्कत होगा।

**एसपी को मामले की दी गयी है जानकारीः दिलीप दांगी**

इस संबंध में जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने बताया कि धमकी मिलने के बाद मामले की जानकारी रामगढ़ एसपी को दिया गया है। उन्होंने मामले की छानबीन कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## पतरातू में कृषि महोत्सव का होगा आयोजन

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प सप्ताह सबकी आकांक्षाएं सबका विकास के तहत 6 अक्टूबर को पतरातू प्रखंड के प्रत्येक पंचायत भवन में कृषि महोत्सव आयोजित किया जायेगा। इसकी तैयारी को लेकर पतरातू प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने सफल क्रियान्वयन के लिए कई कर्मियों को प्रतिनियुक्ति किया गया है।

## लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने किया पौधरोपण



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** विश्व लायंस सेवा सप्ताह के तहत लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा गुरूवार को भुरकुंडा उच्च विद्यालय सहित आसपास के क्षेत्रो में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत क्लब की अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी ने पौधरोपण कर किया। इस दौरान क्लब के सदस्यों द्वारा करीब 51 फलदार और छायादार पौधे लगाये गये। साथ ही पौधों के संरक्षण का सामुहिक संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम तहत विद्यार्थियों व ग्रामीणों के बीच दर्जनों पौधे का वितरण कर पर्यावरण को हर-भरा बनाये रखने की अपील की गयी। बताया गया कि विश्व लायंस सेवा सप्ताह के तहत 6 अक्टूबर को ए ला एंग्लाइज स्कूल में नि:शुल्क दंत जांच शिविर लगाया जायेगा। जबकि 7 को राज नर्सिंग होम में नवजात और गर्भवती महिलाओं का वैक्सीनेशन किया जायेगा। वहीं 8 अक्टूबर को आदर्श क्षेत्रीय सीसीएल अस्तपाल भुरकुंडा में मरीजों के बीच फूड पैकेट का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में एमजेएफ लायंस राजेंद्र महतो, संजय कुमार, सोनाराम मांझी, अशोक सिन्हा, संजय कुमार सिंह, विजय वर्णवाल, अखिलेश शर्मा, शिवा प्रसाद, राजेश अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, मोहम्मद मुमताज, अजय सिंह, विमल राय, विजयंत कुमार सहित भुरकुंडा उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक और छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

## जिला पर्यटन संवर्धन परिषद साशी निकाय की बैठक संपन्न



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद (समिति) शासी निकाय की बैठक की गयी। बैठक में जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार रॉय द्वारा चतरा जिला अंतर्गत अधिसूचित पर्यटक स्थलों के बारे में बताया गया कि इटखोरी मंदिर, कौलेश्वरी मंदिर, तमासीन जलप्रपात, बागेश्वरी मंदिर बलबल दुवारी, लक्ष्मणपुर भेड़ी फॉर्म डेम, गोवा जलप्रपात, खैवा-बनारू जलप्रपात, महादेव मठ पुराना राजा का किला अधिसूचित पर्यटक स्थलों में शामिल है। तमासीन जलप्रपात में पर्यटकों के लिए सुरक्षित क्षेत्र में सेल्फी प्वाइंट, रेलिंग, पर्यटक सेड और गोवा जलप्रपात में पर्यटक सेड, पर्यटको के लिए पेय जल की व्यवस्था करने समेत कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। वहीं उक्त मौके पर वित्तीय वर्ष 2019 – 2020 में पर्यटन मद अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं के अध्तन स्थिति की भी बिंदवार समीक्षा की गयी। बैठक में कई नये पर्यटक स्थल को अधिसूचित पर्यटक स्थल में शामिल करने हेतु प्रस्ताव रखा गया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, चतरा लोकसभा क्षेत्र सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, कार्यपालक दंडाधिकार सह विधि शाखा प्रभारी बिपिन कुमार दुबे समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## उच्च न्यायालय, मानवाधिकार और लोकायुक्त से संबंधित मामले की समीक्षा बैठक




**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक अबु इमरान के निदेर्शानुसार डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का की अध्यक्षता में माननीय उच्च न्यायालय/ मानवाधिकार(राष्ट्रीय एवं राज्य मानवाधिकार आयोग) और लोकायुक्त से संबंधित मामले में लंबित वादों की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में माननीय उच्च न्यायालय झारखंड में जिले के वादों को ससमय निबटारा के लिए डीआरडीए निदेशक ने लंबित वादों की विभागवार व अंचलवार समीक्षा की। डीआरडीए निदेशक ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के मामलों को प्राथमिकता देते हुए निष्पादन के कार्य में तेजी लायी जाये। न्यायालय के लंबित मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जायेगी। उन्होंने गंभीर और जटिल मामलों को अविलंब निष्पादित करने की बात कही। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, कार्यपालक दंडाधिकार सह विधि शाखा प्रभारी बिपिन कुमार दुबे, अंचल अधिकारी समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उप मुखिया को मुखिया का पदभार मिलने से संबंधित प्रखंड कार्यालय से दिया पत्र

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** शाह कॉलोनी के उप मुखिया अजीत कुमार शर्मा को मुखिया का प्रभार मिलने से संबंधित पत्र प्रखंड कार्यालय के द्वारा उन्हें सौंपा गया है। शाह कॉलोनी पंचायत का मामला है। मालूम की शाह कॉलोनी पंचायत के मुखिया पिंकी खातून का निधन पच्चीस अगस्त को हो गया था।

## भारी बारिश से बहेराटांड़ खपरैल मकान का हिस्सा ध्वस्त, घर की मांग

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र में लगातार चार दिनों से हो रही भारी बारिश में एक खपरैल मकान का कुछ हिस्सा ध्वस्त हो गया। जिसके कारण बहेराटांड़ सांडी भरेचनगर निवासी जेठू मांझी पिता स्व कांदो मांझी ने प्रशासन से पीएम या इंदिरा आवास की मांग की है। उन्होंने कहा कि वे चार लोगों का परिवार उक्त खपरैल घर में रहते हैं। जहां एक ही कमरे में रहना खाना और सोना होता था। परंतु बारिश के कारण धंस जाने से उन लोगों को उक्त घर में रहने में परेशानी हो रही है। उन्होंने प्रशासन से घर बनाने की मांग की है।

## चतरा से निकली शौर्य जागरण यात्रा का कुजू में भव्य स्वागत



**कुजू (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा संयुक्त रूप से चतरा से निकाली गयी शौर्य जागरण यात्रा के कुजू पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। विश्व हिंदू परिषद मांडू प्रखंड मंत्री आकाश सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं व धर्मप्रेमियों द्वारा यात्रा को चरही से अगुवाई करते हुए प्राचीन शिव मंदिर कुजू लाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केसरिया झंडों और जोश के साथ जय श्री राम के गगन भेदी नारे से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान किया। मंदिर परिसर में प्रभु श्री राम मंदिर के प्रारूप का विधिवत पूजन किया गया। साथ ही, रथ पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत करते हुए चालक सूरज जी और सवार सुरेंद्र जी को सम्मानित किया गया। बाद में शौर्य जागरण यात्रा रांची के लिए रवाना किया गया। बताया गया कि रथ रांची से 8 अक्टूबर को अयोध्या के लिए रवाना किया जायेगा। इस अवसर पर आरएसएस के विश्वजीत, राकेश कुमार रॉक, जयकुमार ओझा, श्रवण साव, ऋषभ साहू, अरविंद साहू, रवि साहू, विकास सिंह, फूदन मिश्रा, नरेश साव, प्रेम पटेल, अभिषेक पासवान, शिववचन सिंह, सुनील मेहता, वीरेंद्र करमाली, शुभम सिंह, अमित केशरी आदि मौजूद थे।

# सिक्किम में बचाव की तैयारी

सिक्किम की तीस्ता नदी में मंगलवार रात को अचानक बाढ़ आने और सेना के 23 जवानों के लापता होने की खबर चिंतित करने वाली है। इस फ्लैश फ्लड के कारण जगह-जगह इन्फ्रास्ट्रक्चर का भी काफी नुकसान हुआ है। सड़कें तो टूटी ही हैं, सैन्य प्रतिष्ठानों को भी नुकसान पहुंचने की खबरें हैं। अभी स्वाभाविक ही सबसे ज्यादा ध्यान लापता सैनिकों की तलाश करने और यह सुनिश्चित करने पर दिया जा रहा है कि जहां भी जरूरी हो जल्द से जल्द मदद उपलब्ध करवायी जाये, ताकि इस प्राकृतिक आपदा के चलते किसी के जान गंवाने की नौबत न आये, लेकिन इसके बाद इस पूरे क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर को हुए नुकसान का भी जायजा लेकर उन्हें जल्द से जल्द पुरानी स्थिति में लाना होगा। उत्तरी सिक्किम का यह इलाका भारत-नेपाल सीमा के करीब पड़ता है। हालांकि फ्लैश फ्लड का मूल कारण बादल फटना है, लेकिन कई वजहें रहीं, जिनसे यह हादसा अधिकाधिक गंभीर रूप लेता गया। बादल फटने की यह घटना उत्तर सिक्किम के चुंगथाम इलाके में स्थित ल्होनक झील के ऊपर हुई। यह झील ल्होनक ग्लेशियर पर बनी है। बादल फटने के बाद पानी के तेज बहाव के चलते लेक की दीवारें टूट गयीं और भारी मात्रा में मलबे के साथ पानी तीस्ता में आया, जिससे नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया। हालांकि बचाव और राहत कार्यों को लेकर सिक्किम सरकार के साथ पश्चिम बंगाल सरकार का तंत्र भी सक्रिय हो गया है और सभी आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। इस संबंध में गौर करने वाली एक बात यह भी है कि आपदा प्राकृतिक जरूर है, लेकिन पूरी तरह अप्रत्याशित नहीं कही जा सकती। ल्होनक झील इस क्षेत्र की 14 उन ग्लेशियल लेक्स में शामिल है, जिन्हें पहले से ही संवेदनशील माना जा रहा है। ग्लोबल वॉर्मिंग के प्रभावों से पिघल रहे ल्होनक ग्लेशियर का पानी इसी झील में जमा हो रहा था, जिससे इसका क्षेत्रफल लगातार बढ़ता जा रहा था। इसी साल मार्च महीने में संसद में पेश की गयी एक रिपोर्ट में बताया गया था कि हिमालय के तमाम ग्लेशियर अलग-अलग दर से, लेकिन तेजी से पिघल रहे हैं और इस वजह से हिमालय की नदियां किसी भी समय बड़ी प्राकृतिक आपदा का कारण बन सकती हैं। यह सही है कि ग्लोबल वॉर्मिंग वैश्विक मसला है और किसी एक देश की सरकार अकेले अपने बूते इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं कर सकती, लेकिन फिर भी बड़े और संवेदनशील ग्लेशियरों की स्थिति पर लगातार नजर रखते हुए संभावित हादसों से निपटने की तैयारी जरूर की जा सकती है। इन हादसों के दायरे में आने वाले इलाकों के लोगों को भी अपेक्षाकृत ज्यादा जागरूक रखा जा सकता है। इन उपायों से हादसे भले न टलें, लेकिन उनसे होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

**इसी साल मार्च महीने में संसद में पेश की गयी एक रिपोर्ट में बताया गया था कि हिमालय के तमाम ग्लेशियर अलग-अलग दर से, लेकिन तेजी से पिघल रहे हैं और इस वजह से हिमालय की नदियां किसी भी समय बड़ी प्राकृतिक आपदा का कारण बन सकती हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**इंडो-पैसिफिक हंपबैक डॉल्फिन और गंगा नदी में पायी जाने वाली डॉल्फिन प्रजातियां सबसे मुख्य हैं। ये डॉल्फिन प्रजातियां अपने पर्यावास के आसपास पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। गंगा नदी में पायी जाने वाली डॉल्फिन प्रजातिअपने गुलाबी रंग और मीठे पानी के वातावरण के लिए अद्वितीय अनुकूलन के साथ, गंगा, ब्रह्मपुत्र और उनकी सहायक नदियों में पायी जाने वाली एक विशिष्ट प्रजाति है।**

# भारत में डॉल्फिन का संरक्षण



लीना नंदन

डॉल्फिन एक अद्भुत प्रजाति है, जो अपनी बुद्धिमत्ता और करिश्माई आकर्षण के लिए जानी जाती है। भारत में यह विलक्षणजीव सांस्कृतिक और पारिस्थितिकीय दोनों रूपों में महत्वपूर्ण है। ये जीव अपनी चपलता और चंचल व्यवहार दोनो के लिए जाने जाते हैं, जिससे वे वन्य जीवन पर नजर रखने वालों के बीच लोकप्रिय हैं।

भारत अपने तटीय और मीठे पानी वाले क्षेत्रों में रहने वाली डॉल्फिन प्रजातियों की समृद्ध विविधता से परिपूर्ण है। इंडो-पैसिफिक हंपबैक डॉल्फिन और गंगा नदी में पायी जाने वाली डॉल्फिन प्रजातियां सबसे मुख्य हैं। ये डॉल्फिन प्रजातियां अपने पयार्वास के आसपास पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। गंगा नदी में पायी जाने वाली डॉल्फिन प्रजातिअपने गुलाबी रंग और मीठे पानी के वातावरण के लिए अद्वितीय अनुकूलन के साथ, गंगा, ब्रह्मपुत्र और उनकी सहायक नदियों में पायी जाने वाली एक विशिष्ट प्रजाति है।

हालांकि, डॉल्फिन संरक्षण को पयार्वास विखंडन, जल प्रदूषण, मत्स्य पालन सहित मानवीय हस्तक्षेप, बांध और बैराज तथा जलवायु परिवर्तन जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। भारत में डॉल्फिन संरक्षण के लिए प्राथमिक चुनौती उसके पयार्वास का क्षरण है। तेजी से शहरीकरण, औद्योगीकरण और अस्थिर कृषि पद्धतियों के कारण जल प्रदूषण, पयार्वास का विनाश होने के साथ-साथ नदियों और उनके मुहानों में जल का प्रवाह कम हो गया है। ये परिवर्तन उस नाजुक इकोसिस्टम को नुकसान पहुंचाते हैं, जिस पर डॉल्फिन अपने अस्तित्व के लिए निर्भर हैं। कृषि के साथ-साथ औद्योगिक और घरेलू कचरे से होने वाला प्रदूषण डॉल्फिन के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। प्रदूषण के घटक जल स्त्रोतों को दूषित करते हैं, इनके लिए खाद्य की उपलब्धता को प्रभावित करते हैं और खाद्य में विषाक्त पदार्थों या जैवसंचय के माध्यम से डॉल्फिन को सीधे नुकसान पहुंचा सकते हैं।

डॉल्फिन भी अक्सर मछली पकड़ने के दौरान और समुद्र के औद्योगीकरण का अनजाने शिकार बन जाती हैं। वे मछली पकड़ने के जाल में फंस जाती हैं, जिससे वे घायल होती हैं या उनकी मृत्यु हो जाती है। नदियों पर बांधों और बैराजों के निर्माण से पानी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित होता है और डॉल्फिन की आबादी अलग-थलग हो जाती है। यह विखंडन उनकी आनुवंशिक विविधता को कम करता है और उन्हें अंतःप्रजनन और स्थानीय तौर पर विलुप्त होने के लिए बाध्य करता है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, जैसे समुद्र के बढ़ते तापमान और समुद्र के जल स्तर में वृद्धि का डॉल्फिन की आबादी पर अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। मछलियों की अनियमित संख्या और महत्वपूर्ण पर्यावासों का नुकसान इनके संभावित परिणाम हैं।

**भारत सरकार द्वारा 2020 में प्रोजेक्ट डॉल्फिन लॉन्च किया गया।**



**भारत सरकार द्वारा 2020 में प्रोजेक्ट डॉल्फिन लॉन्च किया गया। प्रोजेक्ट डॉल्फिन में विशेष रूप से गणना और अवैध शिकार विरोधी गतिविधियों में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से जलीय और समुद्री डॉल्फिन और जलीय पयार्वास दोनों का संरक्षण शामिल है।**

इनके महत्व, पर्यावरणीय लाभ और मानव कल्याण में योगदान को ध्यान में रखते हुए भारत समुद्री और नदियों में पायी जाने वाली दोनों डॉल्फिन के संरक्षण में अग्रणी है। भारत सरकार द्वारा 2020 में प्रोजेक्ट डॉल्फिन लॉन्च किया गया। प्रोजेक्ट डॉल्फिन में विशेष रूप से गणना और अवैध शिकार विरोधी गतिविधियों में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से जलीय और समुद्री डॉल्फिन और जलीय पयार्वास दोनों का संरक्षण शामिल है। यह परियोजना मछुआरों और अन्य नदी/समुद्र पर निर्भर आबादी को शामिल करेगी और स्थानीय समुदायों की आजीविका में सुधार करने का प्रयास करेगी। डॉल्फिन के संरक्षण के लिए ऐसी गतिविधियों की भी परिकल्पना की जायेगी, जो नदियों और महासागरों में प्रदूषण को कम करने में भी मदद करेगी।

इसके अतिरिक्त गंगा नदी में पायी जाने वाली डॉल्फिन को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा भारत के राष्ट्रीय जलीय जीव के रूप में नामित किया गया है और केंद्र प्रायोजित 'वन्यजीव पयार्वासों का विकास' योजना के तहत राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 22 गंभीर रूप से लुप्त प्राय प्रजातियों में से एक के रूप में शामिल किया गया है। गंगा नदी के किनारे डॉल्फिन के महत्वपूर्ण पर्यावासों को विक्रमशिला डॉल्फिन अभयारण्य, बिहार जैसे संरक्षित क्षेत्रों के रूप में अधिसूचित किया गया है। नदी में पायी जाने वाली डॉल्फिन और जलीय पर्यावासों का हित सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक कार्य योजना (2022-2047) विकसित की गयी है और विभिन्न हितधारकों और संबंधित मंत्रालयों की भूमिका की पहचान की गयी है।

इसलिए, भारत में डॉल्फिन का संरक्षण एक बहुआयामी प्रयास है, जिसके लिए सरकारी निकायों, गैर-सरकारी संगठनों, स्थानीय समुदायों और जनता के बीच समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। पर्यावास क्षरण, प्रदूषण, मत्स्य पालन, ध्वनि प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन का समाधान करके, भारत अपने करिश्माई समुद्री डॉल्फिन के दीर्घकालिक अस्तित्व को सुनिश्चित कर सकता है और अपने समुद्री इकोसिस्टम के स्वास्थ्य की रक्षा कर सकता है। भारतीय जल में इन उल्लेखनीय प्राणियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए संरक्षण के प्रयासों के प्रति निरंतर समर्पण आवश्यक है। डॉल्फिन संरक्षण के लिए प्रयास करें!

**(लेखक : पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की सचिव हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### अग्नि पीड़ित परिवार से मिले भाजपा नेता दिनेश, मदद के लिए बढ़ाया हाथ



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** गोलमुरी थाना अंतर्गत नेहरू कॉलोनी निवासी पांडे कांत के घर मे अचानक दिया से आग लगने से सभी सामान जल गया। गुरुवार को एक अग्नि पीड़ित परिवार से भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने मुलाकात कर सहयोग के लिए हाथ आगे बढ़ाया। मौके दिनेश कुमार ने बताया पांडेय कांत का कच्चे मकान है। गुरुवार सुबह पूजा करने के उपरांत उनके घर के सदस्य काम पर चले गये। मौके पर दिये से आग लग गई। जिससे घर के सामान, कपड़े सहित नगद रुपये भी जलकर पूरी तरह नष्ट हो गये। आग की विभीषिका से विद्युत तार, पलंग व गद्दे तक खाक हो गये। पड़ोसियों व स्थानीय युवकों ने घर से तेज धुंआ एवं आग की लपट देख कर फौरन बुझाने के प्रयास में जुट गये। उन्होंने बताया स्थानीय निवासी अमित बाग ने घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर स्थानीय पार्टी के नेता राजेश त्रिपाठी व रॉकी सिंह बुलाकर जरूरतमंद को सहयोग किया गया। उन्होंने कहा तत्काल अग्नि पीड़ित परिवार को पांच हजार रुपये की वित्तीय सहायता मुहैया कराया गया। इसके अलावे पुनः अस्थाई निर्माण के लिए 15 फीट की छह रूफिंग शीट व लोहे की रॉड का प्रबंध कराया ताकि परिवार को आश्रय मिल सके। मौके पर दिनेश कुमार ने शौर्य संस्था के संस्थापक अमरजीत सिंह राजा से बात कर तत्काल आवश्यकता अनुरूप राशन सामग्री व पहनने के लिए कपड़े दिलाने का आग्रह किया। मौके पर परिवार ने भाजपा नेता के प्रति आभार व्यक्त की।

### ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी सेविका को हटाने व उनके पति पर कार्रवाई की मांग को लेकर किया प्रदर्शन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के डुमरिया प्रखंड स्थित धतकीडीह आंगनबाड़ी सेविका के पति द्वारा ग्रामीणों को धोखे में रख कर हस्ताक्षर कराने का मामला प्रकास में आया है। गुरुवार को ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर आरोप लगाते हुए विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों महिलाओ का कहना है सेविका को हटाने के लिए पहले आवेदन दिया गया था। जिसपर उचित कार्रवाई की बात संबंधित पदाधिकारियों ने कही थी। लेकिन बीते दिनों सेविका के पति द्वारा कंप्यूटर शिक्षा के नाम पर धोखे से हस्ताक्षर कराया गया।सीडीपीओ ने सेविका को पुनः बहाली का आदेश दे दिया। जिसके खिलाफ सभी ग्रामीण आकर्षित होकर बीडीओ के माध्यम से डीसी के नाम मांग पत्र सौपा।ग्रामीण महिलाओं ने सेविका को हटाने व ग्रामीणों से धोखाधड़ी कर हस्ताक्षर कराने के खिलाफ सेविका के पति पर कार्रवाई करने की मांग की। मोके पर ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय परिसर में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जमुना सरदार, शंभू, काजमान, आकाश, राजेश, जयंती सरदार, लक्ष्मी सरदार, शांति सरदार सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

### उपविकास आयुक्त ने गम्हरिया बांधडीह पंचायत का किया औचक निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

## ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षक बच्चों में शिक्षा के साथ सर्वांगीण विकास के लिए करे पहल : प्रवीण गागराई

**कई विद्यालय व आंगनवाड़ी केंद्र का निरिक्षण के दौरान सभी केंद्र में उपस्थित बच्चो से संवाद स्थापित की।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां जिले के उपविकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई ने गुरुवार को गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत बांधडीह पंचायत का औचक निरीक्षण किया। गुरुवार को उप विकास आयुक्त ने विरसा हरित ग्राम योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना व आंगनवाड़ी केंद्र नवाडीह, प्राथमिक मध्य विद्यालय नुवाडीह व बड़ाकाकडा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मधुपुर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मौके पर उन्होनें मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के वृक्षारोपण में तेजी लाने, प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित आवास को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दी। वही उन्होंने कई विद्यालय व आंगनवाड़ी केंद्र का निरिक्षण के दौरान सभी केंद्र में उपस्थित बच्चो से संवाद स्थापित की। उन्होंने शिक्षको को शिक्षा के साथ बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए कई गतिविधिया आयोजित करने की बात कही। साथ ही कैलेंडर के अनुसार मध्यान भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### जमशेदपुर पुलिस की सराहनीय पहल, खोए हुए 285 मोबाइल का किया वितरण



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के लौहनगरी जमशेदपुर व आसपास के क्षेत्र में रहने वाले आम लोगों के लिए गुरुवार खुशी का दिन रहा। एसएसपी कौशल किशोर के निर्देश पर बिष्टुपुर थाना के मल्टीपरपज हॉल में गुम हुए मोबाइल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर शहर के कुल 285 खोए मोबाइल को मोबाइल धारकों को लौटाया गया। इस अवसर पर एसएसपी किशोर कौशल, सिटी सह ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, डीएसपी सीसीआर अनिमेष गुप्ता सहित ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी शामिल रहे। समारोह में खोए हुए मोबाइल मिलते ही लोगों के चेहरे खिल उठे। मौके पर कई मोबाइल धारको को बताया उम्मीद नहीं थी मोबाइल वापस मिलेगी। लेकिन जमशेदपुर पुलिस के सराहनीय पहल पर आज कीमती मोबाइल वापस मिला। इसके लिए एसटी सहित पूरी पुलिस टीम को बधाई देते हैं। मौके पर एसएसपी किशोर कौशल ने कहा वितरण समारोह का छठा चरण है।

### सरयू राय के निर्देश पर डेंगू से बचाव के लिए भाजमो ने चलाया अभियान

## बिरसानगर में श्रमदान कर स्वच्छता के लिए दिये संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शहर में डेंगू का प्रकोप काफी बढ़ने लगा है। कई क्षेत्र में डेंगू की चपेट में आने से लोगों की मौत हो रही है। बीमारी से बचाव के लिए जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में विधायक सरयू राय के निर्देश पर बीते एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता के लिए श्रमदान अभियान का शुभारंभ किया गया। गुरुवार को भारतीय जनतंत्र मोर्चा के बिरसानगर मंडल अध्यक्ष शंकर कर्मकार के नेतृत में बिरसानगर मंडल के पूर्वी जोन नंबर 1बी, जोन नंबर - 3 काली मंदिर के समीप व नीलडीह स्कूल के समीप अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मंडल के कार्यकताओं ने एंटी लार्वा का छिड़काव करवाया। विधायक के निर्देश पर भाजमो कार्यकर्ताओ ने प्रत्येक दिन जमशेदपुर महानगर के अलग-अलग स्थानों का निरीक्षण कर गली मोहल्लों से गंदगी, कुड़े- कचड़े, नालियों का जल जमाव सहित अन्य का मुआयना कर जेएनएसी एवं जुस्को को सुचित कर रहे। साथ ही कार्यकर्ताओं ने श्रमदान सफाई अभियान चलाया। मौके पर जिला मंत्री विकाश, शंकर, शेखर, सरस्वती, जीतेन्द्र, अजय, बलदेव, दीप्ती, अजय, विक्टर, विकाश, मोनी नाग, आरती, विनीत, बलराम, सनी सहित सैकड़ो भाजमो समर्थक शामिल रहे।

### टिनप्लेट अस्पताल में ईलाज के दौरान 22 वर्षीय युवती की मौत, जांच में जुटी पुलिस





आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर शहर में डेंगू के कहर काफी बढ़ गया है। जिला प्रशासन व कई सामाजिक संस्था एंटी लार्वा व ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव व जल जमाव से बचने के साथ पानी गर्म कर पीने के लिए लोगो से अपील कर रही है। उधर डेंगू के चपेट में आने से कई लोगो का इलाज अस्पताल में चल रही, कई लोगो की मौत होरही है। बीते दिनों शहर के टेल्को प्रेमगर निवासी 22 वर्षीय निधि कुमारी को बीमार अबस्था में इलाज के लिए टिनप्लेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरुवार को इलाज के दौरान युवती की मौत हो गयी। उधर घटना की सूचना मिलते ही परिवार के लोगों में मातम का छागया। उन्होंने टिनप्लेट अस्पताल परिसर में हंगामा किया। वही घटना के बाद रोते बिलखते हुए परिजनों का हाल बेहाल हो गया। परिजनों का कहना है निधि मंगलवार (3 अक्टूबर) को टिनप्लेट अस्पताल में भर्ती हुई थी। डॉक्टरों ने अंतिम समय पर रेफर कर दिया।नाजुक हालत में वे बच्ची को लेकर जाय। उधर आइसीयू में शिफ्ट किया गया। युवती की इलाज के दौरान मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया। मौके पर सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस परिजनों को समझा बुझा कर शांत कराया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बागबेड़ा क्षेत्र में मौलिक सुविधाओं की मांग को लेकर प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा 6 सूत्री मांग पत्र




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बागबेड़ा क्षेत्र में मौलिक सुविधाओ की मांग को लेकर बागबेड़ा विकास समिति के एक प्रतिनिधि मंडल डीसी कार्यालय पहुच कर विरोध दर्ज कराया। गुरुवार को प्रतिनिधि मंडल ने विरोध प्रदर्शन करते हुए डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम 6 सूत्री मांग पत्र सौपा। मौके पर बागबेड़ा विकास समिति के अध्यक्ष गणेश विश्वकर्मा ने बताया संपूर्ण बागबेड़ा क्षेत्र में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सरकार योजना के तहत बागबेड़ा क्षेत्र में सफाई अभियान चलाने की सुनिश्चित करें। बगवाड़ा से खरकाई नदी जाने वाले पुल गिरने की कगार में है। प्रतिदिन पुल से लगभग 10 हजार लोगों का आना जाना लगा रहता है। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री से दुर्गा पूजा व छठ की त्यौहार को देखते हुए जल्द पुल निर्माण के लिए मांग की। साथ ही तीनों पंचायत क्षेत्र में चुनाव होने के बाद भी पंचायत भवन का निर्माण नहीं हुआ। जल्द तीनो पंचायत में भवन का निर्माण कराया जाए। पांच पंचायत में रिंग रोड बनाया जाय,सड़क गड्ढे में तब्दील हो गया है उसका जल्द निर्माण कराया जाए।

## गढ़वा जिले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा सह जनसभा में जुटे हजारों लोग, कहा

# सरकार ने अधिकारियों को सिर्फ बालू की गाड़ी पकड़ने व पैसा वसूलने में लगा दिया





सोनू कुमार गुप्ता

**गढ़वा।** भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के दौरान आज जिला मुख्यालय के सदर प्रखंड फरठिया पंचायत के चेतना गांव में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एक वक्त था जब देश के गरीब बैंक का चौखट नहीं पार कर पाते थे, लेकिन मोदी ने जन धन खाता खुलवा कर उन गरीबों को बैंक तक पहुंचाने का काम किया। कोरोना में जब सबकुछ बंद था, सबकी जान पर आफत आई थी। उस वक्त भी पीएम द्वारा सबके खाते में पैसा भेजने का काम किया गया। हेमंत सोरेन की सरकार गरीबों का अनाज उन तक नहीं पहुंचा पाती जिसे मोदी द्वारा भेजा जाता है। हेमंत सरकार को गरीबों की तनिक भी चिंता नहीं है। जो गरीब कल खपड़ैल और झोपड़ी में रहा करते थे आज वो पक्के मकानों में जीवन बसर कर रहे हैं। एक वक्त था जब मां बहने चूल्हा पर खाना पकाती थीं। वो शहरों में गैस चूल्हा देख कर तरसती थीं। लेकिन उन तक उज्जवला योजना से गैस चूल्हा पहुंचा कर उनके सपनों को पूरा करने का काम किया। सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज शुरू कराया गया, लेकिन इस सरकार ने उसे भी पूरा नहीं किया। लेकिन अफसोस करने की बात नहीं है, जब भाजपा की सरकार बनेगी तो जिस लाभ से आप वंचित हैं वो आपको मिलेगा, अब बेरोजगारों को तकनीकी ज्ञान से परिपूर्ण किया जाएगा, उन्हें रोजगार के लिए ऋण भी मिलेगा। महिलाओं के लिए विधानसभा में पैंतीस प्रतिशत सीट रिजर्व करने का काम पीएम मोदी ने किया। राज्य सरकार का मुख्य काम कानून व्यवस्था मुस्तैद करना होता है। लेकिन आज स्थिति काफी भयावह है। आज आप दिन के उजाले में महफूज नहीं हैं। वहीं गढ़वा रंका के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने बाबूलाल मरांडी को अवगत कराते हुए कहा कि यहां लूट की सरकार स्थापित हो गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधि स्थानीय लोगों की जमीन हड़पने में दिन-रात एक कर लगे हुए हैं। यहां के अधिकारी भी उनके ही इशारे पर कार्य कर रहे हैं। वहीं पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार के राज्य में बदमाशों का बोलबाला बढ़ चुका है। आज कोई भी लोग महफूज नहीं हैं। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलख नाथ पांडेय ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार में लोगों ने जो आशा विश्वास के साथ सरकार को कार्यभार सौंपा था यह सरकार उस विश्वास को अपने पैरों तले रौंदते हुए अपनी भलाई के लिए कार्य कर रही है। मंच संचालन संतोष दुबे के द्वारा किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, प्रदेश के नेता बालमुकुंद सहाय, जवाहर पासवान, सूरज गुप्ता, मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, मुरली श्याम सोनी, मनीष गुप्ता बबलू पटवा, दीपक तिवारी, रविंद्र जायसवाल, कंचन जायसवाल, अंजली गुप्ता सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। बाबूलाल मरांडी ने बंशीधर नगर से वापसी के दौरान रंका मोड़ स्थित भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तो वहीं अलखनाथ पांडे ने सोनपुरवा स्थित अपने आवास पर स्वागत व माल्यार्पण पुष्प कुछ देकर किया।

जनसभा कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाजपा के दामन थामा। वहीं कन्हैया चौबे ने भी बाबूलाल मरांडी के हाथों भाजपा का दामन थाम कंधे से कंधे मिलाकर कार्य करने की बात कही।

## भाजपा विधायक भानू ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ किया स्वागत



**रमना (आजाद सिपाही)।** भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का स्वागत भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के रमना भगत सिंह चौक पर किया। इस अवसर पर सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। वहीं बाबूलाल मरांडी भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बंशीधर नगर में आयोजित जन संकल्प यात्रा के लिए रवाना हुये। मौके पर विधायक भानु प्रताप शाही, मण्डल महामंत्री राजेश सिंह, अध्यक्ष बलजीत सोनी, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, विधायक प्रतिनिधि पंकज सिंह, रूपनारायण यादव, सुमन गुप्ता, शंकर चंद्रवंशी, जोखू सिंह, अमित प्रकाश सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### बाबूलाल मरांडी ने श्रीबंशीधर नगर के पीएचडी मैदान में संकल्प यात्रा को किया संबोधित, कहा

# झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर भ्रष्टाचारियों को कड़ी सजा दी जायेगी

**झारखंड में भाजपा की सरकार बनने के बाद नगर ऊंटरी को जिला एवं यहां बंद पड़े घाघरा एवं तुलसीदामर माइंस को चालू करायेंगे**





प्रशांत सहाय

**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड में भाजपा की सरकार बनने के बाद भ्रष्टाचारियों एवं अपराधियों को कड़ी सजा दी जाएगी। उक्त बातें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने श्री बंशीधर नगर के पीएचडी मैदान में संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार में राज्य में माफिया, भ्रष्टाचारी बेखोफ हो गए हैं। पूरे राज्य में भ्रष्टाचारियों का बोलबाला है। हेमंत है तो हिम्मत है का नारा देने वाली ऐ सरकार बाहुबलियों एवं भ्रष्टाचारियो के लिए हिम्मत प्रदान करने वाली सरकार बनकर रह गई है। ऐसे भ्रष्ट लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन हमेशा दंभ भरते थे कि वह जेल जाने से नहीं डरते आज जब उन पर ईडी ने शिकंजा कसा है तो वह ईडी के जवाब देने से भागते फिरते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी भ्रष्टाचारी बच नहीं सकता उसे सजा मिलनी ही चाहिए। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में भाजपा सरकार बनने के बाद नगर ऊंटरी को जिला एवं यहां बंद पड़े घाघरा एवं तुलसीदामर माइनस को चालू करना एवं कनहर की पानी को भवनाथपुर विधानसभा के कोने कोने के साथ पूरे गढ़वा जिला में पहुंचाने का कार्य झारखंड में बनने वाली सरकार अवश्य करेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार अपराधियों का संरक्षक है आज राज्य में कोई सुरक्षित नजर नहीं आता है। गरीबों के बालू पर हेमंत सोरेन सरकार ने विभिन्न राज्यों के माफिया को बैठा दिया है। अब बालू माफियाओं के अधीन है। पुलिस को जहां चोरी और अपराधियों को पकड़ने का काम करना चाहिए था और बालू के पीछे पड़े हुए हैं। स्थानीय लोग, आम लोग व गरीब लोग को बालू ना मिल पाए इसमें पुलिस लगी हुई है। उन्होंने कहा कि पूरा राज्य में भ्रष्टाचार फैला हुआ है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में 2013 तक बालू मुफ्त था। झारखंड के लोगों को बालू मुफ्त में दिया जाता था, परंतु हेमंत सरकार में उस पर माफियाओं ने कब्जा कर आम लोगों से बालू दूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री मोदी जी पुनः देश में वापसी करके तीसरी बार सरकार बनाएंगे।

संकल्प यात्रा सभा को संबोधित करते हुए भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि आगामी चुनाव में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता के साथ-साथ पूरे राज्य की जनता राज्य की भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंक कर बाबूलाल मरांडी को मुख्यमंत्री बनाने का काम करेगी।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार बालू को सोना बनाने का काम किया है आज आम लोगों को प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए बालू नहीं मिल पा रहा है जबकि बालू माफियाओं के द्वारा दूसरे राज्यों में बालू की कालाबाजारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार पुलिस को मोटरसाइकिल के कागज के नाम पर गरीबों से पैसा उगाही करने का काम दिया है। ऑनलाइन एवं मोटेशन के नाम से गरीबों के पॉकेट से पैसा निकाला जा रहा है। बिजली विभाग के कर्मियों के माध्यम से गरीबों किसानों को परेशान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भवनाथपुर क्षेत्र की जनता ने आगामी चुनाव में भाजपा को जीताकर बाबूलाल मरांडी को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प ले लिया है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल के मुख्यमंत्री बनने के बाद ही झारखंड का विकास अब संभव है। झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचारी अपराधियों को लगाम में लाने का काम बाबूलाल मरांडी ही कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य का एक ही लाल बाबूलाल मरांडी है। उन्होंने उपस्थित बाबूलाल मरांडी से भाजपा की सरकार बनने के बाद नगर ऊंटरी को जिला और भवनाथपुर को अनुमंडल बनाने की भी मांग की।

मौके पर कार्यक्रम को रामचंद्रकेशरी, बालमुकुंद सहाय, रावट्सगंज के विधायक भूपेश चौबे, शारदा महेश प्रताप देव सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया।

## नकाबपोश बाइक सवार दो अपराधियों ने महिला जिप सदस्य से की लाखों रुपये की छिनतई



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा शहर के बाईपास रोड स्थित स्टूडेंट क्लब के पास अज्ञात एक बाइक पर सवार दो नकाबपोश अपराधियों ने एक महिला जिप सदस्य से डेढ़ लाख रुपए की छिनतई कर फरार हो गये। घटना के बाद उक्त पीड़ित महिला ने गढ़वा थाना में आवेदन देकर न्याय का गुहार लगायी है। घटना में पीड़ित महिला जिला परिषद सदस्य अमृतांजलि दुबे के साथ हुआ है। जिला परिषद सदस्य ने मामले की जानकारी गढ़वा थाने को दी है। जिला परिषद सदस्य अमृतांजलि दुबे ने बताया कि वह टंडवा स्थित एडीबी बैंक से डेढ़ लाख रुपए निकाल कर पुरानी बाजार अपनी सास के साथ जा रही थी। इस दौरान ज्ञान निकेतन स्कूल के समीप मोटरसाइकिल पर सवार दो नकाबपोश अपराधी वहां पहुंचे और उनके हाथ में रखे झोले को लूटकर फरार हो गए। अमृतांजलि दुबे ने बताया कि झोले में डेढ़ लाख रुपए, चेक बुक और एटीएम कार्ड था। उसने बताया कि वह पुरानी बाजार कुछ सामान की खरीदारी करने जा रही थी। इसी बीच दो मोटरसाइकिल सवार वहां पहुंचे और उनके हाथ से झोले को छीनकर फरार हो गए। जिला परिषद सदस्य ने इसकी सूचना तत्काल गढ़वा पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। शहर में इस तरह की घटना पिछले दिनों कई बार भी हो चुकी है। शहर में गश्ती और पेट्रोलिंग पार्टी के बाद भी लुटेरे घटना को अंजाम दे रहे हैं।

# गिरिनाथ सिंह के नेतृत्व में बाबूलाल मरांडी का लातदाग में कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**गिरिनाथ सिंह के साथ हजारों लोग बाजे-गाजे के साथ स्वागत के लिए घंटों खड़े रहे**



बलराम शर्मा

**मेराल।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के चेतना में आयोजित भाजपा का संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शिरकत करने जा रहे प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का गुरुवार को लातदाग गांव में गिरिनाथ सिंह के नेतृत्व में नेताओं-कार्यकताओं द्वारा बाजे-गाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया।

श्री मरांडी के आने में विलंब होने पर भी सभी लोग फूलमाला लिए बाजे गाजे के साथ घंटों तक प्रतीक्षा करते रहे। इस दौरान लोगों ने बाबूलाल मरांडी जिंदाबाद, गिरिनाथ सिंह जिंदाबाद गढ़वा का नेता कैसा हो वीर गिरिनाथ सिंह जैसा हो आदि नारे लगाते रहे। जैसे ही बाबूलाल मरांडी का काफिला गोपीनाथ सिंह बीएड कॉलेज स्वागत स्थल पर पहुंचा गिरिनाथ सिंह के साथ पूर्व जिला अध्यक्ष गिरेन्द्र पांडे, राजकुमार मद्धेशिया, सुरेश जायसवाल, संजय कांस्यकार, महेंद्र सिंह, राजू सिंह, गंगालाल अग्रवाल, मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी, अमित सिंह, अवध किशोर सिंह, अशोक गुप्ता, धर्मराज दुबे, ललनी यादव, हरे कृष्णा मेहता, बबलू सिंह, विजय प्रसाद, ओमप्रकाश तिवारी, शिव कुमार पांडे आदि लोगों ने बड़ा फूल माला देकर श्री मरांडी का स्वागत किया। उत्साहित भीड़ को देखकर बाबूलाल मरांडी ने गाड़ी के दरवाजे पर खड़े होकर सभा स्थल पर उपस्थित जनसमुह का हाथ हिलाकर अभिवादन किया तथा सभा स्थल पर चलने का इशारा किया।

पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह ने कहा कि लातदाग गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र का पहला गांव है, इसलिए बाबूलाल मरांडी का स्वागत का कार्यक्रम आयोजित किया गया, ताकि कार्यकर्ताओं एवं नेताओं में नई ऊर्जा तथा जोश का संचार हो सके।

## कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा

(Mail Id – kodermanagarpanchayata@gmail.com)

### -: आवश्यक सूचना :-

एतद् द्वारा निम्न आवंटियों को सूचित किया जाता है कि आपको प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक के अन्तर्गत बोनाकाली में निर्मित 90 आवासों में से 07 आवासों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से दिनांक – 09.02.2021 (प्रथम चरण), दिनांक – 05.08.2021 (द्वितीय चरण) एवं दिनांक – 01.11.2021 (तृतीय चरण) को किया गया है तथा आवंटन पत्र भी दिया गया है। वर्तमान में परियोजना स्थल पर निर्मित आवासों का निर्माण लगभग पूर्ण हो गया है, परन्तु निम्न आवंटित लाभुकों के द्वारा लगभग 15 से 30 माह के पश्चात भी लाभुक अंशदान की द्वितीय किस्त की राशि रू0 71,750 जमा नही की गई है। जिसकी सूची निम्नवत् है –

| Sl. No. | Survey ID | Name | Father/Husband Name |
|---|---|---|---|
| 1 | 5926066 | Krishna Kumar Sharma | Mantu Sharma |
| 2 | 5903623 | Nipa Singh | Neeraj Singh |
| 3 | 5912524 | Rubi Devi | Ravindra Prasad |
| 4 | 5961127 | Sanket Kumar Sinha | Krishna Kumar Sinha |
| 5 | 5955638 | Vinod Yadav | Vashudeo Yadav |
| 6 | 5624637 | Anand Kumar | Kuldeep Singh |

अतः उपरोक्त सूची के लाभुकों को निदेश दिया जाता है कि दिनांक – 12.10.2023 तक द्वितीय किस्त की राशि 71,750 रू0 कैनरा बैंक खाता सं0 – 110006635910, IFSC Code – CNRB0003376 में अनिवार्य रूप से जमा कर दें अन्यथा निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं किये जाने पर आपके आवंटित आवास को रद्द कर दी जायेगी। आवास रद्द किए जाने के पश्चात कोई भी दावा मान्य नहीं किया जायेगा एवं प्रतीक्षारत/योग्य लाभार्थी को आवास आवंटन करने की कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 308362 (Urban Development) 23-24 (D)

## झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)

एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

### अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)

**PR No.-306205 Dated : 04.09.2023**

अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- **102/2023-24** दिनांक :- 04.10.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-GAR-13/2023-24 | काण्डी | 1 | मंझिआंव बौराह से नवडीहवा टोला तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.050 कि०मी०) | 1236.182 | बारह करोड़ छत्तीस लाख अठारह हजार दो सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | बरडीहा | 2 | लोका मोड़ से कुन्दरीहे तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 1.370 कि०मी०) | | | |
| | | मझिआंव | 3 | पुरहे से बलिगढ़ होते हुए हथिया चट्टान तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.300 कि०मी०) | | | |
| | | मझिआंव | 4 | कौआखोह से सननी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 5.400 कि०मी०) | | | |
| | | मझिआंव | 5 | आमर से भुसुआ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.680 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–**09.10.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **17.10.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **गढ़वा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:–**18.10.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीडपोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (**18.10.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–**19.10.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेटबैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंकड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **गढ़वा** के पक्ष में एवं **गढ़वा** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR 308426 (Rural Work Department) 23-24 (D)

# कस्तूरबा की बीमार नौवीं की छात्रा की अस्पताल पहुंचने से पहले हुई मौत

**परिजनों ने लगाया विद्यालय प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप**

**अभी भी तीन छात्राएं अस्पताल में भर्ती हैं**



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कांडी की कक्षा नवीं की छात्रा किरण कुमारी (15) ने गुरुवार को रेफरल अस्पताल मझिआंव पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। किरण मोखापी गांव निवासी रविंद्र कुमार रवि की पुत्री थी। रविंद्र मजदूरी करने चेन्नई गए हुए हैं। मृतका के चचेरे भाई सुनील कुमार ने बताया कि गुरुवार की सुबह कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कांडी के गार्ड के मोबाइल से फोन कर बताया गया कि किरण की तबियत खराब हो गई है, उसे घर ले जाइए। किरण को घर लाकर गांव के ही एक डॉक्टर को दिखाया गया जिसने अच्छे डॉक्टर से दिखाने की सलाह दी। परिजनों द्वारा किरण को टेम्पो से रेफरल अस्पताल मझिआंव ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतका किरण की मां संगीता देवी ने बताया कि उसकी बेटी को कुछ नहीं हुआ था। वह स्वस्थ थी, अचानक विद्यालय में ऐसा क्या हो गया कि उसकी जान चली गई। समझ नहीं आ रहा है। मृतका के चचेरे भाई सुनील ने विद्यालय प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया। सुनील ने कहा कि मैडम द्वारा समय रहते हमें बताना चाहिए था। मामला सीरियस होने पर खबर दी गई। इधर रेफरल अस्पताल मझिआंव में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर कविता कुमारी की सूचना पर दल बल के साथ अस्पताल पहुंचे मझिआंव थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया गया।

अभी भी तीन छात्राएं वर्ग नौ की पूजा, दुर्गा व वर्ग 10 की सरिता कांडी अस्पताल में भर्ती हैं। जिन्हें लूज मोशन व उल्टी की शिकायत है। इनकी तबियत सुबह में खराब हुई थी लेकिन इन्हें दो बजे दोपहर में अस्पताल लाया गया। जिनकी हालत अभी भी ठीक नहीं है। इससे पूर्व भी वर्ग 11 की पुष्पा व खुशबू कुमारी की तबियत खराब होने के बाद इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया था। आज ही लगभग दो दर्जन से अधिक छात्राओं को एक साथ इलाज के लिए कांडी अस्पताल भेजा गया था। जिन्हें कुछ गोलियां और ओआरएस का पॉउडर मिला। कस्तूरबा स्कूल की कुछ छात्राओं ने बताया कि यहां पर स्कूल में कुछ ठीक नहीं है। भोजन भी मेनू के अनुसार नही मिलता। पानी भी सही नहीं है, पीने पर उसका स्वाद नमकीन और खराब लगता है। तबियत खराब होने पर तुरंत इलाज भी नहीं होता। यहां वार्डेन का दबाव बहुत अधिक होता है। आज मीडिया को देखने के बाद हमलोगों को अस्पताल भेजा गया है।

**क्या कहती है वार्डेन :** छात्रा की मौत पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कांडी की वार्डेन चंद्रावती कुमारी ने कहा कि छात्राओं की जैसे ही तबियत खराब होती है उन्हें अस्पताल में दिखाया जाता है। किरण की कब तबियत खराब हुई जानकारी नहीं मिल सकी।

**क्या कहते हैं बीईईओ :** इस संबंध में पूछे जाने पर बीईईओ विद्या सागर मेहता ने कहा कि छात्रा की मौत कैसे हुई, यह जांच का विषय है। जांच के बाद ही कुछ बताया जा सकता है।

### छात्रा बेहोशी की हालत में अस्पताल आयी थी : डॉ एसपी सिन्हा

**कांडी अस्पताल के ऑन ड्यूटी डॉक्टर एसपी सिन्हा ने बताया कि कल शाम में कस्तूरबा की छात्रा पुष्पा कुमारी इलाज के लिए आई थी, जिसे बेहोशी की हालत में भर्ती किया गया था। समय पर आती तो ऐसी हालत नहीं होती। सभी हाइजेनिक व पानी की खराबी से लड़कियों की तबियत खराब हो रही है।**

## तीन हिंडाल्को ने स्वच्छता अभियान चलाया



बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। खान प्रभाग हिंडाल्को द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। केंद्र सरकार द्वारा देशभर में गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा पर पीएम नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। पीएम मोदी द्वारा देसवासियों से इस अभियान में हिस्सा लेने की अपील किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत की स्वच्छता पर देश के सभी नागरिकों का सामूहिक जिम्मेदारी है,इसमें जनभागीदारी बहुत ही अहम है। उसी अभियान के कड़ी में गुमला जिला के बिशुनपुर प्रखंड अन्तर्गत हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के आमतिपानी माइंस में जेनरल मैनेजर प्रदीप भालेकर, अजय पांडेय के अलावे तापस गछायत, योगेंद्र लिल्हारे, प्रीत रंजन कुंवर के नेतृत में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत सखुआपनी स्कूल तथा माइंस के नजदीकी गांवों में सफाई अभियान आयोजित किया गया। साथ ही स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के दौरान भारतीय खान ब्यूरो के अधिकारी और हिंडाल्को के अधिकारी सयुक्त रूप से माइंस के अंतर्गत तलब में पौधा रोपण का कार्य किया गया।

## जयंती पर याद की गयी वीरांगना रानी दुर्गावती



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रानी दुर्गावती की जयंती मनायी गयी। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने रानी दुर्गावती के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को रानी दुर्गावती के जीवन से जुड़ी डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गयी। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि कई आक्रमणकारी मुगल शासकों के विरुद्ध अपने साहस और शौर्य के लिए विख्यात रानी दुर्गावती चन्देलगढ़ा साम्राज्य की शासक महारानी थीं। वो भारत की एक प्रसिद्ध चन्देल वीरांगना थीं, जिनका जन्म दुर्गाष्टमी के दिन 5 अक्टूबर 1524 ई. को कालिंजर के राजा कीर्तिवर्मन द्वितीय चंदेल के यहां हुआ था। प्राचार्य के अलावा कन्या भारती और तरुण भारती के प्रधानमंत्री क्रमशः रोशनी उरांव और रोहित और सेनापति भैया अभय साहू और शिक्षक शिक्षिकाओं ने रानी दुर्गावती का चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित की।

## छगरही नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त, आधा दर्जन गांवों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से कटा

महुआडांड (आजाद सिपाही)। पुल के क्षतिग्रस्त होने की खबर सुन ग्रामीणों की चिंता बढ़ गयी है। ग्रामीणों ने बताया कि साल 2015-16 में इस पुल का निर्माण बहुत मुश्किल से कराया गया था। लोगों ने बताया कि पुल निर्माण के समय ही लोगों ने घटिया निर्माण की शिकायत की थी लेकिन संवेदक व विभाग ने उनकी एक नहीं सुनी। ग्रामीणो ने इसकी जांच कराने की मांग की है। ग्रामीण लतीफुल्लाह अंसारी, तौहीद, गणेश यादव, शंकर यादव, मोजीबूलाह, नरेश, रतिया, अरुण वृजिया, बिपिन मुंडा, मनी मुंडा व मनराज गज आदि ने यहां नया पुल का निर्माण कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि किस विभाग से इस पुल का निर्माण कराया गया है, यह जानकारी नहीं है, और ना ही पुल के पास कोई साइनबोर्ड लगा है। एक दो संवेदकों से भी पूछताछ की गयी तो उन्होने भी कुछ बताने से इंकार कर दिया। पथ और ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारियों से भी पूछताछ की गयी तो उन्होने भी कुछ स्पष्ट नहीं बताया।

## किस्को में स्वच्छता एक संकल्प कार्यक्रम का आयोजन



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। संकल्प सप्ताह अंतर्गत लोहरदगा जिला के आकांक्षी प्रखंड किस्को में पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल लोहरदगा की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम अनंर्गत स्वच्छता एक संकल्प कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड के सभी पंचायतों में किया गया जिसके तहत विभिन्न गतिविधियां की गयी। सभी पंचायतों में स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया। स्वच्छ घर, गांव और ग्राम पंचायत अभियान का शुभारंभ किया गया। विद्यालय स्तर पर स्वच्छता अंतर्गत ठोस और तरल कचरा, प्लास्टिक कचरा, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन और शौचालय के रख-रखाव और उपयोग हेतु वाक प्रतियोगिता और चित्रकला का आयोजन स्कूल के बच्चों के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालक अभियंता, पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा और जिला समन्वयक एसबीएम जी आयोजित विभिन्न कार्यक्रम में भाग लिये ।

## मुख्यमंत्री लघु और कुटीर उद्यम विकास के माध्यम से पलायन रोकना है : बीडीओ



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र से पलायन रोकने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्र के महिला पुरूष और युवक युवतियों को मुख्यमंत्री लघु और कुटीर उद्यम विकास के अंतर्गत जोड़ कर घरेलू स्तर पर कार्य देने के लिये निर्देश दिया गया है। इस संदर्भ में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के महिला पुरुष और पढ़े लिखे युवक युवती काम के तलास में बाहर प्रदेशों में पलायन कर जाते हैं। वैसे लोगों के लिये राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री लघु और कुटीर उद्यम के माध्यम से रोजगार दिया जाना है। जिसे ग्रामीण क्षेत्र के लोग बिस्किट निर्माण, चूड़ा, पापड़, अचार, तेल, पशुआहार, तेल, गरम मसाला, उपमा, ड्राइफूड, मिनी राइस मिल, चॉकलेट निर्माण सहित अन्य कार्यो से जुड़ कर कम पूंजी के लागत से और कम मेहनत में कुटीर व लघु उद्योग का कार्य कर सकते हैं। जिसे मजदूरों को अच्छी आमदनी हो सकती है।

## प्रगति युवा झनकार नीनी में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ भव्य आगाज



किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नीनी फुटबॉल मैदान में आदिवासी जितिया जतरा सह तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 का भव्य रूप से शुभारंभ किया गया। इधर प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला माही एफसी बनाम बंडो सोकड़ा के बीच में खेला गया, जिसमें मैदानी संघर्ष में दोनों ही टीम एक-एक की बराबरी पर रहा। इस बीच पेनाल्टी सूट आउट का सहारा लिया गया जिसमें माही एफसी की टीम ने बंडो सोकड़ा को पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। बता दें कि इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग ली है। उल्लेखनीय है कि विगत पंद्रह सालों से नवाडीह पंचायत क्षेत्र के नीनी ग्राम में स्थित फुटबॉल मैदान पर प्रत्येक वर्ष जितिया जतरा के पावन अवसर पर फुटबॉल प्रतियोगिता सह जितिया जतरा का भव्य रूप से किया जाता रहा है। फाइनल सह समापन समारोह और जितिया जतरा के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह लोहरदगा विधान सभा क्षेत्र के पूर्व लोकप्रिय विधायक सुखदेव भगत एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर किस्को थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो शामिल होकर जितिया जतरा में भाग लेने वाली आदिवासी खोड़हा और फुटबॉल प्रेमियों का हौसला बढ़ाने का सराहनीय कार्य करेंगे। इधर पहले दिन के प्रतियोगिता को सफल बनाने में मुख्य रूप से टूनार्मेंट को सफल बनाने में ग्राम प्रधान श्याम लाल भगत, मुख्य संरक्षक रामकुमार लकड़ा, अध्यक्ष आशीष कुजूर, सचिव अंकित उरांव, तबारक हुसैन, जतरू सहित अन्य का अहम योगदान रहा।

# पुलिस का पब्लिक में बेहतर संवाद स्थापित करना उद्देश्य : उपायुक्त

**उन्होंने कहा कि शहीद अजय कुमार सिंह के आदर्शों पर चलकर क्षेत्र में बचे उग्रवादियों को राज्य सरकार की सरेंडर पालिसी के तहत मुख्य धारा पर लाने का प्रयास रहेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता




**पेशरार/लोहरदगा।** जिले के अति सुदूरवर्ती और घोर नक्सल प्रभावित पेशरार थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजार टांड़ पर स्थित फुटबॉल मैदान में दो दिवसीय शहीद अजय कुमार सिंह नॉक आउट फुटबॉल प्रतियोगिता पुलिस प्रशासन के सौजन्य से संपन्न हुआ। इस दौरान फाइनल सह समापन समारोह के मुख्य अतिथि लोहरदगा जिले के पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां और विशिष्ट अतिथि के तौर पर शहीद एसपी अजय कुमार सिंह के पिता रामाश्रय सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। इधर फाइनल मुकाबला रोरद बनाम ओनेगड़ा के बीच में खेला गया। जिसमें रोरद की टीम 2-1 से अपने बेहतर प्रदर्शन के बदौलत जीत हासिल कर खिताब पर कब्जा जमाया। मौके पर अतिथियों के द्वारा विजेता और उप विजेता टीम को ट्राफी, जर्सी सेट और फुटबॉल देकर हौसला अफजाई किया गया। मौके पर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों से एसपी हारिस बिन जमां ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र के खिलाड़ियों के बेहतरी हेतु पुलिस प्रशासन सकारात्मक कार्य करते रही है। आगे भी खिलाड़ियों के हित में अनेकों कार्यक्रम समय समय पर आयोजित किया जाता रहेगा। एसपी ने कहा कि लोहरदगा के जाबांज पुलिस कप्तान शहीद अजय कुमार सिंह उग्रवादियों से लोहा लेते हुए पेशरार थाना क्षेत्र अंतर्गत केकरांग में वीरगति को प्राप्त हुए थे। उनके अधूरे सपनों को पुरा करने हेतु लोहरदगा पुलिस जनता के साथ समन्वय स्थापित कर पूरा करने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि शहीद अजय कुमार सिंह भारतीय पुलिस सेवा के होनहार और दिलेर अधिकारी थे उनके आदर्शों पर चलकर क्षेत्र में बचे उग्रवादियों को राज्य सरकार की सरेंडर पालिसी के तहत मुख्य धारा पर लाने का प्रयास रहेगा और क्षेत्र के छिपे हुए खिलाड़ियों को बेहतर प्लेटफार्म दिलाने का कार्य किया जायेगा। पुलिस और पब्लिक के बीच आपसी संवाद स्थापित कर क्षेत्र का विकास में अग्रणी भूमिका निभायी जायेगी। वहीं विशिष्ट अतिथि शहीद अजय कुमार सिंह के पिता रामाश्रय प्रसाद सिंह ने कहा कि आज हमारे जांबाज बेटे शहीद अजय कुमार सिंह की दिलेरी ने हमें और हमारे परिवार वालों को गौरवान्वित महसूस कराता है। उन्होंने लोहरदगा पुलिस से सच्ची और पूरी निष्ठा के साथ उग्रवादियों से लोहा लेने हेतु अपील किया। मौके पर सीआरपीएफ 158 बटालियन के कमांडेंट राहुल कुमार, असिस्टेंट कमांडेंट तरूण मंडल, पेशरार थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली, बीस सूत्री अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह सहित क्षेत्र के खिलाड़ी और पुलिस बल मौजूद रहे।

# नेतरहाट में जल संकट को आमंत्रण दे रहा है, आउटलेट का टूटा हुआ वॉल

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुआडांड।** महुआडांड झारखंड के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल नेतरहाट की प्राकृतिक सुंदरता से आकर्षित पर्यटक सालों भर घूमने आते रहते हैं। नेतरहाट पर्यटक स्थल विशेष कर अपने सूर्योदय और सूर्यास्त प्वाइंट के लिए प्रसिद्ध है। लेकिन बारिश के दौरान बादलों और जाड़ों में कोहरे की वजह से सूर्योदय और सूर्यास्त के समय प्राकृति के अद्भुत नजारों का लुप्त नहीं उठा पाते हैं, और इसी नजारे को देखने में गर्मी में आते हैं। लेकिन इस गर्मी पर्यटकों और वहां के स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ सकती है। क्योंकि नेतरहाट की लाइफ लाइन कहीं जाने वाली एकमात्र डेम जहां से पूरे क्षेत्र में पानी की आपूर्ति की जाती है। अत्यधिक गर्मी पड़ने से पानी का स्तर बिल्कुल ही नीचे चला जाता है। और ऐसे में बरसात के समय में डेम में बने आउटलेट की दीवार तीन से चार फीट तोड़ दिये जाने से डैम में तीन से चार फीट पानी काम ही रह जायेगा जो की आने वाले गर्मी के समय में जल संकट को आमंत्रण दे रहा है। वहीं से लेकर जल विभाग की ओर से किसी भी प्रकार का सुधार कार्य नहीं किया गया है। एक ओर झारखंड सरकार जिस तरह से पर्यटक स्थल को विकसित करने में विशेष ध्यान दे रही है। इसके बाद भी विभागीय लापरवाही के कारण पर्यटक समेत ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नेतरहाट पंचायत के मुखिया रामविशुन नगेसिया पूर्व मुखिया सुधीर बृजिया पूर्व जिला परिषद सदस्य अजय कुमार, आशुतोष कुमार समेत ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से इस संबंध में सुधार करने की मांग की है। ज्ञात हो कि अभी भी डैम में तीन से चार फीट पानी काम भरा हुआ है।

## मनिका में भूमि अधिग्रहण को लेकर जमीन रैयतों की बैठक संपन्न

# रैयतों को न ही उचित मुआवजा मिला और न ही जमीन के बदले जमीनः सुरेंद्र

**गांव की जमीन की रेट 20,000 से 30,000 प्रति डेसिमल सरकार द्वारा निर्धारित की है जो गलत है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनिका (लातेहार)।** मनिका प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को मनिका अंचला अधिकारी के साथ जमिन रैयतों ने किया बैठक। बैठक का मुख्य उद्देश्य फोरलेन सड़क में अधिग्रहण जमीन के मुआवजा को लेकर किया गया। वहीं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने कहा कि सरकार के द्वारा जो मुआवजा का रेट दिया जा रहा है, एक हजार कहीं ग्यारह सौ यह कीमत पूरे हिंदुस्तान में नहीं मिलेगा यह कहीं से उचित नहीं है इसका हम लोग विरोध करते हैं। सरकार पहले भूमि अधिग्रहण का उचित मुआवजा भुगतान करें गांव की जमीन की रेट 20,000 से 30,000 प्रति डेसिमल सरकार द्वारा निर्धारित की है जो गलत है। उन्होंने कहा कि चार गुना जमीन मालिकों को जमीन की राशि देने की बात की है। राशि के बदले सरकार जमीन जमीन रैयतों की जमीन जा रही है उसका 4 गुना जमीन दे दे इसके बाद ही फोरलेन सड़क बनाने देंगे। सभी रैयतों कि पैसा सरकार मुहैया कराये। सरकार के द्वारा मुआवजे की राशि निर्धारित की गयी, वह बहुत कम है। उन्होंने कहा कि जमीन मालिकों को उचित जमीन की मुआवजा की राशि मिलनी चाहिए। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, परमानंद यादव, हरिहर यादव, बालेश्वर यादव, दरोगी यादव, अमरेश यादव, समाजसेवी अख्तर अंसारी, जगत सिंह, प्रमोद यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दुर्घटना में मृत और घायल मामलों की समीक्षा हुई

# ओवर स्पीड, ड्रंक एंड ड्राइविंग मामलों में जांच अभियान चलाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला परिषद कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम सड़क दुर्घटना में मृत व घायल मामलों की समीक्षा की गयी। इसमें सितंबर माह तक कुल 82 सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की गयी, जिसमें 54 मृतक हैं। वहीं 61 गंभीर रूप से घायल थे। पुलिस विभाग को संबंधित थानों से प्रतिवेदन प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई कराने का निदेश दिया गया। परिवहन विभाग को ओवर स्पीड, ओवर लोडिंग, ड्रंक एंड ड्राइविंग मामलों में जांच अभियान चलाने का निदेश दिया गया। पुलिस विभाग द्वारा 62 मामलों में 1,59000 रुपये दंड स्वरूप वसूल किये जाने की जानकारी दी गयी। पुलिस विभाग को हेलमेट पहनने के लिए सघन वाहन जांच चलाये जाने का निदेश पुलिस विभाग को दिया। एनएच रांची को बाजार समिति और पवरगंज के पास रंबल स्ट्रिप लगाये जाने से संबंधित निदेश दिये गये। बीएस कॉलेज और सेरेंगहातु के पास मुख्य पथ में बड़े गड्ढों को भरे जाने का निदेश दिया गया। कैरो से बक्सी, भंडरा से मकुंदा और नरौली से आकाशी जाने वाली सड़क की मरम्मती का निदेश कार्यपालक अभियंता, आरईओ को दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा सितंबर माह में छोटी-बड़ी गाड़ियों के सघन जांच से सितंबर माह में तीन लाख रुपये दंड स्वरूप वसूल किये गये राशि की जानकारी दी गयी। साथ ही 25 ऑनलाइन लाइसेंस सस्पेंड किये गये। मोटरयान निरीक्षक द्वारा सघन वाहन जांच से 64 लोगों से फाईन वसूल किये जाने की जानकारी दी गयी। उत्पाद विभाग द्वारा सितंबर माह में 139 मामलों में किये गये कार्रवाई की जानकारी दी गयी जिसमें 882 लीटर विदेशी शराब और 675 लीटर जावा हैं। बैठक में संजय वर्मन द्वारा किस्को सेमरडीह बानपुर पथ, टीको-बंडा टोली पथ, भंडरा-कैरो-आकाशी पथ, चिरी-रोचो पथ समेत समस्याओं पर चर्चा की गयी, जिसपर आवश्यक निदेश संबंधित पदाधिकारियों को दिये गये। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, पुलिस उपाधीक्षक प्रमेश्वर प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, नगर परिषद प्रशासक, कार्यपालक अभियंता विद्युत, कार्यपालक अभियंता एनएच, आरईओ समेत सड़क सुरक्षा संमिति के सदस्य व अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता 7 को

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। निदेशक, खेलकूद और युवा कार्य निदेशालय के निदेशानुसार आदिवासी और ग्रामीण स्तरीय खेल का विकास योजना अंतर्गत ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता- 1. तीरंदाजी 2. गुलैल 3. मटका दौड़ 4. गेंडी दौड़ 5. भारा दौड़ और 6. सेकोर का आयोजन में भाग लेने वाले बालक/बालिका का आयु वर्ग 14-40 वर्ष के बीच होना चाहिए और प्रतिभागियों का विवरणी यथा नाम, पिता का नाम, गांव का नाम, आधार कार्ड की संख्या और छायाप्रति के साथ आना अनिवार्य होगा। जिला स्तर पर होने वाले कुल 05 व्यक्तिगत स्पर्धा के लिए प्रति स्पर्धा 02 बालक और 02 बालिका अपने संस्था/ विद्यालय/महाविद्यालय/पंचायत/प्रखंड से भाग लेंगे तथा सेकोर खेल में प्रत्येक प्रखण्ड से 01 बालक टीम और 01 बालिका टीम भाग लेगी, जिसमें एक टीम में 07 खिलाड़ी होगे। प्रतिभागियों को खेल से संबंधित गुलैल, मटका, गेंडी दौड, तीरंदाजी बॉस का भारा दौड़ हेतु खेल सामग्री के साथ सभी प्रखण्डों से प्रतिभागी दिनांक 07.10.2023 को पूर्वाह्न 08:00 बजे तक आयोजन स्थल नदिया हिंदु उच्च विद्यालय मिनी स्टेडियम, लोहरदगा में प्रतिभागियों को ससमय भाग लें। उक्त सूचना जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा ने दी।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला शिक्षा समिति की बैठक

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक हुई। बैठक में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, रांची द्वारा संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2016 (मुख्य) के राज्य स्तर के मेधा सूची के आधार पर शारीरिक शिक्षक विषय के तीन और अंग्रेजी विषय में 01 शिक्षक समेत कुल 04 शिक्षकों की नियुक्ति हेतु प्राप्त अनुशंसा पर चर्चा हुई और सर्वसम्मति से सभी शिक्षकों की नियुक्ति हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही, स्क्रीनिंग हेतु एक समिति का गठन किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी और जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम उपस्थित थे।

## आज नहाय-खाय के साथ जितिया व्रत शुरू कल माताएं रखेंगी पुत्र के लिए उपवास



महुआडांड (आजाद सिपाही)। पुत्रों की दीघार्यु की कामना को लेकर जिउतिया पर्व गुरुवार को का नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। छठ व्रत की तरह जितिया व्रत में भी नहाय-खाय का विधान है। नहाय-खाय व्रत से एक दिन पहले किया जाता है। इसमें व्रती सुबह उठकर पवित्र नदी में स्नान करती है। लेकिन नदी स्नान संभव न हो तो आप घर पर भी पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं। स्नान के बाद पूजा-पाठ किया जाता है और फिर भोजन किया जाता है। आज नहाय-खाय में व्रती माताएं झिंगली, खमरूआ, सतपुतिया, नोनी का साग और मड़ुआ की रोटी खाती हैं। वहीं कल शुक्रवार को माताएं निर्जला व्रत रखेंगी।

## पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा सभा में पांच हजार की भीड़ जुटेगी: हर्षवर्धन सिंह



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। भाजपा के संकल्प यात्रा के सातवें चरण में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह प्रदेश के प्रथम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी 7 अक्टूबर को प्रखंड के हाई स्कूल मैदान परिसर में आयोजित सभा कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गयी। इसकी जानकारी देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि बाबूलाल मरांडी के कार्यक्रम में ऐतिहासिक भीड़ जुटाने के लिए मनिका विधानसभा क्षेत्र में जोर-जोर से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि संकल्प यात्रा सभा कार्यक्रम में 5000 से अधिक लोगों की भीड़ जुटेंगे। इससे पूर्व बुधवार को लातेहार भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह बरवाडीह प्रखंड का दौरा कर कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लिया था। मौके पर सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, प्रदीप सिंह, मनोज प्रसाद, मनोज यादव, उपेंद्र सिंह, ननदेव सिंह, दिलीप यादव, पवन कुमार, उपेंद्र प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे।

## आप पार्टी ने गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार पॉलिटेक्निक चौक में आम आदमी पार्टी के लातेहार जिला पर्यवेक्षक प्रमोद कुमार पांडे के नेतृत्व में अमित शाह का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन में केंद्र सरकार मोदी सरकार का जमकर विरोध में नारा लगाया गया। वही सभा को संबोधित करते प्रमोद कुमार पांडे ने कहा कि लोकतंत्र के साथ अन्याय है। एक जनता के हित में कार्य करने वाली दिल्ली की सरकार से भयभीत होकर के आप पार्टी का तेज दरार नेता ईमानदार नेता संजय सिंह को इंडी और सीबीआई के माध्यम से गिरफ्तार करना। यह भारतीय लोकतंत्र के लिए कलंक है। इस कार्य का हम विरोध करते हैं। अगर संजय सिंह को नहीं छोड़ा गया तो जन आंदोलन को बड़ा रूप तैयार किया जायेगा। मौके पर अमरेश तिवारी किसान सभा अध्यक्ष दीपक प्रजापति नौजवान सभा अध्यक्ष पंचायत अध्यक्ष अमरेश प्रजापति, चरित्र भुइया, जोगिंदर प्रजापति युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष मुकेश जायसवाल, संजू प्रजापति, मोनू समेत कई लोग शामिल थे।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम, वीर शहीदों की याद में मिट्टी संग्रह किया गया




मनिका (आजाद सिपाही)। पूर्व क्षेत्र संस्कृति केंद्र ,कोलकाता संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार और सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित झारखंड के 100 गांव में अमृत कलश यात्रा भारत में अनेक वीर यादव ने अपनी प्राणों की आहुति बेकार देश की आजादी दिलायी आज पहला दिन गुरुवार को मनिका प्रखंड के एजामाड़, पोखरी, नवाडीह कुटमू, गांव में मिट्टी संग्रह का अभियान चलाया गया। लोक कलाकारों के द्वारा ग्रामीणों के मनोरंजन को लेकर गीत संगीत भी प्रस्तुत किये गये और घर-घर जाकर कलश में मिट्टी संग्रह किया गया और सामूहिक रूप से सभी ग्रामीण ने देश की सेवा करने को लेकर शपथ लिया लोक कलाकारों ने देशभक्ति गीत से पूरे गांव में देश भक्तिमय वातावरण बन गया। इस अमृत वाटिका पर देश के शहीदों का नाम नामांकित होगा।

## विधायक रामचंद्र सिंह के प्रयास से महुआडांड़ में आयी बिजली

महुआडांड (आजाद सिपाही)। बालूमाथ में आयोजित संकल्प यात्रा के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा महुआडांड में बिजली लाने संबंधी बयान को लेकर महुआडांड प्रखंड कांग्रेस के कांग्रेस पंचायतीराज के प्रदेश जोनल कॉडिनेटर सह युवा नेता अजीत पाल कुजूर ने एतराज जताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। श्री कुजूर ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का महुआडांड में बिजली लाने में कोई योगदान नही है। वे झूठी कहानी बता कर लोगों को दिग्भ्रमित करने का कार्य कर रहे हैं। वर्तमान विधायक श्री रामचंद्र सिंह के प्रयास से ही महुआडांड में बिजली आई थी। महुआडांड में नेतरहाट से बिजली लाने के लिए वर्ष 2000 में लोकप्रिय विधायक श्री रामचंद्र सिंह अपने विधायक मद से 22 लाख रुपए दिये थे। उस समय उनके कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से नेतरहाट से महुआडांड में बिजली पहुंची थी। जिसका उद्घाटन उस समय लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह ने कराकर एक सोची समझी रणनीति के तहत तत्कालीन मुख्यमंत्री ने बाबूलाल मरांडी से कराया गया।

## शौर्य जागरण रथ यात्रा का पालकोट प्रखंड में भव्य स्वागत, जय श्रीराम के नारों से गूंजा क्षेत्र




**पालकोट (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल द्वारा आयोजित बजरंग दल शौर्य जागरण रथ यात्रा गुरुवार को पालकोट प्रखंड के अम्बेराडीह पहुंची। जिसका स्वागत प्रखंड के सभी राम भक्तों ने जोरदार तरीके से किया। शौर्य जागरण रथ यात्रा मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में बनने वाले भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सरना सनातनियों के अंदर धर्म चेतना जगाने के उद्देश्य से निकाली गयी है। यात्रा को लेकर हिन्दू धर्मावलंबियों में खासा उत्साह है। शौर्य जागरण रथ यात्रा का भव्य स्वागत और कार्यक्रम के बाद लोगों की दर्शन के लिए भीड़ लग गई। उसके बाद बघिमा में भी लोगों ने भव्य स्वागत किया। पूरा माहौल जय श्री राम के नारों से गुंजायमान हो रहा था। बघिमा में भी भक्तों की भीड़ जमा हो गयी। मौके पर सभी लोगों ने श्री राम के दर्शन किये। उसके बाद शौर्य जगारण रथ यात्रा पालकोट नगर का भ्रमण किया। मौके पर भगवान का दर्शन के लिये लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। रथ यात्रा पालकोट से कोलेबिरा के लिये रवाना हुई। मौके पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, मातृशक्ति के समस्त कार्यकर्ता व सरना समिति के श्रीराम भक्त के अलावे पालकोट पुलिस इंस्पेक्टर शयामन्दन मंडल, स्वास्थ्य उपकेंद्र के डाक्टर शामिल थे।

## 8 अक्टूबर को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा की बैठक आयोजित



**गुमला (आजाद सिपाही)।** आगामी 8 अक्टूबर को गुमला विधानसभा स्तरीय भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा के निमित बैठक भाजपा कार्यालय गुमला में की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूपचंद अधिकारी एवं विधानसभा संयोजक भूपन साहू ने की। बताया कि 8 अक्टूबर को झारखंड सरकार के खिलाफ उलगुलान के हेतु संकल्प यात्रा के माध्यम से बाबूलाल मरांडी गुमला विधानसभा अंतर्गत बस डिपो दुनदुरिया में पहुंच रहे हैं। इसमें अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को भाग लेना है और इसकी तैयारी कार्यकर्ताओं ने शुरू कर दी है। इस अवसर पर भाजपा नेता मिसिर कुजूर, शिव शंकर उरांव, कमलेश उरांव, सतनारायण पटेल, विनय लाल, लक्ष्मी बड़ाइक, दिनेश सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जिला अभियोजन कार्यालय गुमला में नये लोक अभियोजक अजय कुमार रजक ने दिया योगदान



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला अभियोजन कार्यालय गुमला में गुरुवार को प्रभारी लोक अभियोजक मो. जावेद हुसैन से गुमला जिले के नए लोक अभियोजक के पद पर अजय कुमार रजक के द्वारा प्रभार ग्रहण किया गया। इस अवसर पर मो. जावेद हुसैन प्रभारी लोक अभियोजक के द्वारा उन्हें पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। मौके पर उपस्थित विशेष लोक अभियोजक अजय प्रसाद, सहायक लोक अभियोजक, संतोष कुमार टुडू, प्रिंस कुमार, किरण पटेल तथा जिला अभियोजन कार्यालय के कर्मियों में अमन कुमार, राजू गोप, विजय साहू, सुकन उरांव, अदीबा, परमजीत तिर्की, कुलदीप नायक, भुवनेश्वर साहू सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

## रांची में होनेवाले शहीद सम्मान कार्यक्रम में गुमला जिला के झानद कार्यकर्ता भाग लेंगे

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह के राजनीतिक जीवन का पूरे हो रहे 25 वर्ष के अवसर पर शहीद सम्मान सह संकल्प कार्यक्रम राज्य मुख्यालय रांची में आयोजित किया जा रहा है। विदित हो कि 10 अक्टूबर 1998 से ही सक्रिय राजनीति की शुरुआत करने वाले श्री सिंह लंबे संघर्ष करते हुए 10 अक्टूबर 2023 को 25 साल पूरा कर रहे हैं। 25 साल पूरा होने के अवसर पर उन तमाम वीर शहीदों को नमन और सम्मान देने के लिए ही झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा शहीद सम्मान सह संकल्प कार्यक्रम 10 अक्टूबर 2023 को रांची में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रांची के बिरसा चौक स्थित महानायक वीर बिरसा मुंडा स्मारक के पास आयोजित किया जाएगा। जिसमें भाग लेने दर्जनों की संख्या में झारखंड नवनिर्माण दल व पार्टी के कार्यकर्ता गुमला जिला से भी रांची जाएंगे। ऐसे श्री सिंह के संघर्ष के 25 वर्ष पूरा होने के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम झारखंड नवनिर्माण दल की ओर से 7 नवंबर 2023 को रांची में ही विशाल जनपुकार सभा का आयोजन किया गया है, जहां श्री सिंह के लंबे संघर्ष की झलकियां भी पेश करने और राज्य के बड़े सवालों को प्रमुखता से उठाते हुए आगे का आंदोलन की भी घोषणा सहित कई रणनीति बनाई गई है।

**कार्यक्रम :** विभिन्न मांगों को लेकर बुनियादी पड़हा व्यवस्था ने प्रखंड कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

# ‘ना लोकसभा ना विधानसभा, सबसे ऊंची ग्राम सभा’ से गूंजा जन आक्रोश प्रदर्शन

अंचलाधिकारी को राज्यपाल, मुख्यमंत्री और डीसी के नाम छह सूत्री मांग पत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता




**बिशुनपुर।** आदिवासी मूलवासी खतियान जन आक्रोश प्रदर्शन में गूंजा ना लोकसभा ना विधानसभा सबसे ऊंची ग्राम सभा। अवसर था बुनियादी पड़हा व्यवस्था बिशुनपुर के द्वारा पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत प्रखंड कार्यालय में अपनी मांगों को लेकर जन आक्रोश प्रदर्शन का। जहां काफी संख्या में आदिवासी मूलवासी महिला-पुरुष पहुंचे और जमकर नारा लगाया। इस निमित्त पड़हा राजा सतीश उरांव ने कहा कि हम लोगों के द्वारा निम्न मांगों को लेकर आज जन आक्रोश प्रदर्शन प्रखंड कार्यालय बिशुनपुर में किया जा रहा है। उन्होंने कहा अंचल प्रशासन ऑनलाइन रसीद की जगह ऑफलाइन रसीद काटे। ऑनलाइन रसीद में सब की जमीन घटती जा रही है, यह प्रशासन की गड़बड़ी है। साथ ही जन वितरण प्रणाली दुकानदार के द्वारा की जा रही गड़बड़ी में अविलंब सुधार किया जाए। 1992-1993 से आदिवासी मुंडा भाइयों को भूमिहार बनाकर जाति, आय, आवासीय प्रमाण निर्गत किया जा रहा है, जिससे वह आदिवासी के दर्जे से वंचित हो जा रहे हैं। अविलंब सुधार करते हुए आदिवासी मुंडा जाति का दर्जा देते हुए उनका सभी प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए। स्कूल मौजा सभी का प्रस्ताव पारित करते हुए स्कूलों में कुड़ुख, उरांव, लिपि की पढ़ाई प्रारंभ करायी जाए। मनरेगा में गड़बड़ी अवैध रूप से काम और भुगतान में सुधार किया जाए। सार्वजनिक जगह एवं सड़क किनारे बाजार हाट में मादक पदार्थ शराब, हडिया क्रय-विक्रय पर पुलिस प्रशासन अविलंब रोक लगाए ताकि हम लोगों के आदिवासी मूलनिवासी के बच्चे एवं बूढ़े सुरक्षित रहें। इधर अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर अंचलाधिकारी के प्रतिनिधि को राज्यपाल, मुख्यमंत्री और डीसी के नाम मांग पत्र सौंपा।

इस मौके पर तेतरा उरांव, बाबूलाल उरांव, रोबोट कुजूर, सुरेश्वर उरांव, सुदेश्वर उरांव, बिहारी उरांव, जतरू उरांव, लक्ष्मण उरांव, चंद्रेशु उरांव, अनित उरांव, बोलो मीना उरांव, स्नेह लता कुजूर, आरजेन उरांव, निर्मला उरांव, दीपलाल नगेसिया, स्टीफन किंडो, सविता उरांव, कर्णावती उरांव, अंजिता उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# डीलर के विरुद्ध अनाज कटौती को लेकर डीसी से मिलने पहुंचे कार्डधारी

कहा- हुजूर हमारा सुनने वाला कोई नहीं है, इसलिए हम ग्रामीण करीब 80 किमी दूर से चलकर आपसे गुहार लगाने पहुंचे हैं

उपायुक्त ने दिया जांचोपरांत कार्रवाई का आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। जिले के राशन डीलरों के विरुद्ध अनाज कालाबाजारी व कटौती किये जाने का मामला लगातार सामने आ रहा है। जिसे लेकर राशन कार्डधारी परेशान हैं। अनाज कालाबाजारी व कटौती के कारण कार्डधारी के पेट की आग नहीं बुझ रही है ।उनके सामने खाने के लाले पड़ गए हैं। ताजा मामला जिले के अल्बर्ट एक्का प्रखंड जारी के मेराल गांव का है। यहां के चार दर्जन से अधिक ग्रामीण आठ बोलेरो वाहनों को बुकिंग कर 20 हजार रुपये खर्च करते हुए भूखे प्यासे डीलर द्वारा अनाज की कालाबाजारी व अनाज की कटौती किये जाने का आरोप लेकर गुरुवार को डीसी से मिलने पहुंचे थे। ग्रामीणों ने डीसी व डीएसओ से मिलकर लिखित आवेदन देते हुए अपनी बातों को रखते हुए कहा कि हुजूर हमारा सुनने वाला कोई नहीं है। इसलिए हम ग्रामीण करीब 80 किमी दूर से चलकर आपसे गुहार लगाने पहुंचे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि जारी प्रखंड के ग्राम मेराल पंचायत मेराल, पो. अमगांव के राशन डीलर सत्संग दुर्गा वाहिनी समूह के द्वारा उन्हें कभी भी समय पर राशन नहीं दिया जाता है। जब देता है तो कटौती कर देता है। साथ ही कटौती किये गए राशन को डीलर द्वारा कालाबाजारी कर दिया जाता है। जिसके कारण उन्हें आधा पेट खाना नसीब होता है। साथ ही राशन कम पड़ने पर भूखा भी रहना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि उपरोक्त डीलर द्वारा आगस्त और सितम्बर दो माह का राशन में कटौती कर कार्डधारियों को दिया गया है। प्रति व्यक्ति को 5 यूनिट राशन देने का प्रावधान है। लेकिन उक्त राशन डीलर द्वारा कटौती कर गेहूं प्रति यूनिट डेढ़ किलो और चावल प्रति यूनिट डेढ़ किलो दिया गया है। राशन डीलर द्वारा अनाज की कटौती कर बाजार में कालाबाजारी की जा रही है।

पूर्व में इस मामले को लेकर ग्रामीण प्रखंड के एमओ से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राजेश टोप्पो के माध्यम से शिकायत की गई थी। लेकिन मामले को लेकर अब तक किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गयी। वहीं प्रखंड के सीईओ रेशमा से भी ग्रामीणों ने मिलने की कोशिश की लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो पाई। अब डीलर द्वारा अनाज कटौती कर दिए जाने से ग्रामीणों में अक्रोश है। ग्रामीणों ने डीसी से निवेदन करते हुए मामले की जांच कर राशन डीलर पर कार्यवाही करने व कटौती किये गए अनाज को दिलाने की मांग की।

ग्रामीणों की बात सुनने के बाद डीसी ने उन्हें आश्वस्त किया कि मामला गंभीर है। पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। साथ ही जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी।

डीसी से मिलने पहुंचने वालों में कार्डधारी तरसिला मिंज, शांता तिर्की, फूलकुमारी तिर्की, इलेजबेद केरकेट्टा, रूफिना बाखला, फुलमनी लकड़ा, हेलेना एक्का, अमृता केरकेट्टा, रुबीना तिर्की, सबीना तिर्की समेत छह दर्जन से अधिक लोग शामिल थे।

# उपायुक्त ने एसएस+2 उच्च विद्यालय गुमला का किया निरीक्षण

10वी और 12वी की शत प्रतिशत रिजल्ट के लिए उपायुक्त ने तैयार की रणनीति

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। ‘सिकछा कर भेंट’ गतिविधि के तहत आज उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने एसएस+2 उच्च विद्यालय गुमला का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा पूर्व में किए गए विद्यालय निरीक्षण के क्रम में दिए गए निर्देशों के अनुपालन संबंधित समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अधिकारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में विद्यालय में एक समीक्षात्मक बैठक की गयी। उपायुक्त ने विद्यार्थियों के नियमित उपस्थिति से संबंधित जानकारी ली। साथ ही उन्होंने विद्यालय में कक्षा 10वी एवं 12वीं के इंटरनल टेस्ट एवं मॉक एग्जाम में नियमितता से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने नियमित परीक्षा एवं टेस्ट को महत्वपूर्ण बताया। वहीं उपायुक्त ने कमजोर बच्चों के बेहतर रिजल्ट को लेकर रणनीति बनाई।

उपायुक्त ने 7 नवंबर से पूर्व सभी कमजोर विद्यार्थियों को चिन्हित करते हुए उन्हें उनके निवास क्षेत्र के अनुसार ग्रुप में डिवाइड करने का निर्देश दिया। ताकि बच्चे ग्रुप डिस्कशन करते हुए अपने शिक्षा के स्तर को बेहतर कर सकें एवं शिक्षकों द्वारा 5- 5 ग्रुप्स को मॉनिटर किया जाएगा। सभी विद्यार्थियों का मॉडल क्वेश्चन प्रैक्टिस अनिवार्य रूप से कराने का निर्देश दिया गया। वहीं उपायुक्त ने वैसे विद्यार्थियों को भी चिन्हित करने को कहा जो बेहद ही दूर से आते हैं अथवा जो किसी कारणवश पढ़ाई के साथ साथ नौकरी करते हैं। उन बच्चों से संपर्क स्थापित करते हुए उन्हें भी सहायता प्रदान करने एवं उनका कम से कम सैंपल क्वेश्चन पेपर प्रैक्टिस कराने का निर्देश दिया।

बैठक के पश्चात विद्यालय में 10वी एवं 12वी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा दिए जा रहे हॉफ यर्ली परीक्षा को देखने उपायुक्त पहुंचे एवं प्रत्येक कक्षा में जाकर उन्होंने भी परीक्षा का अवलोकन किया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## शौर्य जागरण रथ यात्रा का 7 अक्टूबर को सिसई पहुंचने पर होगा भव्य स्वागत



**सिसई (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल द्वारा आयोजित बजरंग दल शौर्य जागरण रथ यात्रा सात अक्टूबर को दस बजे सिसई पहुंचेगी। इसकी जानकारी देते हुए जिला सहमंत्री मनीष बाबू, प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहू व प्रखंड मंत्री उदय कुशवाहा ने बताया कि शौर्य जागरण रथ यात्रा मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में बनने वाले भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सरना सनातनियों के अंदर धर्म चेतना जगाने के उद्देश्य से निकाली गयी है। शौर्य जागरण रथ यात्रा को लेकर हिन्दू धर्मावलंबियों में खासा उत्साह है। शौर्य जागरण रथ यात्रा का भव्य स्वागत और कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने को लेकर प्रखंड के कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ लगे हुए हैं। जगह-जगह तोरणद्वार व भगवा ध्वज लगाया जा रहा है। शनिवार को खूंटी, लापुंग, लालगंज होते हुए आने वाली रथ यात्रा का डाड़हा में साढ़े नौ बजे सैकड़ों कार्यकर्ताओं के द्वारा आरती के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा। जिसके बाद रैली की शक्ल में कुदरा स्थित हनुमान मंदिर लाया जाएगा। जहां महाआरती, दर्शन पूजन के उपरांत शौर्य जागरण रथ को नगर भ्रमण के तहत मेन रोड, बस पड़ाव, थाना रोड होते हुए थाना तक और वहां से पुनः कुदरा स्थित हनुमान मंदिर लाया जाएगा। जहां महासभा और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। दो बजे रथ यात्रा भरनो-बेड़ो के लिए प्रस्थान करेगी। कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक संख्या में सरना सनातनियों से रथ यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

## शौर्य जागरण रथ यात्रा को लेकर सिसई थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



**सिसई (आजाद सिपाही)।** शौर्य जागरण रथ यात्रा को लेकर गुरुवार को थाना परिसर में इंस्पेक्टर एसएन मंडल की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में विहिप बजरंग दल के द्वारा प्रखंड में सात अक्टूबर को होने वाली रथ यात्रा के रुट मैप सहित पूरे कार्यक्रम को लेकर जानकारी दी गई। थानेदार आदित्य कुमार चौधरी ने शौर्य जागरण रथ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, सरकारी गाइडलाइन का पालन करते हुए शांति व श्रद्धापूर्वक पदयात्रा का आयोजन करने की सभी से अपील की। मौके पर अंजुमन सदर सलमान अली, अहमद खान, अंजुमन प्रवक्ता महमूद आलम, रहमान अंसारी, अताउल्लाह अंसारी, विहिप बजरंग दल जिला सह मंत्री मनीष बाबू, प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहू, प्रखंड मंत्री उदय कुशवाहा, मुकेश श्रीवास्तव, रोहित कुमार शर्मा, सौरभ ताम्रकार, प्रमोद साहू, रोहित कुमार श्रीवास्तव, रितिक जायसवाल, मदन सिंह, रवि साहू, अजीत साहू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## घाघरा मंडल भाजपा कार्यालय में रानी दुर्गावती की जयंती मनायी गयी



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी घाघरा कार्यालय में एसटी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हरिलाल उरांव के नेतृत्व में गुरुवार को दोपहर 2 बजे रानी दुर्गावती की जयंती मनायी गयी। इस क्रम में रानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्पण किया गया। मौके पर एसटी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हरिलाल उरांव ने कहा कि रानी दुर्गावती भारत की एक प्रसिद्ध वीरांगना थीं। जिन्होंने मध्य प्रदेश में शासन किया। उनका राज्य गोंडवाना था। 5 अक्टूबर 1524 ईस्वी में उनका जन्म हुआ था। दुर्गा अष्टमी के दिन उनका जन्म होने के कारण उनका नाम दुर्गावती रखा गया था। वह ऐसी वीर योद्धा थी जिन्होंने अकबर को कई बार हराया था और कई मंदिर धर्मशाला, मठ बनवाया था। उनकी विशेषताओं को जन-जन तक लोगों को पहुंचाने की जरूरत है, क्योंकि कभी भी उन्होंने शत्रुओं के सामने घुटने नहीं टेका, बल्कि वीर वीरांगना बनकर युद्ध की। मौके पर मंडल अध्यक्ष श्यामकिशोर पाठक, तेम्बू उरांव, राजू बेक, पप्पू बड़ाईक, जीवन तुरी, अशोक लोहरा, सुमेश्वर उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कृषि विज्ञान केंद्र गुमला का पांच दिवसीय लाह उत्पादन प्रशिक्षण शुरू



**गुमला (आजाद सिपाही)।** कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशनपुर के द्वारा आज 5 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2023 तक पांच दिवसीय लाह उत्पादन पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में महेंद्र भगत ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि लाख की खेती गुमला जिले के किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। क्योंकि विपरीत मौसम के प्रभाव का इन पर प्रभाव कम पड़ता है। इस प्रशिक्षण में अटल बिहारी तिवारी ने बताया कि अगर वैज्ञानिक ढंग से लाह की खेती करते हैं तो प्रति हेक्टेयर लगभग 2.5- 3 लाख रुपए तक का शुद्ध लाभ प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही साथ गुमला जिले की जलवायु लाह उत्पादन के लिए काफी उपयुक्त है। साथ ही साथ इस जिले में उत्पादन के लिए उपयुक्त पोषक पौधों की अच्छी उपलब्धता है। जिससे किसान ज्यादा से ज्यादा उत्पादन प्राप्त कर अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। मुख्य रूप से इस जिले में लाख की खेती कुसुम, बेर, सौम्यालता पर खेती की जाती है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सिसई प्रखंड के दसई टोली गांव के 18 किसानों ने भाग लिया।

**संक्रमण :** डायरिया की चपेट में आया घाघरा प्रखंड का देवाकी कुसुमटोली गांव

# दो बच्चों समेत अभी तक 16 ग्रामीण हैं डायरिया से पीड़ित

गांव के वृद्ध महिला-पुरुष में तेजी से फैल रही है डायरिया की बीमारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड क्षेत्र के देवाकी कुसुमटोली गांव में लगभग डेढ़ दर्जन लोग डायरिया की चपेट में आने से बीमार हो गए हैं। कई लोगों की तो हालत इतनी खराब हो गई है कि गत रात्रि आनन-फानन में लोहरदगा, गुमला यहां तक की रांची के निजी अस्पतालों में पीड़ित मरीजों का इलाज उनके परिजन करा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एक सप्ताह पूर्व एक महिला में हैजा के लक्षण मिले और इसके बाद फिर तेजी से गांव में यह बीमारी फैलती जा रही है। अभी तो आलम यह है कि डेढ़ वर्ष की बच्ची समेत करीब 16 लोग डायरिया की चपेट में आ चुके हैं। जिसमें कुछ लोग अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं, और कुछ तो आर्थिक तंगी के कारण घर पर ही झोलाछाप डॉक्टरों के सहारे इलाज कराने को मजबूर हैं।

बताते चलें कि इतनी तेजी से कुसुमटोली गांव में फैल रही हैजा बीमारी के मरीज का हाल जानना भी घाघरा के स्वास्थ्य कर्मी मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। उनकी सूद लेने वाला कोई भी नहीं है।

**जल्द ही स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव भेजी जायेगी : बीडीओ**

**इस संबंध में बीडीओ दिनेश कुमार से पूछने पर उन्होंने कहा पत्रकारों के द्वारा ही कुसुमटोली गांव के हालात की जानकारी मिली है। जल्द से जल्द स्वास्थ्य विभाग की टीम को गांव में कैंप करने का निर्देश दिया जायेगा। जब तक गांव की स्थिति सामान्य ना हो जाए, तब तक स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पर कैंप करेगी। वहीं डायरिया फैलने के कारणों को गांव में जाकर पता किया जायेगा और स्वच्छ पानी, साफ सफाई सहित मूलभूत सुविधा मुहैया करायी जायेगी।**

ज्यादातर मरीज भगवान भरोसे ही लोकल दवा लेकर स्वस्थ होने की आस में पड़े हुए हैं।

**ये हैं डायरिया से पीड़ित :** कुसुमटोली गांव निवासी बुधवा उरांव (65) व उनकी पत्नी बुधनी उरांव (60), मंगरु उरांव (50), अंजलि उरांव (25), सोनामी उरांव (55), मंगरो उरांव (60), प्रतिमा उरांव (35), रामा उरांव (70) व उनकी पत्नी सुखमनिया उरांव (63), एतामुनी देवी (43), पुष्पा उरांव (40), प्रतिमा लोहार (20), दुर्गी लोहार (18) समेत 5 वर्षीय सूर्यांश उरांव व डेढ़ वर्ष का बच्चा सुशांत उरांव उक्त बीमारी से ग्रसित हैं। जिसमें कुछ लोगों की हालत गंभीर बनती जा रही है।

**दाड़ी का पानी पीने को मजबूर हैं ग्रामीण :** कुसुमटोली गांव में पेयजल की घोर समस्या है। पीने के पानी के लिए महिलाएं खेत के बीचों-बीच मौजूद एक दाड़ी का पानी को उपयोग में लाते हैं।

बताते चलें कि बरसात के दिनों में खेत का दूषित पानी इस दाड़ी में प्रवेश कर जाता है और इस पानी को पीने के लिए कुसुमटोली गांव के ग्रामीण उपयोग में लाते हैं। ग्रामीणों का मानना है कि पीने के लिए स्वच्छ पानी का अभाव भी डायरिया बीमारी को फैला रहा है।

### पर्यावरणविद ने सामाजिक प्रदूषण रोकने और फोरलेन बाइपास बनाने की मांग को लेकर बाबूलाल मरांडी को सौंपा ज्ञापन

# नावा बाजार में बाइपास निर्माण ना हुआ तो बर्बाद हो जायेगी लाखों जिंदगियां: कौशल

**सामाजिक प्रदूषण रोकने के लिए जरूरी है नावा में फोरलेन का बाईपास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल के प्रसिद्ध चेगौना बाबा धाम परिसर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के साथ नावा बाजार, डाली बाजार, खोढ़ी, मुरूमदाग, सोहदाग, रुदवा, शाही, इंटको, रजदीरीया और चेगौना समेत आसपास के दर्जनों गांव के कार्यकर्ताओं के साथ संकल्प यात्रा पर आए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मिलकार एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें नावा बाजार में बाईपास सड़क बनवाने की मांग की गयी है। पर्यावरणविद कौशल किशोर ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि बाईपास निर्माण के लिए सीडी तैयार कर लिया गया था, लेकिन विभाग द्वारा बाईपास निर्माण की स्वीकृति न देते हुए नावाबाजार के मुख्य बाजार होकर फोर लाइन बनाएं जाने के लिए सीडी केंद्रीय परिवहन मंत्रालय को भेजा गया है। इसके विरोध में पलामू सांसद, झारखंड के राज्यपाल, एनएच के मुख्य अभियंता को भी आवेदन देकर बाईपास निर्माण की गुहार लगाई गई है। आवेदन में कौशल किशोर ने नावा बाजार के लोगों की परेशानियों को उजागर करते हुए कहा कि अगर बाईपास नहीं बना तो न सिर्फ मंदिर, मस्जिद व बाजार टूटेगी, बल्कि बाजार में रामनवमी, मुहर्रम और दुर्गा पूजा का मेला भी खत्म हो जाएगा जिससे लाखों लोगों की जिंदगी व कारोबार तबाह हो जाएगा। जिस तरह सुल्तानी का ढाब बाजार खत्म हो गया। उन्होंने सामाजिक सौहार्द बनाये रखने व लोगों की सामाजिक व धार्मिक परेशानियों को देखते हुए बाईपास निर्माण कराने की अपील की है। ताकि लोगों का करोबार प्रभावित न हो सके। मौके पर खोढी पंचायत के मुखिया पूरन यादव, डाली के उप मुखिया अफजाल अंसारी, जुबेर अंसारी, सुचित जायसवाल, गुलाब गौस, सत्यनारायण प्रसाद गुप्ता, शिवनाथ राम, बाबूराम, राजेश्वर विश्वकर्मा, अवधेश राम, राजेश यादव, ईश्वर यादव, महेशी यादव, सुरेश प्रसाद, भगवान प्रसाद साव, अनुज गुप्ता, यासीन बड़ा, मुस्ताक अंसारी आदि मौजूद थे।


बाबूलाल मरांडी से मिलकर ज्ञापन सौंपते पर्यावरणविद कौशल किशोर।

## हुसैनाबाद-हरिहरगंज की एक-एक सड़क होगी दुरुस्त : कमलेश सिंह

- हुसैनाबाद की सात ग्रामीण सड़कों की निविदा निकली
- अन्य 23 सड़कों की शुरू हुई है निविदा प्रक्रिया

आजाद सिपाही संवाददाता


विधायक कमलेश सिंह।

**हुसैनाबाद।** विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि विधायक कोटा के अलावा विधानसभा क्षेत्र में 50 से अधिक ग्रामीण सड़कों पर काम चल रहा है। कुछ पूरी भी हो गई हैं। कहा कि हुसैनाबाद, हरिहरगंज, हैदरनगर, पिपरा व मोहम्मदगंज क्षेत्र की 30 ग्रामीण सड़कों के निर्माण या जीर्णोद्धार की स्वीकृति मिली है। इसमें सात सड़को के निर्माण की निविदा निकाल दी गई है। सात सड़कों का निर्माण 17 करोड़ 10 लाख 57 हजार रुपए की लागत से कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन सात सड़कों में देवरी जपला मुख्य पथ से कुसुआ होते एके सिंह कालेज तक पथ की विशेष मरम्मती, दुवरा देवी मंदिर से झरहा पिच रोड भाया बडहियाडीह झरहा गांव तक पथ की विशेष मरम्मती, जपला छतरपुर कचरा पुल से रक्सही बैरांव तीनमुहान तक पथ का विशेष मरम्मती, जपला सबानो छतरपुर मेन रोड से सरहु झरगड़ा तक पथ का विशेष मरम्मती, जपला छतरपुर रोड कुमीर्पुर मोड़ से चौवा चट्टान, घाघरा, जमुआ पर भाया कुर्मिपुर तक पथ की विशेष मरम्मती, जपला छतरपुर रोड से बैराव तक पथ की विशेष मरम्मती, सामुडीह पीडब्ल्यूडी रोड से बनसप्ति भाया पतरा कला चारकोल झरगडा तक पथ की विशेष मरम्मती कार्य शामिल है। विधायक ने बताया कि इसी महीने अन्य ग्रामीण सड़कों के निर्माण व जीर्णोद्धार की निविदा निकलेगी। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में जितने विकास कार्य हुए हैं अब से पहले किसी भी विधायक ने नहीं करवाया है।

## मुर्दे भी खा रहे राशन




**डीलर के विरुद्ध ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, कई गंभीर आरोप लगाते हुए किया प्रदर्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू।** जिले में राशन डीलरों द्वारा लूट खसोट बदस्तूर जारी है। हालात ऐसे बन गये हैं कि मरे हुए लोगों के नाम पर भी राशन उठा लिया जा रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड क्षेत्र में देखने को मिला। जहां विध्यांचली कुंवर नामक महिला के नाम से बने राशन कार्ड से राशन उठाया जा रहा है। जबकि हकीकत में विंध्याचली देवी की मौत सात साल पहले ही हो चुकी हैं। यही नहीं, मृतका के बेटे (मानकिस रूप से कमजोर) को भी डीलर द्वारा पांच की जगह साढ़े चार किलो ही राशन दिया जा रहा है। डीलरों की इस मनमानी से स्थानीय उपभोक्ताओं के बीच लंबे समय से असंतोष व आक्रोश था। जो अब सामने आने लगा है। इसी कड़ी में राशन, धोती और साड़ी नहीं मिलने से नाराज उपभोक्ताओं ने डीलर के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। प्रखंड के दो दर्जनों से अधिक महिला-पुरुष बरसात के मौसम में भी प्रखण्ड कार्यालय पहुंचे। जहां प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार तिवारी से हरियाली आजीविका समूह के विक्रेताओं पर कई आरोप लगाया है। कई लाभुकों ने बताया की राशन पांच किलो की जगह साढ़े चार किलो और चार किलो ही महिला समूह के अध्यक्ष के पति या देवर द्वारा दिया जाता है। जनवितरण चला रहे समूह के पति उदित पासवान प्रखंड क्षेत्र के इटहे विद्यालय में आदेश पाल के पद पर कार्यरत हैं। उनके पति द्वारा भी राशन का वितरण किया जाता है। वे कहते हैं कि जहां जाना है चले जाओ।

प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि सितंबर महीने के राशन का उठाव हरियाली आजिविका समूह को नहीं हुआ। बाकी शिकायतकर्ताओं से लिखित आवेदन मांगा गया है। अगर जांच में दोषी पाए जाएंगे तो कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर सारो देवी, संपत्ति देवी, श्रवण पासवान, बुद्धदेव पासवान, प्रदीप पासवान, पृथ्वी पासवान, गौतम पासवान, जीरा कुंवर, मालदेव पासवान, योगेंद्र साहू, शांति कुमार, बबन मांझी, नूर मोहम्मद, वासुदेव प्रसाद, राजकुमार पासवान, सुनील पासवान, सुनील सिंह, अजय पासवान, वीरेंद्र पासवान,विकास पासवान, सुखदेव पासवान, सैरूण बीबी, शांति देवी, बजरंगी पासवान, तेजू साहू, गायत्री देवी, अनीता देवी, करणी देवी, मनोज कुमार, रोहित पासवान, बैजनाथ पासवान, सद्दाम खान सहित दो दर्जन लोगों उपस्थित थे।

## विश्रामपुर में बाबूलाल मरांडी की सभा आज, तैयारी पूरी : डॉ ईश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** संकल्प यात्रा के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी शुक्रवार को विश्रामपुर पहुंच रहे हैं। जहां जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसकी जानकारी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने दी। वे आरसीआइटी कॉलेज के सभागर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा की सारी तैयारी पूरी हो चुकी है। उनके स्वागत के लिए सैकड़ो बाइक सवाल जुलूस निकालेगें। रेहला थाना चौक व बीमोड़ पर भाजपा कार्यकर्ता बाबूलाल जी का भव्य स्वागत करेंगे। डॉ इश्वर सांगर ने कहा कि बाबूलाल मरांडी का यह प्रस्तावित कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। दावा किया कि विश्रामपुर की जनसभा में 25 हजार से भी ज्यादा लोग शामिल होंगे। उन्होंने आम लोगों से जनसभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने की अपील की है। इस मौके पर भाजपा के वरीय नेता भोला चंद्रवंशी और विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव भी उपस्थित थे।



## हुसैनाबाद नगर पंचायत में 12 दिनों से पेयजलापूर्ति बंद, लोगों में आक्रोश

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्रों में देवरी सोन नदी से होने वाली जलापूर्ति विगत 12 दिन से बंद है। पता चला है कि मोटर जल जाने के कारण पिछले 12 दिनों से जलापूर्ति ठप हैं। बरसात में भी शहरी उपभोक्ताओं को पीने के पानी का घोर संकट उत्पन्न हो गया हैं। इस संबंध में नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी ने बताया कि मोटर बनकर आ गया है। दो-तीन दिनों में नियमित जलापूर्ति की जाएगी। जबकि उपभोक्ताओं का कहना है कि देवरी कला में वहां दो मोटर लगाया गया है, ताकि एक खराब होने पर दूसरे मोटर से पेयजल आपूर्ति किया जा सके। लेकिन वर्तमान में विभागीय लापरवाही के कारण लगातार पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही हैं। जुलाई महीने में भी एक सप्ताह से पानी आपूर्ति बंद था। अब पुन: बंद है। शहर में कई दिनों तक जलापूर्ति बंद रहता हैं, फिर भी पानी का टैक्स पूरे महीने का लिया जाता हैं।

## जरूरतमंद मरीजों के परिजन भी करें रक्तदान: धीरज

**सफल हो रहा धीरज का रक्तदान जागरूकता अभियान, सूरज पांडेय ने किया रक्तदान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** रांची के राज अस्पताल में भर्ती डालटनगंज निवासी मरीज को रक्त की आवश्यकता की जानकारी मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा द्वारा संचालित सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के सक्रिय सदस्य सह डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया के सोशल मीडिया प्रभारी चैनपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम तलैया निवासी सूरज पांडेय ने राज अस्पताल स्थित बल्ड बैंक में जाकर रक्तदान कर मरीज की जान बचाई। सूरज ने कहा कि यह उनका 11वां रक्तदान है। उन्होंने पलामू प्रमंडल में रक्तदान महादान को लेकर जागरूकता चला रहे धीरज मिश्रा द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों की सराहना की। कहा कि रक्तदान जीवनदान के समान है। रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए अगर अन्य लोग भी बढ़ चढ़कर सहयोग करते रहेंगे तो फिर रक्त के जरूरतमंद मरीजों को रक्त की परेशानी नहीं होगी। रक्तदान महादान जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे धीरज मिश्रा ने रक्तदाता सूरज पांडेय का आभार प्रकट करते हुए कहा कि ओ निगेटिव, ए निगेटिव, बी निगेटिव, एबी निगेटिव रक्त जो रेयर ग्रुप होता है। अक्सर बल्ड बैंक में उक्त ग्रूम के रक्त उपलब्ध नहीं होने से मरीजों को रक्त के अभाव में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बल्ड बैंक में सभी रक्त समूहों का रक्त उपलब्ध कराने के लिए रक्तदान जागरूकता अभियान कार्यक्रम जारी रहेगा। धीरज ने कहा कि रक्तदान महादान को लेकर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के परिणाम स्वरूप ही अब लोग जागरूक होकर रक्तदान करके लोगों की जान बचाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सभी निजी, सरकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं, राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक संगठनों से रक्तदान शिविर का आयोजन करने का अपील की है।

## दिवंगत भाजपा नेता ललन चौबे के घर पहुंचे बाबूलाल मरांडी, परिजनों को दी सांत्वना

**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बुधवार की देर शाम गढवा जाने के क्रम में विश्रामपुर प्रखंड के केतात गांव पहुंचे। जहां उन्होंने दिवंगत भाजपा नेता सतेंद्र नाथ चौबे उर्फ ललन चौबे के घर जाकर परिजनों से मुलाकात की। बताते चलें कि पिछले माह ललन चौबे का आकस्मिक निधन हो गया था। बाबूलाल मरांडी ने स्व ललन चौबे के परिजनों को सांत्वना दिया। उनके बड़े बेटे अमित चौबे पिंटू को ढांढस बंधाते हुए कहा कि पूरा भाजपा परिवार आपके साथ खड़ा है। ललन चौबे भाजपा के सच्चे सिपाही थे। उन्होंने पूरी जिंदगी पार्टी हित में काम किया। जिसके लिए प्रदेश भाजपा उनका ऋणि है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, प्रादेशिक नेता बालमुकुंद सहाय, विनय जयसवाल, जोगेंद्र सिंह, प्रफुल्ल सिंह, जवाहर पासवान, अजय दूबे, सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, विनय चौबे, दिलीप चौबे और अखिलेश चौबे आदि उपस्थित थे।

## विद्यार्थी परिषद ने रानी दुर्गावती की जयंती पर महिला सफाई कर्मचारियों को किया सम्मानित




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विद्यार्थी परिषद के पलामू जिला अंतर्गत मेदिनीनगर इकाई की ओर से नगर मंत्री रामाशंकर पसवान की अध्यक्षता में रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर कार्यकर्ताओं द्वारा नगर निगम में साफ सफाई का काम करने वाली महिलाओं को अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित परिषद के जिला सोशल मीडिया प्रमुख राजन कश्यप ने कहा कि भारत की महानतम वीरांगना रानी दुर्गावती अपने नाम के अनुरूप ही तेज, साहस और शौर्य का प्रतिमान थी। उन्होंने मालवा के शासक बाज बहादुर, दिल्ली के सुल्तान शेरशाह सूरी और मुगल बादशाह अकबर को युद्ध के मैदान में नाकों चने चबवा दिए। परिषद के विभाग की छात्रा प्रमुख दीक्षा कुमारी ने कहा कि नारी शक्ति के शौर्य एवं स्वाभिमान की प्रतीक, धर्म एवं मातृभूमि की रक्षा के लिए स्वयं का बलिदान करने वाली महान वीरांगना रानी दुर्गावती की 500 वीं जयंती पर उन्हें कोटि कोटि नमन करते हैं। रानी दुर्गावती का अदम्य साहस, पराक्रम और बलिदान समस्त देशवासियों को युगों-युगों तक याद करता रहेगा। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे, नगर सह मंत्री नितीश दूबे, कार्यालय मंत्री उत्कर्ष तिवारी, रोहित गुप्ता, रिया कुमारी, जिया कुमारी, रानी कुमारी, सबनम खातून आदि दर्जनों परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बारिश से भागते तेंदुआने ढाहा दो लोगों का कच्चा मकान



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से हरिहरगंज नगर पंचायत अंतर्गत भगत तेंदुआ वार्ड संख्या 14 में विधवा महिला फुलिया देवी पति स्व. बनारसी पासवान एवं लखन पासवान का जर्जर मकान गुरुवार को पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बारिश के दौरान मिट्टी का मकान गिरने के बाद दोनों प्लास्टिक की छावनी बनाकर रहने पर विवश हैं। इसकी जानकारी लोगों ने सामाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन को दी। जानकारी के बाद वे बारिश में ही पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर उनकी समस्या को देखा और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिलाया। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत की ओर से तत्काल आपदा विभाग से मिलने वाले लाभ देने की मांग की। इस मौके पर फुलिया देवी, मानव कुंवर, लखन पासवान, शिवम पासवान, जनेश्वर बैठा, कामदेव पासवान और जितेंद्र पासवान आदि उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



भारत ने एशियाइ खलों में ऑल टाइम बेस्ट परफॉर्मेंश जारी है। 12वें दिन भारत ने तीन सोना समेत कुल पांच मेडल जीते। दिन का पहला मेडल आर्चरी में विमेंस-मेंस टीम ने दिलाया। जबकि स्क्वॉश में गोल्ड-सिल्वर मिला।

### एशियाड के 12वें दिन भारत ने जीते पांच मेडल : अब तक कुल 86 मेडल के साथ भारत का बेहतर परफॉर्मेंस जारी

# आर्चरी में वीमेंस-मेंस टीम ने दिलाया गोल्ड, स्क्वॉश में मिले गोल्ड-सिल्वर

एजेंसी

**हांगझोऊ।** चीन के होंगझोउ में चल रहे एशियन गेम्स के 12वें दिन भारत ने शानदार प्रदर्शन किया। गुरुवार को 12वें दिन भारत ने कुल पांच मेडल जीते। इसमें 3 गोल्ड, 1 सिल्वर और एक ब्रॉन्ज शामिल है। भारत के अब कुल 86 मेडल हो गए हैं। जिसमें 21 गोल्ड शामिल हैं। भारत पहले ही अपने ऑल टाइम बेस्ट परफॉर्मेंस को पीछे छोड़ चुका है। 2018 एशियन गेम्स में भारत ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 70 मेडल जीते थे, जिनमें 16 गोल्ड शामिल थे। दिन का पहला मेडल आर्चरी में आया। आर्चरी के कंपाउंड राउंड में ज्योति सुरेखा, अदिति गोपीचंद स्वामी और परनीत कौर की



तिकड़ी ने सोना दिलाया। इसके बाद स्क्वॉश में भारत की दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल सिंह ने मिक्स्ड टीम में गोल्ड जीता। दिन का तीसरा गोल्ड ओजस प्रवीण, अभिषेक वर्मा और प्रथमेश समाधान की तिकड़ी ने आर्चरी के मेंस कंपाउंड इवेंट में दिलाया। अंतिम पंघल ने विमेंस फ्रीस्टाइल 53केजी में ब्रॉन्ज मेडल जीता। अंतिम पंघल ने नेशनल ट्रायल्स में जीत हासिल की थी, लेकिन उनकी जगह विनेश फोगाट को बिना ट्रायल दिए ही एशियाड की टीम में चुन लिया गया था, लेकिन विनेश विदेश में ट्रेनिंग के दौरान चोटिल हो गईं और टीम में अंतिम को मौका मिला। वहीं, भारत को स्क्वॉश के मेंस सिंगल्स इवेंट में सिल्वर मिला। सौरव को फाइनल मुकाबले में मलेशिया के एनजी इयान यो ने 3-1 से हराया। **आर्चरी :** विमेंस कंपाउंड टीम ने फाइनल में चीनी ताइपे को हराया आर्चरी के कंपाउंड राउंड में ज्योति सुरेखा, अदिति गोपीचंद स्वामी और परनीत कौर की तिकड़ी ने भारत को गोल्ड दिलाया है। फाइनल में चाइनीज ताइपे की टीम को 230-219 से हराया। इससे पहले भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में इंडोनेशियाई टीम को 233-229 से और क्वार्टर फाइनल में हॉन्गकॉन्ग को 231-220 से हराया। **स्क्वॉश:** दीपिका पल्लीकल- हरिंदर पाल सिंह ने मिक्स्ड डबल्स में गोल्ड जीता दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल सिंह ने मिक्स्ड डबल्स में मलेशिया की मोहम्मद शाफिक और आइफा अजमान की जोड़ी को 2-0 से हराया। **स्क्वॉश:** स्क्वैश मेंस सिंगल्स मैच में सौरव घोषाल को सिल्वर से संतोष करना पड़ा। उन्हें मलेशिया के इयान यो एनजी से 1-3 से हराया। सौरव ने पहला गेम 9-11 से जीता था। इसके बाद उन्हें लगातार तीन गेम में 11-9, 11-5 और 11-7 से हार मिली। **रेसलिंग:** विनेश की जगह जाने वाली अंतिम को मिला ब्रॉन्ज विमेंस 53केजी में अंतिम पंघल ने मंगोलिया की बैट-ओचिरिन बोलोरतुया को 3-1 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता।

### ब्रॉन्ज की उम्मीदें बरकरार

पूजा गहलोत 50केजी वेट कैटेगिरी के सेमीफाइनल में जापान की रेसलर के खिलाफ 10-0 से हार गई। अब पूजा ब्रॉन्ज मेडल के लिए मैच खेलेगी। वहीं, अंतिम पंघल को सेमीफाइनल में तीन बार की वर्ल्ड चैंपियन जापान की पहलवान अकारी फुजीनामी से हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले उन्होंने उज्बेकिस्तान जैस्मिना इमामेवा को 11-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। अंतिम अब ब्रॉन्ज के लिए मुकाबला खेलेंगी। 57 किलो वेट में मानसी को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। जबकि भारत के नवीन को 130 किलो ग्रीको रोमन इवेंट में साउथ कोरिया के पहलवान के खिलाफ ब्रॉन्ज मेडल मैच में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, विमेंस 50केजी फ्रीस्टाइल के ब्रॉन्ज मेडल मैच में पूजा गेहलोत को ब्रॉन्ज मेडल मैच में उज्बेकिस्तान की रेसलर केयूनिमजेवा एक्टेंगे के खिलाफ 9-2 से हार का सामना करना पड़ा। विमेंस 57केजी ब्रॉन्ज मेडल मैच में मानसी को उज्बेकिस्तान की लेयलोखोन सोबिरोवा ने कुछ ही सेकेंड में हरा दिया। मानसी 2-0 से हारी।

## सौगात : तुलबुल मध्य विद्यालय में डीप बोरिंग का विधायक ने किया शिलान्यास

# स्कूलों में शिक्षा का स्तर उठाने के लिए सुविधाओं का होना जरूरी : डॉ लंबोदर

आजाद सिपाही संवाददाता

**ललपनिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत तुलबुल मध्य विद्यालय में ओएनजीसी द्वारा जोर संस्था की ओर से डीप बोरिंग का शिलान्यास विधायक डॉ लंबोदर महतो और जिप अध्यक्ष सुनीता देवी ने संयुक्त रूप से किया। सर्वप्रथम स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा स्तर ऊपर उठने के लिए हर तरह की सुविधा होना अत्यंत आवश्यक है। स्कूल से संबंधित जो भी विकास के कार्य होंगे वह प्राथमिकता के आधार पर पूरे क्षेत्र में करेंगे। वहीं, बोकारो जिप अध्यक्षा सुनीता देवी ने कहा कि गर्मियों के दिनों में होने वाली पानी की किल्लत से अब बच्चों को राहत मिलेगी। इस मौके पर प्रिंसिपल अनोज प्रसाद गुप्ता, मुखिया ममता देवी, केंद्रीय सचिव राजेश विश्वकर्मा, उपमुखिया नरेश साव, समाजसेवी हेमंत केवट, फिकरू साव, मुकेश सोरेन, सुंदर रविदास, कोलेश्वर रविदास, मोहन नायक, बसंती देवी, विनय कुमार आदि उपस्थित थे।



डीप बोलिंग का शिलान्यास करते विधायक डॉ लंबोदर महतो व जिप अध्यक्ष सुनीता देवी।

## इंडस्ट्री मध्य विद्यालय में संचालित झरिया राज प्लस-2 भवन में चोरी

**धनसार (आजाद सिपाही)।** इंडस्ट्री मध्य विद्यालय में संचालित झरिया राज प्लस टू भवन में बुधवार की रात चोरों ने धावा बोलकर विद्यालय से करीब 90 हजार रुपए की सामग्री चोरी कर ली। गुरुवार की सुबह जब शिक्षक विद्यालय पहुंचे तो गेट में लगा ताला टूटा पाया। कार्यालय में रखें कंप्यूटर के दो मॉनिटर, बैटरी एवं इनवर्टर गायब थे। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मो इबादत अंसारी ने घटना की सूचना झरिया थाने को दी। सूचना मिलते ही पुलिस विद्यालय पहुंची और छानबीन शुरू की। शिक्षकों ने बताया कि विद्यालय परिसर में लगा मुख्य गेट का ताला सुरक्षित था। जिससे अनुमान लगाया जाता है कि चोरों का दल विद्यालय की चारदिवारी फांद कर विद्यालय में प्रवेश किया था। वहीं घटना की सूचना पाकर दर्जनों लोग व अभिभावक विद्यालय परिसर पहुंचे। उन्होंने विद्यालय में चोरी की घटना पर आक्रोश प्रकट किया।


## कार्यालय-जिला शिक्षा पदाधिकारी,चतरा

### कॉउसलिंग हेतु आवश्यक सूचना

Cont. No.000612/2022in Civil Appeal(C)NO. 4044 Of 2022Soni Kumari Vrs. K.Ravi Kumar में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 15.12.2022 को पारित न्यायदेश की कंडिका–4 एवं 5 के अनुपालन में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रॉची से प्राप्त अनुशंसा के द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची जिला के आधिकारिक वेबसाईट www.nic.chatra.in पर प्रकाशित की गई है।

सूचीवद्ध सभी अभ्यर्थी दिनांक 07.10.2023 को पूर्वाहन 09:00 बजे जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यालय, चतरा में अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षिणक एवं अन्य प्रमाण–पत्रों की मूलप्रति एवं सभी प्रमाण पत्रों की स्व0 अभिप्रमाणित प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
चतरा

PR 308430 School Education and Literacy(23-24).D


## महत्वपूर्ण न्यूज

### झामुमो की अनुशंगी इकाई किसान मोर्चा का विस्तार



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** इस्पात नगर स्थित बिरसा चौक में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की अनुसांगिक इकाई किसान मोर्चा का विस्तार किया गया है। झामुमो के केंद्रीय नेतृत्व के विनोद पांडेय ने नवनियुक्त पदाधिकारी बोकारो जिला अध्यक्ष मदन मोहन महतो, सचिव जेडी महतो, उपाध्यक्ष ज्योति लाल सोरेन, कोषाध्यक्ष बालेश्वर महतो और संगठन सचिव कार्तिक मांझी को मनोनित किया है। इससे उत्साहित नेताओं-कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष मदन मोहन महतो, जिला उपाध्यक्ष ज्योति लाल सोरेन, बुद्धिजीवी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सफी नियाज को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। अपने संबोधन में किसान मोर्चा के बोकारो जिला अध्यक्ष मदन मोहन ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन किसानों के हित कई कार्य कर रहे हैं। किसानों की एक लाख रुपये तक कर्ज माफी की योजना मील का पत्थर साबित होगा। किसानों के लिए वैकल्पिक खेती, कृषि यंत्र, पशुपालन, मत्स्य पालन, दुग्ध उत्पादन आदि क्षेत्रों में अनुदान की व्यवस्था कर किसानों की आय बढ़ाने का सफल प्रयास किया है। किसानों के हित में चलाए जा रहे सभी कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लागू करने और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए झामुमो किसान मोर्चा केंद्रीय और जिला समिति के निर्देशानुसार संगठन का विस्तार पंचायत स्तर तक किया जाएगा। इस मौके पर बुद्धिजीवी मोर्चा के पूर्व केंद्रीय सचिव दिनेश बेसरा, बुद्धिजीवी मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष अब्दुल रऊफ अंसारी, प्रदीप सोरेन, उकरीद मुखिया अजहर जी, अजीत मुर्मू, रुप लाल हांसदा सोहराय, अजीत मुर्मू, काली टुडू, अर्जुन महतो, शंकर महतो, भरत यादव, महेश टुडू, दुर्मिल यादव, राम दयाल सिंह, किशोर किस्कू, दुर्जेश यादव और सिताराम सोरेन आदि उपस्थित थे।

### कैंसर से पीड़ित झरिया के पत्रकार गोविंद शर्मा का निधन



**झरिया (आजाद सिपाही)।** पत्रकार गोविंद नाथ शर्मा का 56 वर्ष की आयु में गुरुवार की सुबह झरिया के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे कैंसर से पीड़ित थे। वे आपने पीछे पत्नी उषा देवी, पांच बेटियां सृष्टि शर्मा, सोनाली शर्मा, निधि शर्मा, लक्ष्मी शर्मा और प्रज्ञा शर्मा सहित बड़े भाई कन्हैया शर्मा, छोटे भाई महेश शर्मा, ब्रम्हा शर्मा, दो विवाहित बहन छोड़ गए है। दो पुत्रियों की शादी हो चुकी है। जबकि तीन का होना बाकी है। उनके निधन की खबर पाकर झरिया पत्रकार व शुभचिंतक उनके सिंदरी रोड स्थित आवास पहुंच गए। विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय, सुरज सिंह, पीएस अमित कुमार, भाजपा नेता राजकुमार अग्रवाल, विष्णु त्रिपाठी, अखिलेश सिंह, दिलीप भारती, डॉ मनोज सिंह, विजय बरवाल, पत्रकार बलवंत कुमार, राहुल मिश्रा, श्रवण पासवान, अशोक निषाद, बंटी जायसवाल, राकेश गुप्ता, इजहार आलम, जॉन मिर्जा, गुड्डू वर्मा, कमलेश सिंह, सतेंद्र चौहान, मनोज शर्मा, अभिम्यु कुमार, विरेंद्र वर्मन, हरेंद्र चौहान, कर्ण कुमार, अंजन सिन्हा, दीपक दूबे, बसंत मिश्रा, सन्नी शर्मा, रोबिन दत्ता सुमित अरोड़ा आदि ने उनके निवास पहुंच कर शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## सीएसआइआर प्रयोगशालाओं के प्रयास ने समाज के जीवन पर डाला सकारात्मक प्रभावः प्रो अरविंद

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के 82वीं स्थापना दिवस पर सीएसआईआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सिंफर) ने बुधवार को कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के निदेशक प्रो अरविंद कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों, प्रतिभागियों व उपस्थित अन्य लोगों का स्वागत किया। प्रो मिश्रा ने सीएसआईआर प्रयोगशालाओं के महत्व एवं प्रौद्योगिकी उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिकाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे इन सीएसआईआर प्रयोगशालाओं के प्रयासों ने समाज के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। सीएसआईआर-सिंफर के मुख्य वैज्ञानिक, डॉ जेके पांडेय ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन सह मैनेजिंग डायरेक्टर पीएम प्रसाद का परिचय दिया। वहीं, मैनेजिंग डायरेक्टर ने स्थापना दिवस भाषण में सीएसआईआर प्रयोगशालाओं के अमूल्य योगदान की सराहना की। उनके महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता दी, जो भारतीय वैज्ञानिक और औद्योगिक दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण है। देश में सीआईएल के योगदान और सीएसआईआर-सिंफर के साथ अपने अनुभवों को भी साझा किया। इसके बाद एक भावुक संवाद के साथ सीएसआईआर-सिंफरके सेवानिवृत्त एवं 25 वर्षों से अपनी सेवा सीएसआईआर को प्रदान कर रहे कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में सीएसआईआर-सिंफर के कर्मचारियों और उनके बच्चों ने अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। वहीं, अपने समापन भाषण में सीएसआईआर-सिंफर के मुख्य वैज्ञानिक जेके सिंह ने सभी प्रतिभागियों, मेहमानों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया और संगठन के मिशन की सफलता में उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। यह समारोह सीएसआईआर-सिंफर के समर्पण, भारतीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी और औद्योगिक विकास को आगे बढ़ाने व संस्थान के नवाचार, प्रगति और समाज पर गहरा प्रभाव डालने के निरंतर प्रयास का प्रमाण था।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी

### ई-अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अति अल्पकालीन निविदा संख्याः– **06/2023-24** दिनांक– 05.10.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन सख्या/पैकेज संख्या | पथ का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/KHUNTI/STPKG/07/2023-24 | जामुदाग से हिन्दडीह भाया जड़ेया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०–2.150 कि०मी०)।<br>जामुदाग रोड से तेलवाडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०–2.250 कि०मी०)।<br>एड्रमहातु (सोनाहातु) से सिगिद टोला भाया करमाटांड़ कांची पुल तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०–2.000 कि०मी०)।<br>सोनाहातु जामुदाग रोड से शत्रुघनडीह भाया सरियाद चोगा होते हुए तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०–7.420 कि०मी०)।<br>मुरूतडीह से हितजारा भाया बोन्दी चानकी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०–4.200 कि०मी०)।<br>बांकु से कर्मा टांड़ भाया हारीन तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०– 2.830 कि०मी०)<br>बुण्डू बन्ता रोड से पुरना नगर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०–3.750 कि०मी०)।<br>सिल्ली चांडील पथ से मानकीडीह भाया जीलींगसेरेंग तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०–1.410 कि०मी०) | 13,14,00,900.00 | तेरह करोड़ चौदह लाख नौ सौ रू० मात्र। | 9 माह। |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि– 10.10.2023।
3 ई– अति अल्पकालीन निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 18.10.2023 अपराह्न 5.00 बजे।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, खूँटी में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 19.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक ।
5 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी पिन–835210 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय 19.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6 निविदा खोलने की तिथि एवं समय 20.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे
7 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी, पिन–835210।
8 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०– 9431170803
9 निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/ राष्ट्रीयकृत बैंक/ अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी के पक्ष में एवं खूँटी में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी

PR 308437 Rural Work Department (23-24)_D


## तीन घर अचानक गिरे, दबी महिला को लोगों ने निकाला

### बीसीसीएल प्रबंधन कर रहा है रैयतों की अनदेखी : लखी सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** बस्ताकोला एरिया के राजापुर परियोजना से सटे दोबारी खाद में गुरुवार तड़के तीन रैयतो का घर अचानक भरभरा कर गिर गया। जिसमें कल्याणी देवी (50) नामक एक महिला दीवार से दब गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से उसे बाहर निकाला गया। उसकी हालत स्थिर है। वहीं सूचना पाकर पीड़ित रैयतो से मिलने झामुमो का एक प्रतिनिधि मंडल दोबारी खाद स्थित बस्ती पहुंचा। जहां स्थानीय रैयतों ने उनके समक्ष अपनी पीड़ा रखी। इस पर झामुमो के जिला अध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन इन रैयतों के साथ अनदेखी कर रहे हैं, जिसे हम लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। यहां 36 पीड़ित परिवार मौत के साए में रहने को विवश है। बीसीसीएल प्रबंधन की लापरवाही साफ नजर आ रही है। इस मुद्दे को लेकर धनबाद डीसी से एक प्रतिनिधि मंडल मिलेगा और स्थिति से अवगत करायेगा। वहीं, इस मामले को लेकर झरिया सीओ से फोन पर संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। मामले की लिखित शिकायत मिलने पर धनबाद के डीसी को इसकी जानकारी दी जाएंगी।


## न्यायालय जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी,लातेहार

### सूचना

एतद् द्वारा निम्नाकिंत नीलाम पत्र वाद के बकाया देनदारों को सूचित किया जाता है कि अपने नाम के सम्मुख कालम–9 में अंकित राशि अविलम्ब संबंधित बैंक में जमा कर अदेय प्रमाण पत्र अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में प्रस्तुत करे अन्यथा आपके विरूद्ध पब्लिक डिमांड रिकवरी एक्ट 1914 की धारा 3(3) के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत गिरफ्तारी वांरट/कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

| कम सख्या | वाद संख्या | वर्ष | बैंक का नाम/लेनदार का नाम | वाद का प्रकार | देनदार का नाम एवं पता | राशि | जमा | शेष राशि | दफा–7 का नोटिस |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 701 | 2022-23 | केनरा बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | मेसर्स सनराईज आटो, मो0 इरफान मिंया @ अंसारी, पिता सहादत अंसारी, 2. श्रीमती नसीना बोना, पति इरफान मिंया @अंसारी, ग्राम–मुरपा, थाना+पो0–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 1469850.00 | 0.00 | 1469850.00 | निर्गत |
| 2 | 1 | 2021-22 | केनरा बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | मायामाया ट्रेडर्स, प्रो0 राकेश कुमार शौंडिक, पिता अरूण प्रसाद, ग्राम–तापाखास, मेन रोड, लातेहार | 1298433.00 | 0.00 | 1298433.00 | निर्गत |
| 3 | 170 | 2021-22 | केनरा बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | पुजा भास्कर, पति विशाल भास्कर ग्राम–कीनामाड़, लातेहार, पो0+थाना+जिला– लातेहार। | 1124000.00 | 210000.00 | 914000.00 | निर्गत |
| 4 | 10 | 2020-21 | भारतीय स्टेट बैंक, भैसादोन, बालूमाथ | बैंक ऋण | रंजीत कुमार गुप्ता, पिता वाजो साव उर्फ बजरंगी साव, ग्राम–तेली टोला, बालूमाथ, पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 1056165.00 | 0.00 | 1056165.00 | निर्गत |
| 5 | 160 | 2020-21 | भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | पंकज स्टील, पिता अवधेश प्रसाद, ग्राम–धर्मपुर, पो0–लातेहार | 1105866.00 | 503293.00 | 602573.00 | निर्गत |
| 6 | 324 | 2018-19 | सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, बालूमाथ | बैंक ऋण | मलाकी तिर्की पिता दानियल तिर्की, ग्राम–चेताग, पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 1134713.00 | 637444.00 | 497269.00 | निर्गत |
| 7 | 322 | 2018-19 | सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, बालूमाथ | बैंक ऋण | सोमा उरांव, पिता स्व0 दुखन उरांव, ग्राम+पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 1037836.00 | 589343.00 | 448493.00 | निर्गत |
| 8 | 5 | 2021-22 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, टोरी, चंदवा | बैंक ऋण | उदय कुमार नाथ शाही पिता युगल किशोर नाथ साही, मो0 असगर खान, पिता मोइम खान, ग्राम–देवी मंडप रोड, चदंवा, पो0–चंदवा, ग्राम–चकला थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 1394960.00 | 0.00 | 1394960.00 | निर्गत |
| 9 | 6 | 2021-22 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, टोरी, चंदवा | बैंक ऋण | विजय कुमार नाथ शाही पिता युगल किशोर नाथ शाही, ग्राम–देवी मंडप रोड, चंदवा, पो0–चंदवा, थाना– चंदवा 2. मो0 मोहीब खान, पिता मो0 सरदार खान, ग्राम–चकला, पो0–चकला, चंदवा, जिला–लातेहार | 1221821.00 | 0.00 | 1221821.00 | निर्गत |
| 10 | 725 | 2022-23 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | शान्ति देवी पति रनअवतार सिंह, ग्राम–बेन्दी, पो0–लेधपा, थाना+जिला–लातेहार | 1196842.00 | 0.00 | 1196842.00 | निर्गत |
| 11 | 7 | 2014-15 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | परशुराम लोहरा, पिता कैल लोहरा, ग्राम–होटवाग, पो0–लेधपा, थाना+जिला–लातेहार | 1059409.63 | 442000.00 | 617409.63 | निर्गत |
| 12 | 8 | 2021-22 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | 1. महेन्द्र यादव, पिता मदन यादव, ग्राम–सबानो, पो0–उदयपुरा, थाना–लातेहार 2. रविन्द्र सिंह पिता रामजतन सिंह, ग्राम–डुरंगी खुर्द, पो0–लातेहार, थाना–लातेहार | 1022475.30 | 80000.00 | 942475.30 | निर्गत |
| 13 | 724 | 2022-23 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | शिवशंकर उरांव पिता जगेश्वर उरांव, ग्राम–इचाक, पो0–जालिम, ग्राम+जिला–लातेहार | 1020331.00 | 0.00 | 1020331.00 | निर्गत |

जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी,
लातेहार

PR 308443 District(23-24).D


## डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया विश्व शिक्षक दिवस

# गुरु-शिष्य की परंपरा भारतीय संस्कृति का एक अहम संबंध : बृजमोहन लाल

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** सेक्टर-6 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को विश्व शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने सभी शिक्षकों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय संस्कृति का एक अहम संबंध है। शिक्षक का स्थान ईश्वर से भी ऊपर माना गया है। वे हमें सही रास्ता दिखाते हैं। आज के दिन यूनेस्को की ओर से शिक्षकों की स्थितियों को सुधारने एवं उनके अधिकार, जिम्मेदारियों को सिखाने, उन्हें नए-नए तकनीकी ज्ञान देने के लिए हर वर्ष पांच अक्टूबर को विश्व शिक्षक दिवस मनाए जाने की बात की कही है। कहा कि शिक्षक हमेशा चाहते हैं कि उनका शिष्य सदा अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ता रहे। इसके लिए वे सदा प्रयासरत रहते हैं। देश के विकास व समाज के विकास में शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान है। आज के दिन हम सभी शिक्षकों को सम्मान करते हैं।

## न्यूज रील्स

### प्रियंका गांधी ने कहा एमपी में इडी नहीं पहुंचती

**धार।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने धार जिले के राजगढ़ में जन आक्रोश सभा में कहा कि मध्यप्रदेश में 18 साल में 250 से ज्यादा घोटाले हुए। ये जांच एजेंसियों को सबके घर भेज देते हैं। यहां इनके अधिकारियों, नेताओं के घर इडी क्यों नहीं पहुंची।

### जॉन फॉसे को साहित्य का नोबेल

**वॉशिंगटन।** साहित्य के क्षेत्र में 2023 का नोबेल पुरस्कार नॉर्वे के लेखक जॉन फॉसे को दिया गया। उन्हें उनके अभिनव नाटकों और गद्य के लिए इस सम्मान से नवाजा गया, जो अनकही की आवाज बनते हैं।

# सीएम में विपक्ष और विधानसभा का सामना करने का साहस नहीं है: जयनारायण मिश्र

- 7 कार्य दिवस तय किये गये हैं, वहीं राज्य सरकार ने कुल 7 घंटे विधानसभा चलने के बिना ही विधानसभा को बंद कर दिया।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** राज्य सरकार ने विधानसभा सत्र का संचालन पूरी तरह से नहीं किया है। मौजूदा विधानसभा के मानसून सत्र के लिए जहां 7 कार्य दिवस तय किये गये हैं, वहीं राज्य सरकार ने कुल 7 घंटे विधानसभा चलने के बिना ही विधानसभा को बंद कर दिया। विधानसभा को बंद कर सरकार भाग रही है। विधानसभा के मानसून सत्र को निर्धारित समय से एक दिन पूर्व ही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। विपक्ष के नेता जय नारायण मिश्र राज्य सरकार पर जमकर बरसे। पार्टी कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में मिश्र ने कहा कि 8 दिनों के इस सत्र को 7 दिन में ही समाप्त कर दिया गया। इन सात दिनों में सात घंटे भी सदन नहीं चल सकी। प्रतिपक्ष के सवालों का उत्तर देने में नाकाम होने के कारण सरकार ने विधानसभा को चलने नहीं दी। आश्चर्य की बात है कि मुख्यमंत्री, जिन्होंने 2019 के बाद से एक भी स्टार प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है, उन्होंने अचानक सदन में अपने निजी सचिव को सुरक्षा के लिए लिखित बयान पढ़ा। मुख्यमंत्री अपने निजी सचिव की रक्षा करने की हद तक गये और इतने आत्म-जागरूक हो गये कि उन्होंने विपक्ष को जनविरोधी कहने की हद तक चले गये। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। विपक्ष के नेता जयनारायण मिश्र ने सवाल किया कि जब जनता ने उन्हें चुनकर विधानसभा में भेजा तो विपक्षी विधायक जनविरोधी कैसे हो गये। मिश्र ने कहा कि एक भी कार्यस्थगन प्रस्ताव पर चर्चा होने नहीं दी गयी। राज्य में शिक्षा व स्वास्थ्य की बदहाल स्थिति आदि विषयों पर चर्चा नहीं होने दी गयी। सरकार में सचिव बड़ा है, या मंत्री बड़ा है। इस मुद्दे पर चर्चा के लिए भाजपा ने मांग की थी। इस संबंध में कार्यस्थगन प्रस्ताव भाजपा लायी थी, लेकिन राज्य सरकार ने इस पर भी चर्चा नहीं होने दी। कई संगठनों द्वारा अपनी मांगों को लेकर विधानसभा के सामने आंदोलन चल रहा है। उनकी मांगों पर भी चर्चा नहीं होने दी। आम तौर पर जब भी सदन में गतिरोध होता है, विधानसभा अध्यक्ष गतिरोध को समाप्त करने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाया जाता हैं, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। पहली बार इतिहास में उनकी यानी प्रतिपक्ष के नेता की माइक को बोलते समय बंद कर दिया गया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में विपक्ष के मुख्य सचेतक मोहन चरण माझी, नाउरी नायक, शंकर ओराम, प्रकाश सोरेन, डॉ. मुकेश, आदित्य माधी, के. नारायण, नित्यानंद, भवानी, भास्कर, सनातन बिजुली, ई. गणशराम खुंटिया डॉ बुधन, सूरज, प्रदेश प्रवक्ता मनोज प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## लक्ष्मण सिंह ने चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक की



भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**राजधनवार।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण सिंह ने बरजो में भाजपा कार्यकर्ताओं, पंचायत संयोजकों और बूथ प्रभारियों के साथ आगामी चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक की। सिंह ने बैठक में सभी को अंतिम व्यक्ति तक जाने, उनकी समस्याओं से अवगत होने, यथासंभव समस्या समाधान में सहयोग करने तथा जरूरत अनुसार उन्हें भी अवगत कराने और सहयोग लेने का निर्देश दिया। बूथ प्रभारियों व पंचायत संयोजकों को जनता के बीच मोदी सरकार के साढ़े नौ वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों की भी चर्चा करने तथा प्रधान मंत्री द्वारा चलायी जा रही गरीब जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने को कहा। कहा कि केंद्र और राज्य में पुनः भाजपा की सरकार बनानी है। इसके लिए सभी को अभी से ही कमर कस लेनी है, ताकि आगामी चुनाव में पार्टी को भारी बहुमत से जीत हासिल हो सके। कुछ कार्यकर्ताओं ने उन्हें अपनी अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया।

## रेलवे संरक्षा कर्मचारी सम्मानित



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** इंजीनियरिंग विभाग के ट्रैक मेंटेनर /मुनिगुडा टप्पू दास, परिचालन विभाग के पॉइंट्समैन / रेंगाली, नबीन कुमार माझी, इलेक्ट्रिकल (परिचालन) विभाग संबलपुर के लोको पायलट (गुड्स) अनुपम सरकार, सहायक लोको पायलट बी सिंघा, लोको पायलट (माल) डीपी बेहरा और सहायक लोको पायलट एके पांडे को संरक्षा में उनकी सतर्कता और संरक्षा के नियम और विनियम की जानकारी एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। पूर्व तट रेलवे, संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह ने अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक तन्मय मुखोपाध्याय, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) तत्वदर्शी साहू, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (परिचालन) बिनायक बेहरा, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी एसएस नायक और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में उन्हें उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

## एमसीएल जागृति महिला मंडल ने घरेलू कामकाज करनेवाली महिलाओं को छाता वितरण किया



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** जागृति महिला मंडल के समर्पण परियोजना के तहत जागृति विहार कालोनी में घरेलू कामकाज करनेवाली महिलाओं को छाता वितरण किया। जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह ने तीन उपाध्यक्षाओं सरिता पटेल, अल्पना शुक्ला राव और अंजली बापट की उपस्थिति में महिलाओं को धूप व बारिश में बचने के लिए छाता वितरण किया। जागृति महिला मंडल की अध्यक्ष पद्मजा सिंह ने कहा कि धूप व बारिश से बचने के लिए मंडल ने घरेलू कामकाज करने वाली महिलाओं को छाता वितरण किया है जिससे उन्हें अपने दैनिक जीवन में आवाजाही करने में सहूलियत होगी ।

## एनएचएआइ और अग्रवाल इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया



**भूवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर, पूरे देश में स्वच्छता दिवस को उत्साह के साथ मनाने के लिए जनता के साथ-साथ कई सरकारी संगठनों ने 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम में भाग लिया है। इस अवसर का जश्न मनाने के लिए अग्रवाल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी और एनएचएआई द्वारा भुवनेश्वर में एक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम एम्स भुवनेश्वर के पास सर्विस रोड के दोनों किनारों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया है। इस कार्यक्रम में बीरेंद्र आरओ ओड़िशा, प्रताप परियोजना निदेशक (पीडी) ब्रह्मपुर एनएचएआई, एआईपीएल, एवीपी बी रामचंद्रन और परमेश्वर सुरक्षा प्रबंधक सहित 100 से अधिक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## शांतिपूर्ण ढंग से दुर्गा पूजा संपन्न कराया जायेगा



**भूवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** इस साल भुवनेश्वर में 183 स्थानों पर दुर्गा पूजा हो रहा है। दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस कमिश्नरेट की तैयारी बैठक। दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कमिश्नरेट पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। मेलोडी कार्यक्रम को रात 10 बजे के बदले रात 12:00 बजे तक पूरा करने का आदेश दिया गया है। इसके अलावा, यह सलाह दी जाती है कि बिसर्जन पर कंपन करने वाले साउंड का उपयोग न करें।

# एनटीपीसी ने पहला इंट्रा रीजन पावर क्विज आयोजित की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भूवनेश्वर।** एनटीपीसी लिमिटेड पूर्वी क्षेत्र- दो का पहला इंट्रा रीजन पावर क्विज -2023 04 अक्टूबर को होटल मेफेयर में सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस क्विज प्रतियोगिता में तालचेर-कनिहा, तालचेर थर्मल, बोंगाईगांव, दर्लिपल्ली और उत्तरी करणपुरा की कुल 11 टीमों ने भाग लिया। इस पावर क्विज का मुख्य उद्देश्य बदलते शक्ति परिदृश्य में अधिकारियों की जागरूकता और ज्ञान स्तर का आकलन करने के साथ-साथ शक्ति पेशेवरों को उभरते व्यापार परिदृश्य, ऊर्जा परिवर्तन और बदलते वैश्विक परिदृश्य के बारे में जागरूक करना है और अधिकारियों को अपने ज्ञान और कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच भी प्रदान करना है। क्षेत्रीय पावर क्विज 2023 का आयोजन क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पूर्व क्षेत्र दो के पार्थ मजूमदार के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक किया गया और इसका उद्घाटन एन.एस. राव, कार्यकारी निदेशक (टीएसटीपीएस) ने किया। इस अवसर पर सीजीएम (बोंगाईगांव) करुणाकर दास भी उपस्थित थे। प्रश्नोत्तरी का संचालन के. एम. प्रशांत जीएम (एचआर.) एनटीपीसी-कांति द्वारा किया गया था। प्रश्नोत्तरी के दौरान हरित हाइड्रोजन, सौर और पवन ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण, नयी और नवीन प्रौद्योगिकियां, सुधार पहल और अभिनव व्यापार मॉडल पर विषयों को शामिल किया गया। एस. वेंकटेश्वरलू, डीजीएम (ऑपरेशन) और पी. कृष्ण किशोर, डिप्टी मैनेजर तालचेर कनिहा के प्रबंधक (संचालन) को विजेता घोषित किया गया, जबकि तालचेर थर्मल के एजीएम (एचआर./आरएंडआर) समित देब और डीजीएम (इंजीनियरिंग सेवा) अरुण ए. थाचिल को प्रथम उपविजेता और निशांत (संचालन) और पंकज सक्सेना डिप्टी मैनेजर दरलीपल्ली (संचालन) को दूसरा उपविजेता घोषित किया गया।

प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को क्रमशः रु. 5,000/-, रु. 4,000/- और रु. 3,000/- के नकद पुरस्कार के अलावा प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये।





































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**